*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 289

पौधा लगाने के साथ बचाने का भी संकल्प लें : हेमंत सोरेन



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxliary Nurshing And Midwfery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## हेमंत कैबिनेट का बड़ा फैसला, 37 प्रस्तावों को मंजूरी

# किसानों का दो लाख रुपये तक ऋण माफ

- ग्राम प्रधानों को दी जानेवाली सम्मान राशि दोगुनी बढ़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके तहत किसानों का वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऋण माफी योजना की सीमा को 50 हजार रुपये से बढ़ा कर दो लाख रुपये किया गया है। वहीं, पारंपरिक ग्राम प्रधानों को दी जानेवाली सम्मान राशि को दोगुना करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बिहार राज्य परिवहन निगम के 619 कर्मियों को समायोजित करने, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना के लिए दिशा निर्देश, मुख्यमंत्री मंईयां योजना अब ऑफलाइन आवेदन स्वीकृत करने समेत अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**अब तक 4.73 लाख किसानों ने उठाया है लाभः**
झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक 4.73 लाख किसानों का 1900.35 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया गया। सरकार ने दो लाख रुपये तक कृषि ऋण माफी की घोषणा की थी। इस संबंध में 14 जून को राज्य स्तरीय समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक के निर्णय के आलोक में कैबिनेट ने ऋण माफी योजना में संशोधन किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दो लाख रुपये तक ऋण माफ किये जायेंगे। इसका कट ऑफ डेट 31 मार्च 2020 रखा गया है। इस पर लगभग 750 करोड़ व्यय होने की संभावना है।




### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड कार्यपालिका नियमावली में संशोधन।
- डीएसपी एक्ट को छोड़ सभी मामलों को मंत्रिमंडल विभाग देखेगा।
- विधायक इंद्रजीत महतो के इलाज पर हो रहे खर्च को घटनोत्तर मंजूरी।
- मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना के दिशा निर्देश को मिली मंजूरी।
- एमजीएम अस्पताल में दो संविदा कर्मी को नियमित किया गया।
- नर्सिंग परीक्षा नियमावली में संशोधन।
- मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना के दिशा निर्देश को मंजूरी।
- कोडरमा-चाइबासा में 100 बेड के मेडिकल कॉलेज के लिए पद सृजन को मंजूरी।
- झारखंड सांख्यिकी सेवा नियमावली में संशोधन।
- देवघर के पलोजोरी में 31 एकड़ जमीन 16 करोड़ की राशि में ईसीएल को दी गयी।
- जिला योजना अनावध नियमावली में संशोधन।
- वनारक्षी संवर्ग के 1315 पदों का प्रत्यर्पण कर नये पद सृजन को मंजूरी।
- अवर वन क्षेत्र कर्मी नियमावली को मंजूरी।
- दुमका के मसलिया एवं रानीश्वर में लिफ्ट सिंचाई योजना में संशोधन।
- मुख्यमंत्री सौर ऊर्जा उद्भव सिंचाई योजना को मंजूरी।
- विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम के लिए इवेंट मैनेजमेंट के लिए 7 करोड़ की राशि की घटनोतर मंजूरी।
- एयर एंबुलेंस की वर्तमान दरों में संशोधन, कम की गयी राशि, सरकार द्वारा संचालित है योजना।
- मुख्यमंत्री सचिवालय में विधिक कोषांग के गठन को मंजूरी।
- बिरसा फसल बीमा योजना होगी शुरू। कार्यक्रम के लिए 30 करोड़ की मंजूरी।

### मानकी और परगनैत को 6000 रुपये मिलेंगे

कैबिनेट ने झारखंड के पारंपरिक ग्राम प्रधानों को दी जानेवाली सम्मान राशि बढ़ाने की मंजूरी दी। राज्य सरकार ने परंपरागत पदाधिकारी मानकी, परगनैत, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा, पराणिक, जोगमांझी, कुड़ाम नायकी, नायकी, गोड़ैत, मूल रैयत, ग्रामीण दिउरी (पुजारी), पहड़ा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घटवाल और तावेदन को देय सम्मान राशि में दोगुनी बढ़ोत्तरी का फैसला किया है। मानकी और परगनैत को 6000 रुपये और मुंडा एवं ग्राम प्रधान को 4000 रुपये सम्मान राशि दी जायेगी। अन्य पारंपरिक ग्राम प्रधानों को 2,000 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। पारंपरिक ग्राम प्रधानों की सम्मान राशि में वृद्धि से राज्य सरकार के कोष पर प्रतिवर्ष 44.79 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ने का अनुमान लगाया गया है।

# आज बांग्लादेश में 15 सदस्यीय अंतरिम सरकार शपथ लेगी

- चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस देश लौटेंगे
- शेख हसीना जा सकती हैं यूएइ-सऊदी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच गुरुवार को रात साढ़े 8 बजे नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। आर्मी चीफ वकार-उज-जमान ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नयी सरकार में 15 सदस्य होंगे। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस भी गुरुवार को पेरिस से बांग्लादेश लौटेंगे। दूसरी तरफ, सूत्रों ने दावा किया है कि लंदन में पनाह न मिलने के बाद शेख हसीना यूएइ, सऊदी अरब या फिनलैंड जा सकती हैं। वहीं हसीना के बेटे वाजेद जॉय ने कहा है कि उन्होंने किसी दूसरे देश से पनाह नहीं मांगी है। हसीना अभी भारत में ही रहेंगी। वह हिंसा के बीच 5 अगस्त को बांग्लादेश छोड़ कर भारत पहुंची थीं।

**नेताओं की हत्या की गयीः** बांग्लादेश में हसीना की पार्टी अवामी लीग और उनके सहयोगी दलों से जुड़े करीब 29 नेताओं की हत्या कर दी गयी। बांग्लादेशी एक्टर शांतो खान और उनके पिता सलीम खान को भी भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला। सलीम अवामी लीग पार्टी से जुड़े थे। बांग्लादेश में सुरक्षा कारणों के चलते वहां से भारतीय दूतावास के 190 कर्मचारियों को निकाला गया है।

### बीते दो दिनों में इन इलाकों में हिंदुओं को बनाया गया निशाना

- ढाका- धानमंडी में कलाकार और बैंड जोलर गान के फ्रंटमैन राहुल आनंदा का घर।
- चटगांव- रावजान उपजिले में दो हिंदुओं के घर।
- शरियतपुर- धानुका मनसा बारी मंदिर।
- दिनाजपुर- सेंटर श्मशान घाट और पार्वतीपुर उपजिला के काली मंदिर समेत पांच मंदिर।
- चिरीरबंदर उपजिला- कुछ हिंदू परिवारों के घर।
- बिरमपुर उपजिला- घर और दुकानें।
- बोचागंज उपजिला - कई हिंदू परिवार।
- पटुआखाली- कुआकाटा में एक मंदिर और हिंदू समुदाय के दो घर।
- कोलापारा नगरपालिका- मेयर बिपुल हलधर का घर।
- बरिशाल- गौरानदी उपजिला में दुकान, महिलाओं के घर, कटपट्टी, चौकबाजार और बाजार रोड इलाकों में भी।
- बोगुरा- गबटोली उपजिला के पालपारा गांव में हिंदू घरों में आगजनी।
- लालमोनिरहाट सदर उपजिला- तेलीपारा गांव में लालमोनिरहाट पूजा उद्जापन परिषद के सचिव प्रदीप चंद्र रॉय का घर, थाना रोड में पूजा उद्योग परिषद के नगरपालिका सदस्य मुहिन रॉय की कंप्यूटर दुकान।कालीगंज उपजिला- चंद्रपुर गांव में चार हिंदू परिवारों के घर।
- हातिबंधा उपजिला - पुरबो सरदुबी गांव में 12 हिंदुओं के घर।
- पंचगढ़ सदर उपजिला- कई हिंदुओं के घर।
- दिनाजपुर शहर और अन्य उपजिले- कम से कम 10 हिंदुओं के घर।
- दिनाजपुर- रेलबाजारहाट स्थित मंदिर, बिराल उपजिले, गुंजाबारी, गुंजाबारी और बाराबंदर क्षेत्र में घर।
- खानसामा उपजिला- तीन हिंदुओं के घर।
- लक्ष्मीपुर - दो मंजिला इमारत।
- खुलना- घर।
- गौरानाडी (बरिशाल)- घर।
- बोगुरा- सथमथा और सोनाटोला में एक गोदाम और दुकान।
- पटुआखाली- एक हिंदू घर और मंदिर, अनंत मुखर्जी का घर।
- शेरपुर- श्रीबोर्डी उपजिला में जुबो ओइक्या परिषद के अध्यक्ष का घर।
- नरसिंगडी- घर और कार्यालय।
- किशोरगंज- कुलियारछार में दो हिंदुओं के घर।
- जशोर- भगरपाड़ा के नारिकेलबरिया में चेयरमैन बाबुल साहा का गोदाम, हिंदू समुदाय की 22 दुकानें और कई घर।
- सतखीरा- कोलारोआ क्षेत्र में कई दुकानें।
- हबीगंज- शाइस्तागंज उपजिले में दुकान।
- नरैल- लोहागरा उपजिले में हिंदुओं के घर।

### न्यूज रील्स

**दिल्ली कोचिंग हादसा, सीबीआइ ने जांच शुरू की**

नयी दिल्ली। सीबीआइ ने बुधवार को नयी दिल्ली के कोचिंग बेसमेंट में हुई मौतों की जांच शुरू की। सीबीआइ ने तय प्रक्रिया के तहत राउज स्टडी सर्कल के मालिक अभिषेक गुप्ता के खिलाफ फिर से मामला दर्ज किया है। इससे पहले दिल्ली हाइकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआइ ने मंगलवार देर शाम दिल्ली पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया। सीबीआइ ने गुप्ता पर गैर इरादतन हत्या, लापरवाही से मौत, स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, लापरवाही भरा आचरण और सामान्य इरादे का मामला दर्ज किया है। दिल्ली हाइकोर्ट ने 2 अगस्त को मामले की सुनवाई के दौरान छात्रों की मौत पर पुलिस और दिल्ली नगर निगम को फटकार लगायी थी।

RC UNIVERSITY ESTD 2018
RCU
RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY
Bishrampur, Palamu, Jharkhand
Established by Government of Jharkhand, Act No. 10,2018 & Approved by the UGC U/S 2(f) of UGC Act, 1956





Mr. Ramchandra Chandravanshi
Chairman - RCWT

APPROVED & RECOGNIZED
University Grants Commission
National Medical Commission
All India Council for Technical Education
Pharmacy Council of India
Paramedical Council of Jharkhand
Indian Nursing Council
National Council for Teacher Education

SALIENT FEATURES
- Most updated and Modern Laboratories.
- Experienced and Motivated Faculty.
- Classrooms / Smart Classrooms.
- Transport facility for students & staff.
- Wi-Fi- enable campus
- On campus ATM and Bank Facility.
- Excellent indoor and outdoor stadiums for games & fitness.
- Training & Placement Cell .
- Industrial Visit.
- 450 bedded Hospital..


SPORTS


SEMINAR


LABORATORY


PLACEMENT


SCIENCE LABORATORY

COURSES OFFERED

FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
- Diploma in Engineering ME, EEE, CIVIL Regular and Lateral Entry
- B.Tech (Bachelor in Technology) ME, EE, CSE, ECE, CIVIL Regular and Lateral Entry
- University Department of Engineering
- B.Tech in Civil Engineering & Structural, Computer Science & Information Technology, Mechanical Engineering & Planning
- M.Tech. (Master of Technology) CE, CSE, ME, EEE, ECE

FACULTY OF MEDICINE
- B.Sc. Nursing
- Post Basic B.Sc. Nursing
- M.Sc. Nursing
- GNM
- ANM
- B.Sc. (MLT)
- DMLT
- OT Tech
- X-Ray Tech
- Dresser
- D.Pharma
- B.Pharma
- BPT
- MBBS

FACULTY OF EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION
- B.Ed.
- M.Ed.
- D.El.Ed.
- B.P.Ed.
- Diploma in Yoga

FACULTY OF ARTS & HUMANITIES
- B.A. (4 Years UG Program)
- M.A. (All Subject)
- D. Lib.
- B. Lib.
- M. Lib.

FACULTY OF SCIENCE
- B.Sc. (4 Years UG Program)
- M.Sc. (All Subject)
- BCA
- MCA
- PGDCA

FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT
- B.Com. (4 Years UG Program)
- M.Com.
- BBA
- MBA
- MARD

Note:- Ph.D admissions (A.Y. 2024-25) going on as per revised UGC Norms.

2024-2025 ADMISSION OPEN

OUR SUMMER TRAINERS AND RECRUITERS...
HERO ELECTRIC The smart move, BAJAJ, MITSUBA, Subros, SNL BEARINGS LIMITED, HCL, UTL सोलर, TECHNO, MACHINE INDIA, TATA MOTORS, ADITYA BIRLA GROUP, JK Cement LTD., IBM, flipkart, TATA STEEL, amazon, BSNL, BGR

Campus : Bishrampur, Palamu 822132 - Jharkhand | Admission Helpline : +91 7467034524, 7481034518, 7482034501
E-mail : info.rcu.edu.in | Website : www.rcu.edu.in

Sd./
Registrar

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,100 रु./10 ग्राम
चांदी 82,000 रु./प्रति किलो



# नये विवाद के दलदल में झारखंड भाजपा की गाड़ी

- विभिन्न मोर्चों के गठन के बाद पार्टी के भीतर और बाहर उठ रहे हैं सवाल
- युवा से लेकर किसान मोर्चा तक में नहीं मिला है पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व
- दुमका समेत पांच जिलों को नहीं मिला किसी भी मोर्चे में एक भी स्थान
- रांची को सभी मोर्चों में लगभग 44 फीसदी प्रतिनिधित्व, संथाल, कोल्हान उपेक्षित

झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच इन दिनों एक विवाद सियासी फिज्जा में तैर रहा है। यह विवाद झारखंड की सत्ता फिर से हासिल करने की कोशिश में जुटी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी, यानी भाजपा की प्रदेश इकाई को लेकर है। पार्टी ने राज्य में अपने चुनावी अभियान को धारदार बनाने के उद्देश्य से विभिन्न मोर्चों का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से इन मोर्चों के अध्यक्षों ने अपनी-अपनी टीम की सूची जारी की है। विवाद इन सूचियों पर छिड़ गया है और इससे झारखंड भाजपा के विभिन्न मोर्चों की किरकिरी हो रही है। यह विवाद अनुचित भी नहीं है, क्योंकि इन सभी सूचियों को देखने से साफ होता है कि पार्टी के मोर्चों में प्रदेश के सभी जिलों का प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इतना ही नहीं, कम से कम पांच ऐसे जिले हैं, जिन्हें किसी भी मोर्चे में कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। वहीं हर कमेटी में रांची का दबदबा साफ देखा जा रहा है। अकेले रांची ने सभी मोर्चों में लगभग 43 फीसदी सीटों पर कब्जा जमा लिया है। पार्टी के भीतर और बाहर भी यह चर्चा हो रही है कि इन मोर्चों की सूची प्रदेश मुख्यालय में बैठ कर तैयार कर ली गयी है और इनमें अधिकांश जगह उन नेताओं को दी गयी है, जो या तो मुख्यालय में ही जमे रहते हैं या फिर काम से अधिक गणेश परिक्रमा में भरोसा करते हैं। इन सूचियों के कारण पार्टी के अंदर गुटबाजी भी शुरू हो गयी है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। क्या है भाजपा के इन मोर्चों के गठन की हकीकत, किस तरह की गड़बड़ी की बात सामने आ रही है और इसका क्या परिणाम हो सकता है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की झारखंड प्रदेश इकाई की गाड़ी इन दिनों गंभीर विवाद के दलदल में फंस गयी है। झारखंड की सत्ता को एक बार फिर से हासिल करने के लिए जीन-जान से जुटी पार्टी और इसके नेतृत्व के सामने यह विवाद अनायास ही पैदा नहीं हुआ है, बल्कि ऐसा लगता है कि इसे जान-बूझ कर एन चुनाव से पहले पैदा किया गया है। यह विवाद है पार्टी के मोर्चों के गठन की। हाल ही में झारखंड भाजपा ने अपने सात मोर्चों का गठन किया है और इसमें जिलों के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## भाजपा के भीतर सात मोर्चे हैं

भारतीय जनता पार्टी के अंदर सात मोर्चा हैं। इनमें अल्पसंख्यक मोर्चा, किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा शामिल हैं। ये सभी मोर्चे पार्टी के भीतर अनुषंगी इकाई के रूप में काम करते हैं और केंद्रीय स्तर पर भी इनके संगठन हैं। ये मोर्चे ग्रास रूट स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र में काम करते हैं। जैसे महिला मोर्चा महिलाओं के बीच और युवा मोर्चा युवाओं के बीच काम करता है।

## क्या हुआ है झारखंड में

झारखंड में बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले मोर्चा के अध्यक्षों को इधर-उधर किया गया था, लेकिन अधिकांश मोर्चा के अध्यक्ष पुराने ही रह गये। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष बदले गये, जबकि किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा और ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष पुराने ही रह गये। चार दिन पहले इन लोगों में से पांच ने अपनी-अपनी टीम को पुनर्गठित किया है, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुहर लगायी है। इनमें महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और ओबीसी मोर्चा हैं। इसी पुनर्गठन को लेकर विवाद पैदा हुआ है। कहा जा रहा कि इन मोर्चों में न तो जिलों को समुचित प्रतिनिधित्व दिया गया है और न सक्षम लोगों को रखा गया है। इतना ही नहीं, हर मोर्चे में रांची को जरूरत से अधिक प्रतिनिधित्व दिया गया है।

## पांच जिलों को किसी भी मोर्चे में जगह नहीं

विवाद की शुरुआत इस बात को लेकर हुई है कि पांच जिलों को किसी भी मोर्चे में जगह नहीं मिली है। ये जिले हैं सिमडेगा, कोडरमा, सरायकेला-खरसावां, दुमका और साहिबगंज। सरायकेला-खरसावां जिला पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का गृह क्षेत्र है, जबकि दुमका राज्य की उपराजधानी है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद हैं, जबकि पार्टी जिस घुसपैठ को इस चुनाव में अपना सबसे बड़ा हथियार बना रही है, उससे सबसे अधिक प्रभावित साहिबगंज भी है। सिमडेगा को आदिवासियों का गढ़ माना जाता है। इन जिलों को किसी भी मोर्चे में कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिलना पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।



## सबसे अधिक प्रतिनिधित्व रांची को

इन पांच मोर्चों में अध्यक्ष को मिला कर कुल 108 लोगों को शामिल किया गया है। इनमें सबसे अधिक 45 लोग रांची के हैं, जबकि चतरा और धनबाद के आठ-आठ लोग इन पांच मोर्चों में हैं। इसके अलावा इन मोर्चों में जमशेदपुर से सात, पलामू और बोकारो के छह-छह, गिरिडीह के पांच, हजारीबाग और जामताड़ा के चार-चार, चाइबासा, लातेहार, देवघर और गोड्डा के दो-दो और खूंटी, गुमला, लोहरदगा, गढ़वा, रामगढ़ और पाकुड़ के एक-एक नेता को जगह मिली है।

## महिला मोर्चा में 14 जिलों को कोई प्रतिनिधित्व नहीं

सबसे अधिक आश्चर्य महिला मोर्चा को लेकर हुआ है। आरती सिंह इसकी अध्यक्ष हैं। उन्होंने अपनी टीम में 21 महिलाओं को जगह दी है, लेकिन 14 जिलों का कोई प्रतिनिधि इस मोर्चे में नहीं है। महिला मोर्चे में रांची की 12 महिलाएं हैं, जबकि पलामू की दो और चाइबासा, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, पाकुड़ और गोड्डा की एक-एक महिलाएं इसमें शामिल हैं।

## युवा मोर्चा में भी 14 जिलों का प्रतिनिधि नहीं

इसी तरह युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज ने अपनी 19 सदस्यीय टीम में खुद को मिला कर रांची को सात सीटें दी हैं, जबकि चतरा को तीन और जमशेदपुर और धनबाद को दो-दो सीटें दी गयी हैं। इस मोर्चे में खूंटी, सिमडेगा, चाइबासा, सरायकेला-खरसावां, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, देवघर, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़ और गोड्डा को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है।

## भाजपा के पांच मोर्चों में जिलों का प्रतिनिधित्व

| जिला | महिला मोर्चा (22) | किसान मोर्चा (18) | युवा मोर्चा (20) | एससी मोर्चा (26) | ओबीसी मोर्चा (23) | कुल (108) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 12 | 07 | 07 | 10 | 09 | 45 |
| सिमडेगा | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| सरायकेला-खरसावां | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| कोडरमा | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| दुमका | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| साहिबगंज | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |

## किसान मोर्चा पर भी रांची का कब्जा

झारखंड भाजपा के किसान मोर्चा के अध्यक्ष पवन साहू हैं। नवगठित समिति में उन्हें मिला कर 18 सदस्य हैं। इनमें से सात रांची के हैं, जबकि हजारीबाग के चर्चित व्यवसायी टोनी जैन समेत दो सदस्य इसमें हैं। इनके अलावा खूंटी, जमशेदपुर, पलामू, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा और गोड्डा के एक-एक प्रतिनिधि इस मोर्चे में शामिल किये गये हैं। इस कमेटी में 13 जिलों का कोई प्रतिनिधित्व ही नहीं है।

## अनुसूचित जाति मोर्चा में 12 जिलों को प्रतिनिधित्व नहीं

झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा में अध्यक्ष किशुन दास समेत 26 सदस्य हैं। इनमें से 10 तो अकेले रांची के हैं, जबकि 12 जिलों का एक भी प्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं है। किशुन दास सिमरिया से विधायक हैं और उन्होंने अपने मोर्चे में धनबाद को तीन स्थान दिया है, जबकि चतरा और बोकारो के दो-दो लोग इसमें शामिल किये गये हैं। जिन जिलों को इस मोर्चे में जगह नहीं मिली है, उनमें खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, चाइबासा, सरायकेला-खरसावां, गढ़वा, कोडरमा, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और गोड्डा शामिल हैं।

## ओबीसी मोर्चा में भी रांची का दबदबा

झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव बनाये गये हैं। उन्होंने अपनी टीम का पुनर्गठन किया है और इसमें 22 सदस्यों को शामिल किया है। यदि जिलावार प्रतिनिधित्व देखा जाये, तो इस मोर्चे में भी रांची का दबदबा है। रांची के आठ लोगों को इस मोर्चे में जगह दी गयी है। ओबीसी मोर्चे में जमशेदपुर के तीन, बोकारो-हजारीबाग के दो-दो और लोहरदगा, चाइबासा, पलामू, लातेहार, गिरिडीह, धनबाद, देवघर और जामताड़ा को एक-एक सीट मिली है। 12 जिलों से कोई प्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं किया गया है।

## रांची, पलामू, गिरिडीह और धनबाद को हर मोर्चे में जगह

इन पांच मोर्चों के पदधारियों की सूची से यह बात भी साफ हो जाती है कि राज्य के 24 में से केवल चार जिले ऐसे हैं, जिन्हें हर मोर्चे में जगह मिली है। ये जिले हैं, रांची, पलामू, गिरिडीह और धनबाद। जमशेदपुर और चतरा को चार-चार मोर्चों में जगह मिली है, जबकि हजारीबाग और बोकारो को तीन-तीन मोर्चों में प्रतिनिधित्व मिला है। अगर देखा जाये, तो हर मोर्चा राज्य के 24 जिलों में से सिर्फ दस या बारह जिलों में सिमट गया है।

## असंतोष के स्वर तेज

झारखंड भाजपा में इन मोर्चों के गठन को लेकर असंतोष के स्वर तेज हो गये हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि ग्रास रूट लेवल के कार्यकर्ताओं को मोर्चों में भी स्थान नहीं मिलेगा, तो उनके भीतर का उत्साह खत्म हो जायेगा। इतना ही नहीं, हर मोर्चे में रांची के दबदबे पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। प्रदेश मुख्यालय होने के कारण रांची के लोगों को ज्यादा तरजीह दी गयी है, लेकिन छोटे कार्यकर्ताओं का कहना है कि मोर्चों में रांची के लोगों को अधिक प्रतिनिधित्व देना कहीं से भी उचित नहीं है। उदाहरण के लिए वे अनुसूचित जाति मोर्चा का नाम गिनाते हैं, जिसमें रांची के नौ सदस्यों को रखा गया है, जबकि रांची में केवल एक सीट कांके अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इसी तरह सरायकेला-खरसावां को किसी भी मोर्चे में एक भी स्थान नहीं दिया जाना यह साबित करता है कि यहां पार्टी का संगठन ढीला-ढाला है। कोडरमा में सांसद महिला हैं, लेकिन वहां का कोई नेता किसी भी मोर्चे में शामिल नहीं है। मोर्चों के गठन में दुमका की उपेक्षा पर भी गंभीर प्रतिक्रिया हुई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक तरफ पार्टी आदिवासी इलाके में अपनी स्थिति सुधारना चाहती है, तो दूसरी तरफ मोर्चों के गठन में कोल्हान और संताल परगना की उपेक्षा कर रही है। ऐसे में पार्टी की गाड़ी कैसे स्पीड पकड़ेगी।

---

# गिरिडीह के अनिल हत्याकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** पुलिस ने जमीन कारोबारी अनिल यादव हत्याकांड का उद्भेदन कर प्रमुख आरोपित बैजू रविदास को गिरफ्तार कर लिया है। आक्रोशित लोगों ने बुधवार की सुबह जब आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह टावर चौक के पास जाम लगा दिया, तब मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी हो गयी है। इसकी पुष्टि एसपी ने की है। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम हटा लिया।

जानकारी के अनुसार एसपी दीपक कुमार शर्मा ने एसआइटी का गठन किया था। टीम ने भी तुरंत छापेमारी शुरू कर दी और कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने के बाद हत्याकांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद हो गया है। साथ ही जिस वाहन से शव को पीरटांड़ इलाके में फेंका गया था, उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पैसे की लेनदेन को लेकर हत्या हुई है। आरोपित के साथ अनिल का विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी।

बता दें कि मंगलवार की शाम पीरटाड़ थाना क्षेत्र में प्लास्टिक के बंद बोरे में शव मिला था, जिसकी शिनाख्त अनिल यादव के रूप में हुई थी। आरोपित बैजू रविदास सरिया में सरकारी सेवक के रूप में कार्यरत है।

# जेबीकेएसएस ने चुनाव के लिए उम्मीदवारों से मांगा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेबीकेएसएस /जेएलकेएम ने आगामी विधानसभा की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए समिति ने संभावित उम्मीदवारों पर विचार करना शुरू कर दिया है। उम्मीदवारों के चयन में पारदर्शिता का ख्याल रखते हुए उनसे सार्वजनिक तौर पर आवेदन मांगा है। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने एक पत्र जारी कर संभावित उम्मीदवारों से आवेदन मांगा है।

**यहां से ले सकते हैं फॉर्म :** जारी पत्र में जयराम महतो ने लिखा है कि उनका संगठन विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस चुका है। इसमें जो भी लोग विधानसभा का प्रत्याशी बनने के इच्छुक हैं, अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सकते हैं। समिति की ओर से इसके लिए आवेदन फॉर्म भरने के लिए कहा गया है। आवेदन फॉर्म समिति के प्रधान कार्यालय मनाटांड, तोपचांची, धनबाद से प्राप्त किया जा सकता है। समिति ने जरूरी पूछताछ के लिए फोन नंबर भी जारी किया है।



# देवघर के बाबा मंदिर में बेहोश हुआ आठ साल का बम, मुंह से निकलने लगा झाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** बाबानगरी देवघर में लगातार कांवरियों का आना जारी है। हर दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालु यहां बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। इसी दौरान बुधवार (7 अगस्त) को एक बाल बम के मुंह से झाग निकलने लगा। तत्काल पुलिस की मदद से उस बाल बम को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

**पुलिस के सहयोग से स्वास्थ्य उपकेंद्र लाया गया नन्हा बम :** राजकीय श्रावणी मेला क्षेत्र में बनाये गये स्वास्थ्य उपकेंद्र में डॉक्टरों ने आठ साल के नन्हे बम का इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि बुधवार अहले सुबह आठ वर्षीय नन्हा बम चलते-चलते बेहोश हो गया। उसके मुख से सफेद झाग निकलने लगा। पुलिसकर्मियों के सहयोग से इस नन्हे बम को बाबा मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र लाया गया।



**पांच डॉक्टरों की टीम ने बच्चा बम का किया इलाज**

जैसे ही नन्हे बम को यहां लाया गया पांच डॉक्टरों की टीम ने उसका इलाज शुरू कर दिया। वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शत्रुघ्न सिंह ने तत्काल आइवी लाइन लगा कर जीवन रक्षक दवा दी। मौके पर उपस्थित चिकित्सकों असौ स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से नन्हे बम का बेहतर इलाज संभव हो पाया। नन्हे बम के माता-पिता ने डॉक्टरों को धन्यवाद दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.21 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वन महोत्सव में हुए शामिल

# पौधा लगाने के साथ बचाने का भी संकल्प लें : हेमंत

- लोगों से किया आग्रह, जहां घर बनायें, वहां कम से कम एक पेड़ जरूर लगायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल-जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है। सदियों से चली आ रही ये व्यवस्था अब अंधाधुंध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छूटती जा रही है। आज हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। अगर हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। आज जरूरत इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें और पेड़ों को बचाने का संकल्प लें। सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित कर मानव जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित 75वां वन महोत्सव-2024 में बोल रहे थे।




**जीवन शैली में लाना होगा बदलाव:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण को चुनौती मिल रही है, वह मनुष्य, जीव- जंतु और पूरी प्राकृतिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बनती जा रही है। ऐसे में हमें तय करना है कि हम प्रकृति के साथ मिल कर अथवा प्रकृति से छेड़छाड़ कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। अगर प्रकृति के साथ चलना है, तो हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना होगा। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घर बनाते हैं, तो उससे पहले वहां एक पौधा जरूर लगायें। अगर हर व्यक्ति पौधा लगाने और बचाने की ठान ले, तो निश्चित तौर पर हम पर्यावरण को संरक्षित रख पायेंगे।

### हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी। पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था। चारों तरफ जंगल ही जंगल दिखते थे। लेकिन, विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गयी, जंगल सिमटते चले गये और इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। यही वजह है कि आज वन महोत्सव मनाने की एक परंपरा की शुरुआत हुई, जो आज भी चली आ रही है। यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभायें।

### सालों भर पौधरोपण का अभियान चलना चाहिए

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पौधा लगाने का अभियान सिर्फ बारिश के मौसम तक सिमट कर नहीं रहना चाहिए। जाड़ा, गर्मी और बरसात हर मौसम में उस मौसम के अनुकूल पौधा लगाने की मुहिम चलनी चाहिए। पौधा लगाने का सतत अभियान कभी नहीं रुकना चाहिए।

### बदलाव के लिए शुरुआत जरूरी

हेमंत सोरेन ने कहा कि आज प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसी कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़ें। इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पौधा लगायें।

### कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वनों के संवर्धन और विकास के क्षेत्र में बेहतर योगदान करने वाले वन समिति के सदस्यों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान आने वाले लोगों को परिसर का भ्रमण करने हेतु चार लाभुकों को बैट्री ऑपरेटेड ऑटो प्रदान किया। इस मौके पर वन महोत्सव में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक राजेश कच्छप, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# रेसलर विनेश फोगाट पेरिस ओलिंपिक से हुईं बाहर





- 50 किलो कैटेगरी से 100 ग्राम ज्यादा निकला वजन
- फैसला सुन कर विनेश की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी**

**पेरिस।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट पेरिस ओलिंपिक से बाहर हो गयी हैं। बुधवार सुबह विनेश का वजन उनकी तय कैटेगरी 50 किलोग्राम से 100 ग्राम ज्यादा निकला। इसके बाद ओलिंपिक एसोसिएशन ने उन्हें फ्रीस्टाइल महिला कुश्ती के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। भारतीय ओलिंपिक संघ ने भी इसकी पुष्टि की है। जिसकी वजह से वह वीमेंस रेसलिंग का फाइनल नहीं खेल सकेंगी। उन्हें कोई मेडल भी नहीं मिलेगा। सबसे मुश्किल बात यह है कि इस फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं की जा सकती। विनेश पहली बार 50 किग्रा कैटेगरी में खेल रही थीं। इससे पहले वह 53 किग्रा में खेलती थीं।

**वजन घटाने के लिए रातभर एक्सरसाइज करती रहीं:** भारतीय ओलिंपिक टीम के डॉक्टर दिनशॉ पौडीवाला ने स्टेटमेंट जारी करके बताया कि विनेश और उनके कोच को मंगलवार रात ही उनके ज्यादा वजन के बारे में पता चल गया था। इसके बाद विनेश पूरी रात नहीं सोयीं और वजन को तय कैटेगरी में लाने के लिए जॉगिंग, स्किपिंग और साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करती रहीं। डॉक्टर पौडीवाला ने बताया कि विनेश ने अपने बाल और नाखून तक काट दिये थे। उनके कपड़े भी छोटे कर दिये गये थे। इसके बावजूद उनका वजन नहीं घट पाया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि भारतीय दल ने विनेश को थोड़ा और समय देने की मांग की थी, लेकिन उनकी मांग नहीं सुनी गयी।

### रातभर कोशिशों के बावजूद वजन कुछ ग्राम ज्यादा रहा

इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (आइओए) ने कहा कि यह बेहद खेदजनक है कि विनेश फोगाट को ज्यादा वजन के कारण महिला कुश्ती के 50 किग्रा कैटेगरी में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रातभर की कोशिशों के बावजूद सुबह उनका वजन 50 किग्रा से कुछ ग्राम अधिक पाया गया। हम विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हैं। भारतीय दल आगे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। हम आनेवाली प्रतियोगिताओं पर फोकस करना चाहेंगे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | कठिन परिश्रम-प्रयत से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा। |
| वृष | नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा,महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| सिंह | क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें। |
| कन्या | नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा,स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा। |
| धनु | इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति होगी। |
| कुंभ | स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में कहा

# स्वाति मालीवाल को बिभव कुमार ने आठ थप्पड़ मारे



- मारपीट के बाद केजरीवाल सीएम हाउस में बिभव के साथ ही थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट केस में पुलिस ने 500 पन्नों की चार्जशीट दिल्ली हाइकोर्ट में पेश कर दी है। चार्जशीट में पुलिस ने लिखा कि बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को सात-आठ थप्पड़ मारे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार्जशीट में यह भी लिखा है कि घटना के बाद बिभव कुमार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ ही थे। आप नेता संजय सिंह और आतिशी ने शुरुआत में माना था कि स्वाति के साथ गलत व्यवहार हुआ। बाद में वे अपने बयान से पलट गये थे।

पुलिस ने आरोप लगाया कि सीएम हाउस में क्राइम सीन के आसपास लगे सीसीटीवी और डीवीआर जब्त किये जाने से पहले कुछ फुटेज मीडिया में लीक किये गये थे। पुलिस ने कहा कि मुख्यमंत्री का वहां मौजूद होना, आप नेताओं का बयान बदलना और सीसीटीवी लीक होना, यह सब बड़ी साजिश का संदेह पैदा करता है।

### 72 घंटों के अंदर आप नेताओं ने बयान बदले

दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में बताया कि घटना के बाद स्वाति एक ऑटो में अपने घर लौटी थीं। ऑटो ड्राइवर से भी पूछताछ की गयी है। उसने बताया कि मालीवाल रो रही थीं और किसी को कॉल पर बता रही थीं कि उनके साथ मारपीट हुई है। दिल्ली पुलिस जांच करेगी कि 72 घंटों में ऐसा क्या हुआ, जिसके कारण संजय सिंह और आतिशी ने अपना बयान बदला। उन्होंने किस व्यक्ति के साथ चर्चा करने के बाद अपना बयान बदला है।

# बुढ़मू में अवैध बालू पर कब्जे की लड़ाई में दर्जनों गाड़ियां फूंकीं

- रांची में जेजेएमपी के उग्रवादियों ने जेसीबी में भी लगायी आग
- थानेदार और सब-इंस्पेक्टर सस्पेंड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एनजीटी की रोक के बाद भी रांची में अवैध बालू का कारोबार जारी है। पुलिस भी इसे रोकने में नाकाम साबित हो रही है। अब स्थिति ऐसी हो गयी है कि अवैध बालू पर कब्जे की लड़ाई शुरू हो गयी है। इसका एक उदाहरण रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर बालू घाट पर बीती रात दिखा। बताया जा रहा है कि यहां अवैध तरीके से बालू उठाने का कारोबार चलता है। अवैध निकासी और उठाव से होनेवाली कमाई में रंगदारी नहीं मिलने से नाराज अपराधियों ने जेसीबी सहित पांच वाहनों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एक्शन लेते हुए बुढ़मू थानेदार राम जी और थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। वहीं रितेश कुमार को बुढ़मू थाना का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया है।





### आलोक के दस्ते ने दिया अंजाम

जानकारी के मुताबिक आगजनी की वारदात को जेजेएमपी के आलोक के दस्ते ने अंजाम दिया है। आलोक उग्रवादी संगठन जेजेएमपी से जुड़ा बड़ा नाम बताया जाता है। मंगलवार की देर रात दर्जनों वाहन छापर घाट पर बालू की अवैध निकासी कर उसे ट्रकों और हाइवा में भर रहे थे। तभी आधा दर्जन बाइक पर हथियारबंद लोग आये। उन्होंने काम कर रहे मजदूरों को मारपीट कर भगा दिया। इसके बाद मौके पर मौजूद जेसीबी, हाइवा और तीन टर्बो को आग के हवाले कर दिया।

### देर रात ही टोचन कर ले गये गाड़ियां

जब आगजनी की जानकारी गाड़ी मालिकों को हुई, तो उनमें हड़कंप मच गया। अवैध तरीके से बालू उठाव करने की वजह से सकते में आये गाड़ी मालिकों ने आनन-फानन में बीती रात ही कुछ जली हुई गाड़ियों को टोचन कर ले गये। मौके पर कुछ गाड़ियां अब भी मौजूद हैं। सूचना के मुताबिक, जो गाड़ियां जलायी गयी हैं, उनके मालिकों के नाम साकेत साहू और बलराम साहू बताये जा रहे हैं। दबी जुबान लोगों को कहना है कि यह आगजनी बालू घाटों में कब्जे को लेकर की गयी है।

### आइजी ने घटनास्थल का दौरा किया

रांची जोन के आइजी अखिलेश झा घटनास्थल पर पहुंचे। बालू का डंप देख कर आइजी के होश उड़ गये। उन्होंने ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को बालू के अवैध कारोबार पर रोक को लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं, बुढ़मू इलाके में सक्रिय उग्रवादी संगठनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया है और इस घटना में संलिप्त अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा है।

# पांच हजार रिश्वत लेती प्रधानाध्यापिका गिरफ्तार

- वोकेशनल शिक्षक से 20 हजार रिश्वत की मांग की थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** एसीबी ने गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी की प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद प्रधानाध्यापिका को एसीबी के मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के बैरिया की रहनेवाली है। पलामू एसीबी के अनुसार बाखला ने स्कूल के वोकेशनल टीचर से 20 हजार रिश्वत की मांग की थी। वोकेशनल टीचर 2019 से कार्यरत है। वोकेशनल टीचर एनजीओ के माध्यम से सेवारत है। प्रधानाध्यापिका उनसे हर साल 20 हजार रिश्वत मांगती थी। उनका मानदेय 20 हजार महीने का है। 20 हजार नहीं देने पर प्रधानाध्यापिका वोकेशनल टीचर को हटाने की बात कहती थी, मासिक उपस्थिति पर हस्ताक्षर नहीं करती थी, जबकि शिक्षक घूस देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के मेदिनीनगर कार्यालय में की थी।

मामले में एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक द्वारा सत्यापन किया गया और मामले को सही पाकर इस संबंध में 6 अगस्त को मामला दर्ज किया गया। 7 अगस्त को एसीबी की एक टीम प्रभावित शिक्षक के साथ कांडी राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंची और जैसे ही वादी शिक्षक से प्रधानाध्यापिका ने 5000 रुपये रिश्वत ली, उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा रंग : मानव तस्करी के शिकार 10 वर्ष से लापता बच्चे को दिल्ली से कराया गया मुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक-बालिकाओं को मुक्त करा कर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला-बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नयी दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 10 वर्ष से लापता बालक को रेस्क्यू किया गया।

मानव तस्करी के शिकार 10 साल से लापता बालक को झारखंड भवन नयी दिल्ली ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिल्ली और हरियाणा में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए विभिन्न जगहों पर छापेमारी की। बालक 10 साल पहले जब मानव तस्करों द्वारा दिल्ली लाया गया था, तब उसकी उम्र लगभग 13 वर्ष थी। 10 वर्षों से परिवार से बालक का कोई भी संपर्क नहीं था। पिता द्वारा विगत कई सालों से खोजबीन करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इस संदर्भ में झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहेट थाने में सनहा दर्ज था। कई सालों से झारखंड पुलिस द्वारा भी बालक की खोजबीन की गयी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद झारखंड भवन नयी दिल्ली को इस संदर्भ में पांच दिन पूर्व सूचना दी गयी। झारखंड भवन की नोडल ऑफिसर नचिकेता द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया। बालक के पिता द्वारा एक प्लेसमेंट एजेंसी वाले का मोबाइल नंबर दिया गया था। उस मोबाइल की जानकारी निकालने पर पता चला कि वह नंबर एक ट्रैवलिंग एजेंसी वाले का है। झारखंड भवन द्वारा मिशन चलाते हुए कर्मचारी राहुल सिंह, निर्मला खलखो, मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह द्वारा यात्री बनकर उक्त ट्रैवल एजेंसी वाले से फोन पर संपर्क स्थापित कर उसके कार्यालय जाकर उसको धर दबोचा गया। बच्चे को जिस घर में काम पर लगवाया गया था, उस घर के मालिक के मोबाइल नंबर को ट्रैक करते हुए उसके ऑफिस पर जब रेस्क्यू टीम गयी, तो पता चला कि मालिक द्वारा ऑफिस दो से तीन साल पहले दूसरी जगह शिफ्ट कर लिया गया है। झारखंड भवन द्वारा उक्त मालिक के हरियाणा-दिल्ली वाले आवास पर स्थानीय पुलिस, स्थानीय एनजीओ के सहयोग से संयुक्त रूप से छापेमारी की गयी। वहां बच्चा नहीं मिला, लेकिन दिल्ली वाले आवास पर झारखंड का एक दूसरा बालक मिला, जिससे घर-ऑफिस का काम करवाया जा रहा था। झारखंड भवन द्वारा उस बच्चे को रेस्क्यू करते हुए बच्चे की काउंसिलिंग की गयी और संबंधित स्थानीय पुलिस को सुपुर्द करते हुए आगे की कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। 10 वर्षों से लापता हुए बालक को अगले दिन सकुशल उसके परिवार के पास झारखंड भेज दिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में दिल्ली की स्थानीय एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह, रेस्क्यू फाउंडेशन से अक्षय ने अहम भूमिका निभायी।




# विश्व आदिवासी दिवस कल, होंगे कई कार्यक्रम

- मुख्यमंत्री ने पूरी भव्यता से मनाने का दिया है निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को है। राज्य में इसे लेकर तैयार तेजी से चल रही है। रांची समेत अन्य जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को आदिवासी महोत्सव को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इसमें उन्होंने भव्य तरीके से आयोजन करने का निर्देश दिया था। झारखंड मंत्रालय द्वारा बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में मुख्य समारोह का आयोजन होगा। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 9 और 10 अगस्त को झारखंड आदिवासी महोत्सव पूरी गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाये। महोत्सव में आनेवाले सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था करें। सांस्कृतिक समारोह स्थल पर आगंतुकों के बैठने की पूरी व्यवस्था हो। साज-सज्जा और भव्यता में कोई कमी न रहे। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंड की समृद्ध कला-संस्कृति को प्राथमिकता के तौर पर शामिल किया जायेगा। विभाग द्वारा कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।






### बीसीजी टीकाकरण का शुभारंभ सह टीबी मुक्त पंचायत का सम्मान समारोह

# टीबी उन्मूलन के लिए कॉरपोरेट सेक्टर करे सहयोग : बन्ना गुप्ता

**2023 में 61,322 और 2024 में 33,918 टीबी मरीजों की हुई पहचान**

**38 पंचायत टीबी मुक्त घोषित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टीबी उन्मूलन के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। अगर इस अभियान में कॉरपोरेट सेक्टर की भागीदारी सक्रिय रूप से होती है, तो जल्दी सफलता मिल सकती है। इसलिए कॉरपोरेट सेक्टर से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। ये बातें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आइपीएच के सभागार में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित बीसीजी टीकाकरण के शुभारंभ, टीबी मुक्त पंचायत के सम्मान समारोह कार्यक्रम में कहीं।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में बड़े-बड़े कॉरपोरेट सेक्टर हैं, जिनकी इंडस्ट्रीज हैं। वह संस्थागत स्तर पर पंचायत और प्रखंड को गोद लेकर टीकाकरण अभियान और अन्य योजनाओं में सहयोग दे रहे हैं। अगर ये कॉरपोरेट घराने एक-एक जिला को गोद लेकर काम करें, तो हम पोलियो मुक्त भारत की तरह यक्ष्मा, कालाजार और फाइलेरिया मुक्त होने का गौरव लक्ष्य के पहले ही हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने 100 साल पहले ही खुद को टीबी मुक्त कर लिया था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड एक गरीब और पिछड़ा राज्य है। यहां कालाजार, फाइलेरिया, टीबी जैसी बीमारियां ज्यादातर गरीब लोगों को होती हैं। कालाजार के उन्मूलन की दिशा में हम काफी आगे बढ़ चुके हैं। बहुत थोड़े आदिवासी इलाकों में कालाजार जैसी बीमारी बची है। उस पर जल्द काबू पा लिया जायेगा। सर्पदंश की घटनाएं झारखंड में होती हैं, जिससे कई मौके पर सर्पदंश के शिकार गरीबों की जान जानकारी के अभाव में चली जाती है। इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर का सहयोग हमेशा मिलता रहा है और ज्यादा सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि सीएसआर एक्टिविटी में व्यय बढ़ाने का निर्देश केंद्र सरकार की ओर से भी दिया गया है। इस लिहाज से आपको भी व्यय में इजाफा करना चाहिए। अगर राज्य सरकार और कॉरपोरेट सेक्टर मिलकर काम करेंगे, तो रस्ते आसान हो जायेंगे। कार्यक्रम में यंगेस्ट बच्ची उशासी हांसदा को यक्ष्मा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया।

### मुखिया सरपंच को मिला सम्मान

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य की 38 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस मौके पर संबंधित पंचायतों के मुखिया और सरपंच को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

## उत्सव मनाना मानव की प्रवृत्ति: जनजाति सुरक्षा मंच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच ने कहा है कि उत्सव मनाना मानव की प्रवृत्ति है। नृत्य, गीत, संगीत जनजाति समाज के दिनचर्या में रचे बसे हैं। 9 अगस्त के पीछे के इतिहास को छिपाया गया है। 9 अगस्त के पीछे का इतिहास क्रिस्टोफर कोलंबस ने 12 अक्टूबर 1492 को पहली बार समुद्री मार्ग से भारत को खोजने की जगह गलती से अमेरिका के पूर्वी तट पर लंगर डाला।

इस दिन दुनिया के कई देशों जहां पर उपनिवेशन कॉलोनियां हैं, अवकाश घोषित है। उस दिन कई तरह के उत्सव मनाये जाते हैं। इस दिन को यूरोपियन रेस का दिन भी माना जाता है। कोलंबस का उद्देश्य यहां से सोना, चांदी, जेवरात स्पेन ले जाना था। वहां के मूलनिवासी बाधक थे, इसलिए वहां के बच्चों, पुरुषों को मारकर उन्हें कुत्ते तक को खाने के लिए डाल दिया। लड़कियों-महिलाओं को देह व्यापार के लिए यूरोप के बाजारों में बेच दिया। प्रेसवार्ता में संदीप उरांव, हिंदुवा उरांव, मेघा उरांव, सोमा उरांव, जगरनाथ भगत, उमेश बड़ाईक, राजू उरांव, रवि प्रकाश उरांव, अजय भोक्ता, साजन मुंडा, जयमंत्री उरांव, मनोज भगत समेत अन्य मौजूद थे।

## 12 अगस्त को डीजीपी करेंगे समीक्षा

**डीजीपी ने स्पेशल ब्रांच के आइजी से सक्रिय नक्सली संगठन, अपराधी और स्प्लिंटर ग्रुप की मांगी जानकारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता 13 अगस्त को नक्सली संगठन के खिलाफ की कार्रवाई की समीक्षा करेंगे।

इसे लेकर डीजीपी ने आइजी स्पेशल ब्रांच को निर्देश दिया है कि 12 अगस्त तक प्राप्त सूचनाएं और सभी सक्रिय नक्सली संगठन, नक्सल से जुड़े अपराधी और स्प्लिंटर ग्रुप की संपूर्ण विवरणी तैयार कर रिपोर्ट दें।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का प्रमंडल प्रभारी घोषित



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश स्तरीय विचार गोष्ठी में लिये गये निर्णय को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर भी बैठक करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के द्वारा प्रमंडल प्रभारी और सह प्रभारी की घोषणा की गयी, जो संबंधित सभी जिला में जाकर संगठन के साथ बैठक करेंगे। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों के लिए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू को प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हजारी प्रसाद मोदी को सह प्रभारी मनोनीत किया गया है। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव को प्रभारी, प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अकलेश्वर प्रसाद साहू को सह प्रभारी मनोनीत किया गया है। पलामू प्रमंडल के के लिए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही को प्रभारी, प्रदेश महामंत्री राजु रंजन प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रीतम साहू को सह प्रभारी मनोनीत किया गया है। कोल्हान प्रमंडल के लिए युवा प्रदेश अध्यक्ष शीतल प्रसाद साहू को प्रभारी, प्रदेश मंत्री मिट्ठू साव, मनोज गुप्ता को सह प्रभारी मनोनीत किया गया है।

### स्टार इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। स्टार इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकार साकेत पुरी, इवेंट को-ऑर्डिनेटर अंकना का स्वागत दिनेश सिंह, संचयिता ने किया। साकेत पुरी ने कहा कि जिस तरह से आज पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वृक्षों को काटा जा रहा है, आगे चलकर कहीं ना कहीं एक दिन ऐसा होगा कि हमें स्वच्छ वातावरण नहीं मिलेगा। इसलिए वृक्षों को बचाना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा पौधरोपण किया गया। सभी ने इसकी रक्षा का प्रण भी लिया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या नीता जयसवाल ने किया।

### हलधर-ईश्वरचंद्र भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोनीत




रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की। जमशेदपुर के हलधर शाह और बेरमो के ईश्वरचंद्र प्रजापति को भी प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया। इनके मनोनयन पर पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। जमशेदपुर के हलधर शाह पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। पहले भी भाजपा के जमशेदपुर के चार बार जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे हैं। इनके मनोनयन पर भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन को काफी मजबूती मिलेगी।

### कृष्णा सुंबरूई विधानसभा सचिवालय से सेवानिवृत्त



रांची (आजाद सिपाही)। कृष्णा सुम्बरूई, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी झारखंड विधानसभा सचिवालय से सेवानिवृत्त हुईं। इस अवसर पर सभा सचिवालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कृष्णा सुंबरूई, सहायक के रूप में जुलाई 2007 को झारखंड विधानसभा में नियुक्त होने के बाद 31 जुलाई 2024 तक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत रहीं। वे जिस पद पर नियुक्त हुईं उसी पद से सेवानिवृत्त हुईं। इस मौके पर प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने कहा कि कृष्णा सुंबरूई, कुशल कार्यक्षमता और सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार के लिए हमेशा जानी गयीं, उन्होंने संपूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से की है।

### हाइकोर्ट से पूर्व मंत्री राजा पीटर ने याचिका ली वापस



रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट में पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपित पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने दाखिल याचिका को वापस ले लिया है। इसमें उन्होंने मामले के इंवेस्टिगेशन ऑफिसर की गवाही ट्रायल के दौरान एनआइए कोर्ट में सभी गवाहों की गवाही पूरी होने से पहले करा लिये जाने को चुनौती दी थी। साथ ही अनुसंधानकर्ता की गवाही न मानने का आग्रह किया था। राजा पीटर की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि मामले में एनआइए कोर्ट रांची में ट्रायल चल रहा है, जिसमें अभियोजन की ओर से गवाहों का बयान दर्ज किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान मामले के इंवेस्टिगेशन ऑफिसर की गवाही सबसे अंत में होनी चाहिए थी, लेकिन अन्य गवाहों की गवाही पूरी होने के पहले ही अनुसंधानकर्ता की गवाही पूरी करा ली गयी है। मामले में अनुसंधानकर्ता की गवाही के बाद अब दूसरे अन्य गवाहों का क्रॉस एग्जामिनेशन ठीक से नहीं होगा। इसलिए इंवेस्टिगेशन ऑफिसर की गवाही को ना माना जाये। मामले की सुनवाई के दौरान राजा पीटर की ओर से ही इस याचिका को वापस लेने का आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। यह मामला अभी गवाही के स्टेज पर चल रहा है। 9 जुलाई 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मार कर कर दी थी। मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर और नक्सली कुंदन पाहन समेत कई आरोपित ट्रायल फेस कर रहे हैं।

## हेमंत दा, तोर ठगा ठगी नीति इ राज्य में नाय चलतो: शशांक राज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि राज्य सरकार बार-बार जेएसएससी के वार्षिक कैलेंडर जारी करने के बावजूद, सही तरीके से परीक्षा आयोजित कराने में पूरी तरह विफल रही है। सरकार के निकम्मेपन का आलम यह है कि नियुक्ति परीक्षाओं के वार्षिक कैलेंडर के नाम पर राज्य के युवाओं को बड़े सुहावने सपने दिखाती है, लेकिन असलियत में कुछ करती नहीं है। इससे युवाओं में इस कदर आक्रोश है। आशंका है कि झामुमो सरकार ने जान-बूझकर चुनाव से चंद महीने पहले वार्षिक कैलेंडर जारी किया है, ताकि युवाओं को छलकर उनका वोट पाया जा सके।

कहा कि आज भी ये सरकार जेएसएससी-सीजीएल के माध्यम से एक भी बहाली नहीं कर पायी है। आज स्थिति यह है कि एक बार किसी तरह परीक्षा हुई, भी तो उसे भी पेपर लीक के कारण रद्द करना पड़ा। ये सरकार केवल युवाओं को छलने का काम कर रही है। 930 पद के लिए राज्य सरकार ने परीक्षा ली, परंतु आज तक उसका परीक्षाफल नहीं दिया है और हजारों युवा राजभवन के सामने धरने पर बैठे हुए हैं और परीक्षाफल देने की मांग कर रहे हैं। कहा कि जिस तरह सहायक पुलिसकर्मी के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया। इसके बावजूद सरकार की तरफ से आज तक सुध नहीं ली गयी। परीक्षा फॉर्म भरवाकर छात्रों से फीस वसूल कर परीक्षा नहीं करायी जा रही है। कहा कि भाजयुमो का एक-एक कार्यकर्ता राज्य के एक-एक युवा के साथ खड़ा है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतर कर उनका साथ देगा। मौके पर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, बबन बैठा, प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

## भाजपा बांटो और राज करो की नीति पर काम कर रही: बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की ओर से हाल में दिये गये फैसले के अनुरूप यदि आदिवासियों का उप जनजातियों में वर्गीकरण करने के साथ राज्यों द्वारा क्रीमी लेयर का निर्धारण किया जाता है, तो इससे न केवल आदिवासियों की संस्कृति नष्ट हो जायेगी, बल्कि यह संविधान की मूल भावना के खिलाफ भी है। श्री तिर्की ने इस मामले पर लोकसभा और राजयसभा में चर्चा की मांग करते हुए कहा कि यह देश के 13 करोड़ आदिवासियों से जुड़ा मामला है, जो इससे प्रभावित होंगे।

श्री तिर्की ने कहा कि हालांकि यह न्यायालय का मामला है, लेकिन फिर भी इस फैसले से भारतीय जनता पार्टी को अपने राजनीतिक स्वार्थ के तहत राजनीतिक हित को गलत तरीके से साधने में ही मदद मिलेगी, जहां वह आदिवासियों को सामाजिक स्तर पर तोड़ना चाहती है। साथ ही आदिवासियों के बीच दीवार खड़ी कर हिंदुत्व की धार को मजबूत करना चाहती है। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा बांटो और राज करो की नीति पर काम कर रही है।

उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से आदिवासियों की जमीनी स्थिति के साथ ही उनकी संस्कृति और आर्थिक परिस्थिति के संदर्भ में जान बूझकर आदिवासियों का पक्ष मजबूती के साथ न्यायालय के समक्ष नहीं रखा गया, जिस कारण ऐसा निर्णय सामने आया है। श्री तिर्की ने कहा कि यदि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन किया जाये, तो इससे जनजातीय समुदाय हाशिये पर चला जायेगा।

### तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का आगाज

रांची (आजाद सिपाही)। रांची पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ हुआ। रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। इस ड्यूटी मीट में एसएसपी चंदन सिन्हा मौके पर मौजूद रहे। साथ ही संतोष सुधाकर, डॉ अमित कुमार के अलावा दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के सभी जिला से आये प्रतिभागी उपस्थित हुए। इस ड्यूटी मीट में अनुसंधान की बारीकियां और अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान दस्ता की दक्षता की परीक्षा के साथ प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। डीआइजी द्वारा नये बीएनएसएस के प्रावधानों का अनुपालन, डीएनए के लिए साक्ष्यों का संकलन और संरक्षण की उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला गया।

### गेल इंडिया में 391 पदों के लिए आवेदन आज से

रांची (आजाद सिपाही)। गेल इंडिया में विभिन्न पदों के लिए वैकेंसी निकाली गयी है। इसमें नॉन एग्जीक्यूटिव कैडर में विभिन्न ग्रेड के कुल 391 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गयी है। केमिकल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, सिविल, आधिकारिक भाषा, प्रयोगशाला, टेलीकॉम, टेलीमेट्री, फायर, बॉयर ऑपरेशंस, बिजनेस असिस्टेंट और फाइनेंस एंड एकाउंट्स में विभिन्न पदों पर भर्ती की जानी है। इसके लिए उम्मीदवार 8 अगस्त से आवेदन कर सकते हैं। गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा विज्ञापित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार कंपनी की वेबसाइट पर करियर सेक्शन में एक्टिव किये जाने वाले लिंक से संबंधित अप्लीकेशन पेज पर जाकर अप्लाइ कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया 8 अगस्त की सुबह 11 बजे से शुरू होनी है और उम्मीदवार 7 सितंबर की शाम 6 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत उम्मीदवारों को पहले पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा और फिर पंजीकृत विवरणों से लॉग इन करके उम्मीदवार वांछित पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### आलमगीर आलम की जमानत पर कल सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष यानी आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी कर ली गयी। अब शुक्रवार को इडी की ओर से बहस की जायेगी। बता दें कि आलमगीर आलम को इडी ने छह घंटे की पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम को भी एजेंसी गिरफ्तार कर चुकी है। इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद राशि बरामद की थी।

### बांग्लादेश संकट पर सीयूजे में व्याख्यान

रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग ने बुधवार को बांग्लादेश संकट पर भारत के नीतिगत विकल्प विषय पर एक विशेष व्याख्यान का ऑनलाइन आयोजन किया। प्रोफेसर देवाशीष नंदी, काजी नजरुल इस्लाम ने इस पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ विभूति भूषण बिश्वास ने विषय प्रवेश कराया। डॉ आलोक कुमार गुप्ता बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए संक्षिप्त विवरण दिया। प्रो देवाशीष नंदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नेहरु से लेकर प्रधानमंत्री मोदी तक के कार्यकाल में बांग्लादेश के प्रति हमारी नीतियों में बहुत परिवर्तन नहीं आया है।

### खाली जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण करेगा आवास बोर्ड

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के चीफ इंजीनियर प्रवीण जयंत भेंगरा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गयी। इसमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग प्रमंडल के कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान विभिन्न प्रमंडलों में बोर्ड के खाली पड़े भूखंडों की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने पर फैसला हुआ। अतिक्रमित बोर्ड के संपदाओं पर बोर्ड अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर उसे खाली कराये जाने पर भी विचार हुआ। पिछले माह 3 जुलाई को बोर्ड की हुई बैठक और लिये गये निर्णयों की समीक्षा के साथ साथ दिशा-निर्देश भी जारी किये गये। बैठक में बोर्ड के सचिव, विधि पदाधिकारी और विभिन्न प्रमंडलों के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और अन्य भी उपस्थित थे।

## रांची विवि शिक्षक संघ की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को रांची विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रूटा) की ऑनलाइन बैठक डॉ. उमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में झारखंड सरकार को पुराने पेंशन स्कीम (ओपीएस) की कैबिनेट से मंजूरी दिये जाने के लिये आभार प्रकट किया गया। रूटा के अध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार द्वारा इस निर्णय को ऐतिहासिक और सही बताया गया। सरकार का यह निर्णय झारखंड के विश्वविद्यालय के शिक्षकों के भविष्य के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। जल्द ही प्रतिनिधिमंडल इसके लिए सीएम का आभार प्रकट करेगा।

संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. अवध बिहारी महतो द्वारा कैबिनेट द्वारा लिये गये निर्णय को ऐतिहासिक और साहसिक कार्य के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया गया। उन्होंने कहा सरकार को शिक्षकों की भविष्य की चिंता थी, तभी आज यह कैबिनेट में स्वीकृति दी गयी है। सरकार ने आज शिक्षकों की पहले से चली आ रही मांग को पूरा कर अपनी दृढशक्ति का परिचय दिया है। इसकी हम जितनी प्रशंसा करें कम है। हम रांची विश्वविद्यालय के सारे शिक्षक सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं और आभार प्रकट करते हैं। बैठक में डॉ. अंजू पुष्पा बा, डॉ. ज्योति किंडो, डॉ. संतोष रजवार, डॉ. शिवनंदन राम, डॉ. शशि शेखर, रोनाल्ड पंकज खलखो, सुमंति तिर्की, संगीता तिग्गा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान में नगर निकायों की अहम भूमिका: के रविकुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान में राज्य के नगर निकायों अहम भूमिका है। आम लोगों के जीवन से प्रत्येक दिन नगर निकायों वास्ता पड़ता है। के रविकुमार ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में नगर निकायों के साथ आयोजित समीक्षा दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि चार राज्यों मे विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसलिए अधिक मतदान हो इस पर फोकस करना है। नगर निकाय स्थानीय कोचिंग सेंटर, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, रात्रि आश्रयणी और वृद्धाश्रमों में मतदाता जारूकता अभियान चलाये। घर, फ्लैट, अपार्टमेंट और सरकारी कॉलोनियों में जाकर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाये। शहरी स्लम एरिया के मतदाताओं को मतदान के जागरूक करने पर विशेष बल दिया जाये। क्षेत्र में काम करने वाले बीएलओ से कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों को पूछ कर समाधान करने का प्रावधान किया जाये।




### प्रचार प्रसार में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण: अरवा

नगर विकास-आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। अभियान से संबंधित निकायों द्वारा किये जा रहे कार्य समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अवश्य आना चाहिए, जिससे मतदाता अपने अधिकार और कर्तव्य को जान पायेंगे। राजकमल ने कहा कि वर्तमान समय में किसी अभियान को सफल बनाने में सोशल मीडिया की भूमिका कम नहीं होती। नगर निकाय सोशल मीडिया का उपयोग करें। समीक्षा के क्रम मे रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार, सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार शामिल थे।

### बेड़ो सीओ को जिला भू अर्जन पदाधिकारी की मिली जिम्मेवारी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने प्रताप मिंज अंचल अधिकारी बेड़ो को उनके कार्यों के अतिरिक्त जिला भू अर्जन पदाधिकारी रांची की जिम्मेवारी भी दी है। भू अर्जन पुनर्वासन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम के तहत समाहर्ता की जिम्मेवारी दी गयी है। वहीं, कृष्ण कन्हैया को जिला भू अर्जन पदाधिकारी जामताड़ा भेजा गया। इसके अलावा भूमि सुधार उप समाहर्ता गुमला राजीव कुमार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए भू अर्जन पुनर्वासन-पुनर्व्यवस्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत समाहर्ता की जिम्मेवारी दी गयी है। इस संबंध में राजस्व निबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### पवनपुत्र स्टील प्लांट की घटना जघन्य अपराध: दीपक प्रकाश



रांची (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के बरही स्थित पवनपुत्र स्टील प्लांट में बॉयलर फटने से कई मजदूरों की मृत्यु और दर्जनों लोगों की घायल होने की घटना पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दु:ख व्यक्त किया है। कहा कि यह घटना कोई हादसा नहीं, बल्कि फैक्ट्री मालिक और फैक्ट्री इंस्पेक्टर की सुरक्षा मानकों के साथ बरती गयी लापरवाही का नतीजा है। यह एक जघन्य अपराध है। श्री प्रकाश ने मुख्यमंत्री को इस मामले में एक पत्र लिख कर इस हादसे के दोषी कंपनी के मालिक भूपेंद्र अग्रवाल और स्नेह जैन पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करने और सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरतने वाले फैक्ट्री इंस्पेक्टर राहुल कुमार को तुरंत निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही करने की मांग की। उन्होंने इस हादसे में घायल हुए सभी लोगों के बेहतर इलाज कराने और मुआवजा राशि भी देने की मांग की है।

### झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 71 सार्जेंट की वरीयता सूची जारी की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 71 सार्जेंट की औपबंधिक वरीयता सूची जारी की। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी रेंज के डीआइजी के अलावा एसीबी स्पेशल ब्रांच, रेल और झारखंड जगुआर के डीआइजी को पत्र लिखा है। पुलिस मुख्यालय ने कहा कि अपने क्षेत्र के जिला और इकाई में पदस्थापित सार्जेंट के बीच यह वरीयता सूची को प्रसारित करें, यदि वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो इसे 15 दिनों के अंदर समर्पित करें। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय ने वरीयता सूची में अंकित सूचना का मिलान संबंधित कर्मी की सेवा पुस्तिका और अन्य अभिलेख से करने को कहा है। यदि किसी प्रकार की गलती है, तो इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है। यदि किसी सार्जेंट का वरीयता सूची में नाम छूट गया है, या प्रकाशित वरीयता सूची के अनुसार पदस्थापित नहीं हो, तो ऐसे पदाधिकारी के संबंध में सूचना अलग से उपलब्ध कराने की बात कही है, ताकि उनका नाम वरीयता सूची में शामिल किया जा सके।

### भाजपा महिला मोर्चा ने बुनकरों को किया सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने बुनकरों को सम्मानित किया। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के द्वारा तिरिल आश्रम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में किया गया। बुनकरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और खादी ग्राम उद्योग को बढ़ावा देने और स्वदेशी कपड़ों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री डॉ सीमा सिंह, रेणु तिर्की, मंत्री नीलम चौधरी, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, मीडिया प्रभारी कुमुद झा, खादी ग्राम उद्योग के संचालक अभय चौधरी उपस्थित थे।

### एक्सएलआरआइ में 26-27 को होगा एचआर फॉर गुड कॉन्क्लेव

रांची (आजाद सिपाही)। एक्सएलआरआइ में एचआर फॉर द ग्रेटर गुड कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। 26 और 27 अगस्त 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम में खास तौर पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस दौरान विभिन्न संस्थानों के परिवर्तनकारी अनुभवों को साझा करने के साथ ही समाज और संगठनों के लिए किस प्रकार प्रदान की जा सकती है, उसका खाका तैयार किया जायेगा। दो दिवसीय कॉन्क्लेव एचआर फॉर द ग्रेटर गुड में उन्नत पर्यावरणीय प्रदर्शन, सामाजिक लक्ष्यों, उच्च प्रदर्शन कार्य संस्कृतियों और नैतिक मानकों को प्राप्त करने में मानव संसाधन किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, इस थीम पर मंथन किया जायेगा।

### युवाओं से ही देश का विकास संभव: गौरव




रांची (आजाद सिपाही)। विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन की ओर से विकसित भारत 2047 शीर्षक पर एलपी पब्लिक स्कूल में सेमिनार कराया गया। सेमिनार के बाद छात्रों के बीच विकसित भारत पर निबंध प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमे विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। साथ ही साथ नशा मुक्त राज्य-देश बनाने के लिए शपथ दिलायी गयी। इस कार्यक्रम में जीतेंद्र पाठक, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, रवि वर्णबाल उपस्थित थे। गौरव अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को पर्यवरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वीटी नायक, सेजल साहू, शिल्पा नाज का अहम योगदान रहा।

### सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता: झारखंडी बेटियों ने किया कमाल

रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली के तेजस फुटबॉल मैदान में जारी 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम का दमदार प्रदर्शन बुधवार को दूसरे मुकाबले में भी जारी रहा। झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में गुजरात को तीन-शून्य के अंतर से पराजित कर दिया। झारखंड की ओर से नैना कुमारी, संजना उरांव और बबिता कुमारी ने एक-एक गोल कर झारखंड को दूसरे मुकाबले में बढ़त दिलायी। इससे पहले 6 अगस्त को हुए मुकाबले में भी झारखंड की बालिका टीम ने मेजबान नयी दिल्ली सात-शून्य से बड़ी शिकस्त देकर शानदार शुरुआत की थी। पहले मुकाबले में बबिता कुमारी ने तीन, पुनिता कुमारी ने दो, पूजा कुमारी और संजना उरांव ने एक-एक गोल कर झारखंड को बड़ी जीत दिलायी थी। टीम की कप्तानी प्रियतम तिर्की कर रही है। टीम में अनीशा उरांव, प्रतिभा भोक्ता, क्रांति उरांव, नैना कुमारी, चांदनी कुमारी, उर्वशी कुमारी, संगीता कुमारी, बबिता कुमारी, संजना उरांव, पुनिता कुमारी, पूजा कुमारी, सोनामती होरो, एब्लिन कुजूर, पूनम कुमारी, ललिता बोयपाई शामिल हैं। झारखंड के दमदार प्रदर्शन पर शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, सचिव उमाशंकर सिंह, निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, टीम मैनेजर बिंदु कुजूर समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी।

---

## डुमरी में आजसू का मिलन समारोह संपन्न

# जनता के खिलाफ षड्यंत्र कर रही सरकार : सुदेश

**हेमंत सोरेन स्थापित, राज्य के युवा विस्थापित**

**जेएमएम विकास की राजनीति नहीं कर सकता**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/डुमरी।** सरकार अपनी ही जनता के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है। राज्य में हेमंत सोरेन तो स्थापित हैं, लेकिन युवा विस्थापित हो गये हैं। इनकी गलत नीतियों के चलते युवा सड़कों पर आंदोलन कर रहे या दो वक्त की रोटी के लिए दूसरे प्रदेश में मजदूरी करने को विवश हैं। सरकार को नये पदों और अवसरों का सृजन करना चाहिए था, परंतु ये खाली पड़े पदों को भरने में भी विफल रही है, जिसका खामियाजा यहां के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डुमरी के केवी हाइ स्कूल में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। मौके पर समसजसेवी दुर्योधन महतो समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के कई कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उन्होंने कहा कि राज्य और राज्यवासियों के हित से जुड़ी नीति बनाने के सरकार के सभी वादे धरे के धरे रह गये हैं। हम सभी को मिलकर सरकार को सत्ता से विस्थापित करने का काम करना होगा। सरकार के पास लगभग 30 लाख लोगों ने अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन दिये, लेकिन पहली किस्त दो लाख लोगों से भी कम को मिला। यह इनकी गरीबों के प्रति सोच को दर्शाता है।

समारोह में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, उमाकांत रजक, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, यशोदा देवी, संतोष महतो, संतोष महतो, नवीन महतो, गुड्डु यादव, सचिन महतो, बिगन महतो, फकरुद्दीन अंसारी, रिंकी देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## राज्यपाल से सुदेश समेत कई लोगों ने की मुलाकात




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को कई लोगों ने मुलाकात की। राज्यपाल से मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने मुख्य सचिव से राज्य में संचालित विकास-कल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल से डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक से राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। संतोष कुमार गंगवार से उच्च और तकनीकि शिक्षा सचिव राहुल कुमार पुरवार ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने उनसे राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो, इस दिशा में विभाग और विश्वविद्यालय समन्वय स्थापित कर सक्रियता से कार्य करे। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्तियों की समस्या को दूर करने पर भी चर्चा की। राज्यपाल से राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने राजभवन में राज्यपाल से भेंट की। संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल से मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने शिष्टाचार भेंट की।

---

## टीवीएनएल का जेबीवीएनएल पर 6000 करोड़ बकाया

**भुगतान समय पर नहीं होने से बढ़ा कर्ज**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड हर महीने जेबीवीएनएल को लगभग 80 करोड़ का बिजली देता है। पिछले कुछ समय से जेबीवीएनएल की ओर से टीवीएनएल को हर महीने 20 से 25 करोड़ भुगतान किया जा रहा है, जिससे टीवीएनएल की बकाया राशि बढ़ गयी है। टीवीएनएल सूत्रों की मानें तो यह बकाया वर्तमान में 6000 करोड़ है। जेबीवीएनएल या राज्य सरकार की ओर से अगर यह राशि दे दी जाती, तो टीवीएनएल का आर्थिक संकट दूर हो सकता है। बता दें टीवीएनएल की दो यूनिट से लगभग 420 मेगावाट बिजली उत्पादन होता है। प्रत्येक यूनिट से 210 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जाता है। वहीं, टीवीएनएल राज्य का एकमात्र विद्युत उत्पादन संयंत्र है। ऐसे में बकाया भुगतान होने से टीवीएनएल कोयला खरीदने की समस्या समेत अन्य समस्याओं से उभर सकता है। पिछले दिनों टीवीएनएल मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से इस मामले में मुलाकात की थी, जिसमें इन बातों की जानकारी दी गयी थी। तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड के विस्तारीकरण का मामला भी अब तक लंबित है, जबकि इसका राष्ट्रीय तय उत्पादन औसत मानक 75 फीसदी अधिक है। वर्तमान सरकार ने भी साल 2023-24 में टीवीएनएल विस्तारीकरण को आम बजट में स्वीकृति दी थी। इसके बाद भी इस पर अब तक कोई पहल नहीं की गयी। जानकारी हो कि विस्तारीकरण योजना के तहत टीवीएनएल में 600 मेगावाट की दो यूनिट स्थापित की जानी है। टीवीएनएल का प्रस्तावित विस्तारीकरण सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट कह सैद्धांतिक स्वीकृति वर्ष 2016 में ही झारखंड कैबिनेट से प्राप्त है। वर्तमान सरकार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के आम बजट में भी टीवीएनएल का विस्तारीकरण करने की योजना पर स्वीकृति दी गयी है। 25 फीसदी की कटौती शुरू तेनुघाट बांध प्रमंडलीय कार्यालय की ओर से बोकारो स्टील सिटी की जलापूर्ति में 25 फीसदी कटौती कर दी गयी है। 1 अगस्त से ये कटौती जारी है। विभागीय आदेश के बाद तेनुघाट बांध प्रबंधन की ओर से इस पर निर्णय लिया गया। इसके पहले तेनुघाट बांध प्रमंडलीय कार्यालय की ओर से बीएसएल को पत्राचार कर चेतावनी दी गयी थी, जिसमें जलापूर्ति बंद करने की बात कही गयी थी। नोटिस में बोकारो स्टील सिटी प्रबंधन को जलापूर्ति की बकाया राशि जल्द से जल्द भुगतान करने की बात कही गयी। हाइकोर्ट ने दिया था आदेश कुछ दिन पहले हाइकोर्ट ने बीएसएल टाटा समेत बड़ी कंपनियों को आदेश जारी किया था। आदेश में सरकारी जलापूर्ति की बकाया राशि के भुगतान की बात कही गयी थी, जिसके बाद विभाग की ओर से इस पर कारवाई की जा रही है। बता दें कि अगर 15 अगस्त तक बीएसएल की ओर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो जलापूर्ति कटौती में वृद्धि की जा सकती है।

---

## मंईयां सम्मान योजना में राशनकार्ड की बाध्यता समाप्त की जाये : सीपीएम

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य की गरीब महिलाओं को कुछ आर्थिक मदद उपलब्ध कराये जाने की दिशा में बढ़ा हुआ एक ठोस कदम है। सीपीएम का राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने इस संबंध में कहा कि आवास योजना और इसके इस योजना से गरीब महिलाओं को केंद्र में रखकर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सराहनीय पहल है, लेकिन योजना का लाभ राज्य की महिला आबादी के केवल आधे हिस्से को ही मिल पायेगा। क्योंकि राज्य की महिला जनसंख्या में पचास प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं के पास राशनकार्ड नहीं है। हजारों महिलाओं ने राशनकार्ड में अपना नाम जोड़ने या नया राशनकार्ड बनाने के लिए बहुत पहले ही आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक राशन कार्ड में नाम जोड़ने या नया राशन कार्ड निर्गत करने का काम लंबित है। राशनकार्ड नहीं रहने या राशनकार्ड में नाम नहीं रहने के कारण हजारों गरीब महिलाएं इस योजना से वंचित रहेंगी, जबकि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाये। इसलिए सीपीएम का राज्य सचिवमंडल हेमंत सरकार से मांग करता है कि राशनकार्ड की बाध्यता को शिथिल किये जाने का आदेश दिया जाये, ताकि झारखंड की अधिकांश गरीब महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाया जा सके।

---

## सरकार ने 3909 कंपनियों प्रतिष्ठानों को भेजा नोटिस

**स्थानीय को नौकरी नहीं देने पर हुआ एक्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निजी क्षेत्र में स्थानीय को नौकरी नहीं देने के मामले में झारखंड सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। इस मामले में निजी क्षेत्र के 3909 कंपनियों और प्रतिष्ठानों को नोटिस भेजा है। साथ ही 20 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला है। वर्तमान में राज्यभर में 7,083 नियोजक निबंधित हैं। इन्होंने अब तक 11,106 स्थानीय को ही नौकरी दी है। बताते चलें कि झारखंड के निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 संपूर्ण राज्य में 12 सितंबर 2022 से प्रभावी है। क्या कहता है नियम जिस भी निजी कंपनी, दुकान और अन्य प्रतिष्ठान में जहां 10 या 10 से ज्यादा लोग काम करते हैं। उनको इस कानून के दायरे में रखा गया है। कंपनियों में स्थानीय लोगों की बहाली सुनिश्चित हो, इसके लिए विभाग की ओर से पोर्टल बनाया गया है।

इस पोर्टल पर कंपनियों को अपने कर्मियों का पूरा ब्योरा देना है। कर्मियों को स्थानीय प्रमाणपत्र भी पोर्टल पर उपलब्ध कराना है। श्रम विभाग की ओर से सितंबर 2021 में राज्य सरकार ने निजी क्षेत्रों में 75 फीसदी स्थानीय को बहाल करने संबंधी लाये गये कानून के प्रावधानों लागू कराने के लिए कार्रवाई शुरू की है। इस कानून के मुताबिक निजी क्षेत्र की कंपनियों-प्रतिष्ठानों में 40 हजार तक के वेतन पर काम कर रहे कर्मियों में 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे।

---

## भाजपा महानगर जिला कमेटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता





विनय कुमार सिंह, बलराम सिंह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार महानगर-जिला के अध्यक्ष वरूण कुमार साहू ने 23 सदस्यीय महानगर कमेटी और 19 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। कमेटी में राजेश कुमार सिंह, बसंत दास, अनीता वर्मा, संजीव चौधरी, सुरेश प्रसाद, विनय सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बलराम सिंह और जीतेंद्र वर्मा को महामंत्री बनाया गया है। बलसाय महतो, वीना मिश्रा, अजीत भगत, पूनम जयसवाल, आशुतोष गिरि, विकाश रवि को मंत्री, रोशन शर्मा को कोषाध्यक्ष, देवेंद्र शर्मा कार्यालय मंत्री, सोनू सिंह सह कार्यालय मंत्री, विश्वजीत सिंह मीडिया प्रभारी, तरुण जयसवाल सह मीडिया प्रभारी, नयन परमार आइटी सेल संयोजक, विशाल अग्रवाल आइटी सेल सह संयोजक और दीपम बनर्जी को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। ओम प्रकाश पांडेय को सुखदेव नगर उत्तरी, अशोक मिश्रा को सुखदेव नगर दक्षिणी, सुजीत शर्मा को चुटिया, विनोद महतो को अपर बाजार, सूर्य प्रताप सिंह को लालपुर, आनंद वर्मा को लोअर बाजार, नवीन सोनी को लोवाडीह, ऋषि को हिंदपीढ़ी, सुबेश पांडेय को पंडरा, इंद्रजीत यादव को हरमू, रामजी प्रसाद को जगन्नाथपुर, पप्पू जयसवाल को हिनू, राम मनोज साहू को हटिया, पीयूष विजयवर्गीय को डोरंडा, विशाल साहू को अरगोड़ा, राम लगन राम को गोंदा, रणधीर सिंह को बरियातू, सुभाष अग्रवाल को कोकर और उमेश यादव को धुर्वा मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



जितेंद्र वर्मा

---

## खुले में गोवंश मांस बिक्री पर हाइकोर्ट सख्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने रांची एसएसपी को खुले में मुहल्लों या सार्वजनिक स्थलों पर गोवंश मांस की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बुधवार को मौखिक कहा कि रांची में सार्वजनिक स्थलों पर गोवंश मांस की बिक्री होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वे खुले में गोमांस की बिक्री होने की बात को वेरिफाई करेंगे। इससे पूर्व याचिकाकर्ता की ओर से डोरंडा के कुछ मुहल्लों में खुलेआम गोवंश मांस की बिक्री की फोटोग्राफ प्रस्तुत की गयी थी। कोर्ट ने रांची एसएसपी से पूछा कि झारखंड गो जातीय पशु वध निषेध अधिनियम 2005 के तहत रांची में क्या कार्रवाई की गयी है, इसकी जानकारी दें। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में अवैध रूप से संचालित 70 से अधिक मीट शॉप विक्रेताओं पर कार्रवाई की गयी है, जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि खुलेआम रांची में गोवंश मांस की बिक्री हो रही है, इस बात को कोर्ट से छुपाया गया है। राजधानी रांची सहित राज्य में मांस विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे हुए बकरा और मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन चिकेन और मीट दुकान संचालक नहीं कर रहे हैं। ये विक्रेता काले शीशे का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। कई मीट शॉप विक्रेता बिना लाइसेंस के ही अपनी दुकान चला रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पक्ष रखा।

---

## झारखंड गो सेवा आयोग की 12वीं बैठक पशुपालन भावन रांची में हुई

# 75 गोवंशीय पशुओं के लिए भोजनादि के लिए 7.50 लाख स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड गो सेवा आयोग की 12वीं बैठक अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में पशुपालन भवन रांची में हुई। गो सेवा आयोग के उपध्यक्ष राजू गिरि भी उपस्थित थे। आयोग की बैठक में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने वर्मी कंपोष्ट की खरीदारी और अन्य विषयों पर अपने विचार रखे। इसमें गो सेवा आयोग का वित्तीय वर्ष 2023-24 के व्यय-वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुलाई 2024 तक के व्यय-वित्तीय वर्ष के प्रस्तावित कार्ययोजना पर अनुमोदन किया गया। गोशाला न्यास हरमू रोड को 75 गोवंशीय पशुओं के लिए भोजनादि मद में द्वितीय किस्त 7.50 लाख की विमुक्ति का प्रस्ताव पर अनुमोदित किया गया।

वैद्यनाथधाम गोशाला देवघर को 83 गोवंशीय पशुओं के भोजनादि मद के लिए 7.47 लाख व्यय की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ कोडरमा गोशाला समिति यदुटांड़ झुमरी तिलैया में प्राधिकृत स्तर से जब्त कर रखे गये 27 गोवंशीय पशुओं के भोजनादि मद के लिए 9.85 लाख के व्यय की स्वीकृति दी गयी। दूसरी ओर झारखंड गो सेवा आयोग नियमावली 2007 के नियम 12 व्यय की रीति में दर्शित सीमा में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया।

बैठक में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव अल्बर्ट बिलुंग, वित्त विभाग के मनोज कुमार पाठक, पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डॉ सुशील प्रसाद, अपर सचिव मनोहर मरांडी, चंदन कुमार झा, डॉ संजय प्रसाद, मुकेश मिश्रा, डॉ प्रभात कुमार पांडेय, डॉ जय कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

---



## शपथ पत्र

शपथ पत्र संदर्भ संख्या 486 दिनांक 06.08.2024 के अनुसार मैं, सितामुनी देवी (Sitamuni Devi), पति - पांडू माँझी, उम्र लगभग 62, वर्ष, धर्म - हिन्दु, जिला -हजारीबाग (झारखण्ड) शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि - 1. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम सितामुनी देवी (Sitamuni Devi) है जो मेरे आधार कार्ड सं0 4688 4470 4878 में दर्ज है। 2. यह कि मेरे पेन कार्ड सं0 DZOPD9970C में मेरा नाम जितन देवी (JITAN DEVI) अंकित है। 3. यह कि सितामुनी देवी (Sitamuni Devi) और जितन देवी (JITAN DEVI एक ही महिला का नाम है जो मै स्वयं हूँ। 4. यह कि यह शपथ पत्र मैं बैंक के सक्षम पदाधिकारी को देने हेतु बना रही हूँ।

# बांग्लादेश में भारत की चुनौतियां बढ़ीं

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन सत्ता परिवर्तन तक जा पहुंचा। अतीत यही बताता है कि बांग्लादेश का संकट केवल उसका नहीं होता। जब-जब वह मुसीबत में घिरा है, तो उसकी परछाईं भारत तक भी आयी है। सवाल है कि इस बार वह परछाईं कैसी होगी?

**दोस्त का खोना:** बांग्लादेश में ऐसे समय बदलाव हो रहा है, जब एक और करीबी पड़ोसी मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में ठंडापन आया है। शेख हसीना की नीतियों में संतुलन था। घरेलू मोर्चे पर उनकी कार्यशैली को लेकर जो भी आलोचना रही हो, लेकिन विदेश मामलों में उन्होंने भारत, चीन और पश्चिम के बीच बैलेंस बनाये रखा था।

**व्यापार पर असर:** बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी व्यापारिक रिश्ते हैं। दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है बांग्लादेश। कोविड के बाद से दोनों के बीच व्यापार में लगातार बढ़ोतरी हुई है। दोनों मिलकर कई परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। इनमें भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन सबसे अहम है, जिसके जरिये हिंदुस्तान से रिफाइंड डीजल की आपूर्ति की जायेगी। साथ ही, अपने इस पड़ोसी देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारत ने बहुत निवेश किया है। हालात अधिक वक्त तक काबू से बाहर रहे, तो इन सब पर असर पड़ सकता है।

**बांग्लादेश में छात्र आंदोलन ने सत्ता परिवर्तन का माहौल बना दिया है। शेख हसीना की संतुलित नीतियों का असर भारत के साथ रिश्तों पर भी दिखा। अगर हालात बिगड़ते हैं, तो भारत को सुरक्षा और व्यापारिक मसलों पर सतर्क रहना पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठा सकते हैं।**

**सुरक्षा की चिंता:** शेख हसीना का भारत के साथ कूटनीतिक और राजनीतिक ही नहीं, भावनात्मक नाता भी है। इसी वजह से वह आतंकवाद और चीन से जुड़ी भारत की चिंताओं को बेहतर ढंग से समझती थीं। उन्होंने अलगाववादी और कट्टरपंथी ताकतों पर काफी हद तक लगाम लगाकर रखा थी। भारत को सतर्क रहना होगा कि ये ताकतें कहीं फिर से सिर न उठाने लगें।

**सीमा का मसला:** दोनों देश एक लंबी सीमा रेखा साझा करते हैं। भारत यह बिल्कुल नहीं चाहेगा कि पाकिस्तान और चीन के साथ अब एक और पड़ोसी से लगती सीमा पर उसके ज्यादा संसाधन खर्च हों।

**चीन का काउंटर:** छात्र आंदोलन जिस तरह से हिंसक होकर सत्ता परिवर्तन कराने वाली शक्ति में तब्दील हुआ, उससे कई संदेह पैदा होते हैं। इससे जुड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या इसके पीछे पाकिस्तान और चीन का हाथ है? इस पूरे घटनाक्रम से अगर किसी का फायदा हो सकता है, तो वह है चीन, जो पड़ोसियों की अस्थिरता का फायदा उठाने से नहीं चूकता।

**संबंध बनाये रखें:** बांग्लादेशी सेना के प्रमुख ने अंतरिम सरकार के गठन की बात कही है। इस बीच पूर्व पीएम खालिदा जिया की रिहाई के आदेश दिये गये हैं। खालिदा को चीन और पाकिस्तान समर्थक माना जाता है। लेकिन जो भी सरकार आती है, भारत को उसके साथ रिश्ते आगे बढ़ाने चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आये और फिर सैलाब आया। गांव के गांव दफन हो गये। चार सौ से अधिक घर देखते ही देखते मलबा हो गये। करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और दो सौ से ज्यादा लोग लापता बताये जा रहे हैं। यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? अब इस तरफ से ध्यान हटाना किसी भी नजरिये से मुनासिब नहीं है।

# प्रकृति की चेतावनियों को अनसुना करना ठीक नहीं

**डॉ आशीष वशिष्ठ**

**प्रकृति** का अत्यधिक दोहन और छेड़छाड़ के दुष्परिणाम वायनाड, जोशी मठ और केदारघाटी के तौर पर हमारे समक्ष हैं। प्रकृति बार बार किसी ने किसी घटना या तरीके से पूरी मानव जाति को चेतावनी और संदेश दे रही है, और हम लगातार प्रकृति के संदेशों को अनसुना और अनदेखा कर रहे हैं। 2013 में केदार घाटी में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आयी, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय है।

अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आये और फिर सैलाब आया। गांव के गांव दफन हो गये। चार सौ से अधिक घर देखते ही देखते मलबा हो गये। करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और दो सौ से ज्यादा लोग लापता बताये जा रहे हैं। यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है?

स्थावराणां हिमालयः, इस प्रसंग का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता के दसवें अध्याय के 25वें श्लोक में हुआ है। इसमें श्रीकृष्ण ने कहा है कि मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं। सुखमय जीवन के लिए वेदों में हिमालय की आराधना का उल्लेख भी हुआ है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य कुमारसंभव में हिमालय को धरती का मानदंड तथा दुनिया की छत व आश्रय बताया था। अनादिकाल से पहाड़ आध्यात्मिक चेतना की पुण्यभूमि रहे हैं। प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केंद्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं।

**हमें प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण ढंग से इस्तेमाल के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्ध होना होगा।**

16 जून 2013 को केदारनाथ धाम के पीछे मौजूद चोराबाड़ी ग्लेशियर के ऊपर बादल फटा। ग्लेशियर में बनी एक पुरानी झील में इतना पानी भर गया कि उसकी दीवार टूट गयी। पांच मिनट में पूरी झील खाली हो गयी। पानी इतनी तेजी से निकला कि केदारनाथ धाम से लेकर हरिद्वार तक 239 किलोमीटर तक सुनामी जैसी लहरें देखने को मिलीं। चारों तरफ तबाही और बर्बादी। हजारों लोग मारे गये। हजारों का आज भी पता नहीं चला। नदियों का बढ़ा जलस्तर देख डर लग रहा था। साल-दर-साल बीतते चले गये। हादसे के निशान तो अब भी पहाड़ों की ढलानों पर दिखते हैं।



उत्तराखंड का शहर जोशीमठ धीरे-धीरे जमीन में धंसता जा रहा है। 2023 में जोशीमठ से जुड़े समाचार देश दुनिया में छाये हुए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान संकट कई कारणों से उत्पन्न हुआ है, जिनमें वर्षों से चल रहा अनियोजित निर्माण, जलविद्युत परियोजनाएं और उचित जल निकासी व्यवस्था का अभाव शामिल है। 1976 में एक सरकारी रिपोर्ट में जोशीमठ में भारी निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गयी थी, जिसमें कहा गया था कि मिट्टी की भार वहन क्षमता की जांच के बाद ही इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में उचित जल निकासी और सीवेज प्रणाली के निर्माण तथा कटाव को रोकने के लिए कंक्रीट सीमेंट ब्लॉक लगाने का भी सुझाव दिया गया था। लेकिन विशेषज्ञों की हर हिदायत और चेतावनी को अनसुना किया गया।

वायनाड में जो कुछ हुआ, यह कुदरती मार नहीं, मानव-निर्मित घटना है, क्योंकि आदमी अपनी मौज-मस्ती और ऐयाशी के लिए पहाड़ों को तोड़ रहा है। पहाड़ों की चोटियों पर भी इमारतें बनायी जा रही हैं। केरल की भौगोलिक स्थिति परंपरागत पहाड़ों से भिन्न है, लेकिन देश भर के 80-85 फीसदी भू-स्खलन केरल में ही आते हैं।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, 2015 से 2022 तक 3782 भूस्खलन आये। उनमें से करीब 60 फीसदी केरल में ही आये। मौजूदा हालात पर विशेषज्ञों का मानना है कि अरब सागर का तापमान बढ़ने से बेहद घने बादल बने और उसी से केरल में कम समय में बहुत ज्यादा बारिश हुई। वायनाड पहाड़ी जिला है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां 2100 मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं।

विशेषज्ञों की मानें, तो जलवायु-परिवर्तन ने भी बारिश की स्थिति और भूस्खलन की तीव्रता को बढ़ाया है। एक शोध में कहा गया है कि जो वायनाड साल भर बूंदाबांदी और मानसून की बारिश वाला ठंडा, नम वातावरण वाला इलाका होता था, जलवायु-परिवर्तन के कारण अब सूखा, गर्म, लेकिन मानसून के दौरान भारी, तीव्र बारिश वाला क्षेत्र बन गया है। इस बदलाव से भूस्खलन का जोखिम बढ़ा है। 2018 के मानसून में भी खूब बारिश हुई थी, तब करीब 400 लोगों की जान चली गयी थी। उसके बाद केरल में भू-स्खलन वाला क्षेत्र बढ़ गया है। इस हादसे, संकट या घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

देश में हर राज्य में, हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसी घटनाओं से सबक भी सीखना चाहिए। विकास-कार्य जापान और ताइवान सरीखे देशों में भी हो रहे हैं। वहां भी पहाड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन ऐसे हादसों से बचने के बंदोबस्त भी किये जा रहे हैं। वे दीवार पुश्ता लगाना हो अथवा पेड़-पौधों का रोपण या कुछ और बंदोबस्त करना हो, जापान इसमें अग्रणी रहा है। वहां के पहाड़ों को स्थिर बनाये रखने के लिए विशेष तरह की जालियां तक लगायी गयी हैं। देश के उत्तराखंड राज्य में टिहरी बांध में ढलानों की कटाई के बाद बेहतर सुरक्षा उपाय किये गये हैं। ताइवान ने पहाड़ पर दबाव मापी यंत्र लगाकर एक भिन्न प्रयोग किया है। इससे यथासमय पता चल जाता है कि पहाड़ पर कितना दबाव है और वह लोगों को पहाड़ के दरकने को लेकर आगाह कर देता है। हमारे देश में तो निर्माण-कार्य बेलगाम और अनियोजित तरीके से किये जाते हैं। खनन तक धड़ल्ले से कराया जाता है। पहाड़ को काटते-तोड़ते रहेंगे, तो ऐसे प्रलय कैसे रोके जा सकते हैं? इस विषय पर गंभीर चिंतन होना चाहिए।

निस्संदेह, मौजूदा परिस्थितियों में जरूरी है कि विभिन्न राज्यों में ऐसी आपदाओं से बचाव की तैयारी करने और निपटने के लिए तंत्र को बेहतर ढंग से सुसज्जित करने के तौर-तरीकों पर भी युद्धस्तर पर काम किया जाये। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश में आपदा प्रबंधन की दिशा में प्रतिक्रियाशील तंत्र सक्रिय हुआ है और जान-माल की क्षति को कम करने में कुछ सफलता भी मिली है, लेकिन इस दिशा में अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

अपनी आबादी की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की तुलना में देश कहीं ज्यादा तेजी से प्राकृतिक संसाधनों को खत्म कर रहे हैं। गौरतलब है कि इन देशों में भारत भी शामिल है, जो अभी भी अपने देश में रहने वाले लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। यह जानकारी हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स द्वारा वर्ष 2021 में किये गये एक अध्ययन में सामने आयी है, जो कि जर्नल नेचर सस्टेनेबिलिटी में प्रकाशित हुआ है। वायनाड की त्रासदी का बड़ा सबक यह है कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण ढंग से इस्तेमाल के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्ध होना होगा। केदारनाथ, जोशीमठ और वायनाड में प्रकृति के रौद्र रूप हम देख और भोग चुके हैं। इसलिए समय रहते प्रकृति की चेतावनियों और संदेशों को समझना होगा, अपितु आने वाले समय में प्रकृति का रौद्रता का आकार विशाल और भयानक हो सकता है।


**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# केंद्र सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे: भैयाजी जोशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश के मौजूदा हालात में वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत ने भी चिंता जतायी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत सरकार से मांग की है कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। संघ के पूर्व सरकार्यवाहक और अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि बांग्लादेश एक अलग देश है और वहां स्वंयसेवी संगठन के तौर पर काम करने में हमारी कुछ मर्यादा है। उन्होंने कहा कि हमने सरकार से अपील की है कि वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये और हमें विश्वास है कि सरकार जरूरी कदम उठायेगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से जो खबरें सामने आ रही हैं, उससे ऐसा दिख रहा है कि वहां हिंदू निशाना बनाये जा रहे हैं।



### बांग्लादेश में क्या है स्थिति

बांग्लादेश में हिंदूमहाजोत के जनरल सेक्रेटरी गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने एक वीडियो मैसेज जारी करते हुए कहा कि ये खबरें आ रही थीं कि कई मंदिरों में तोड़फोड़ हुई हैं। हमने भी यह सुना। फिर जब चेक किया तो पता चला कि ढाका के एक मंदिर में ऐसा हुआ है, लेकिन वहां पर जमीन को लेकर विवाद था। इस्कॉन मंदिर के क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट आयी, लेकिन यह गलत थी। उन्होंने कहा कि यहां विरोध तानाशाह शेख हसीना के खिलाफ है, न कि किसी हिंदू या अल्पसंख्यक के खिलाफ। आवामी लीग के कुछ हिंदू नेताओं के घर और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हमला हुआ और आग लगायी गयी, लेकिन अब स्थिति ठीक हो रही है।

## बिहार के राजद विधायक ने लगायी गुहार

# हे भोलेनाथ! नीतीश को सद्बुद्धि दें कि वह महागठबंधन में आ जायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वैशाली।** सावन का महीना चल रहा है। इस महीने में हिंदू धर्म के लोग भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। इसी क्रम में बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक मुकेश रोशन ने भगवान शिव से अनोखी विनती की है। सावन के पावन महीने में राजद विधायक मुकेश ने भोले बाबा से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'सद्बुद्धि' देने की प्रार्थना की है। विधायक ने कहा, हे भोलेनाथ, नीतीश कुमार को सद्बुद्धि दें कि वह महागठबंधन में वापस आ जायें। हम इनका स्वागत करेंगे। राजद विधायक की विनती से बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। हाजीपुर में शिव मंदिर में पूजा करने के बाद बाहर निकले राजद विधायक ने मीडिया से बात की। मीडिया से बात करते हुए मुकेश रोशन ने कहा, हे भोलेबाबा, नीतीश कुमार के ऊपर जंतर-मंतर फेंके, जिसका असर हो।



राजद विधायक का मानना है कि भाजपा के साथ जाने से नीतीश कुमार के शासन में विकास की गति धीमी हो जाती है। विधायक ने नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के साथ के शासनकाल को याद करते हुए कहा कि तब बिहार विकास के पथ पर अग्रसर था। उन्होंने जातीय जनगणना और आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उठाया। राजद विधायक ने कहा कि 'जब-जब नीतीश कुमार भाजपा के साथ जाते हैं, तो विकास रुक जाता है। बिहार में लूट, हत्या और अपराध बढ़ जाता है। महागठबंधन में नीतीश कुमार के साथ तेजस्वी यादव थे, तो बिहार में विकास हो रहा था। जातीय जनगणना करायी गयी थी और आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया था, लेकिन मामला न्यायालय में अटका हुआ है। राजद विधायक का यह बयान ऐसे समय आया है, जब बिहार में इसी साल चार सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होना है। सभी राजनीतिक दल चुनावी तैयारियों में जुट गये हैं। इसके पहले राजद ने नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने का न्योता दे दिया है।

## सलमान खुर्शीद के बयान पर भड़की भाजपा

# यह कांग्रेस की अराजकतावादी सोच: पात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के उस बयान को अराजकतावादी करार दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी पैदा हो सकते हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने संसद के बाहर मीडिया से कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। जब हम पड़ोसी देशों में ऐसे हालात देख रहे हैं, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस चाहती है कि भारत में भी ऐसी ही स्थिति हो। मंगलवार रात कांग्रेस नेता खुर्शीद ने एक कार्यक्रम में कहा था कि ऊपरी तौर पर भले ही सब कुछ सामान्य लगे, लेकिन बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है।



डॉ पात्रा ने पूछा कि क्या यह कांग्रेस की तरफ से चेतावनी है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं ने भी इसी तरह की टिप्पणी की है कि बांग्लादेश की तरह भारत में भी विरोध प्रदर्शन और आगजनी होगी। पात्रा ने कहा कि सलमान खुर्शीद ने कांग्रेस की तरफ से ये चेतावनी दी है। पुस्तक विमोचन समारोह में शशि थरूर सहित अन्य नेता भी मौजूद थे और एक तरह से उन्होंने जो कहा गया, उसका समर्थन किया। पात्रा ने प्रश्न किया, कांग्रेस पार्टी की सोच क्या है? राहुल गांधी कहते थे कि इस देश में आगजनी होगी, दंगे होंगे, प्रधानमंत्री पर हमले होंगे, वह ऐसा क्यों कह रहे थे। उन्होंने विदेश यात्राओं के दौरान गांधी की भारत विरोधी टिप्पणियों पर भी सवाल उठाया। पात्रा ने कहा कि क्या देश की मुख्य विपक्षी पार्टी भारत में भी यही चाहती है? वे चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। इसलिए वे इस तरह की अराजकता को बढ़ावा देकर अपनी हताशा निकाल रहे हैं और देश को विनाश की ओर धकेल रहे हैं। कांग्रेस की यह साजिश जनता के सामने उजागर हो चुकी है।

# अभियोजन की गुणवत्ता पर ध्यान दे इडी: सुप्रीम कोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** धनशोधन मामले में सजा की दर पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्ज्वल भुइयां की तीन जजों की पीठ ने संसद में दिये गये एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि इडी को सजा की दर बढ़ाने के लिए कुछ वैज्ञानिक जांच करनी चाहिए। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लोकसभा को सूचित किया कि प्रवर्तन निदेशालय ने साल 2014 से 2024 के बीच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुल 5297 मामले दर्ज किये, जबकि 40 मामलों में दोषसिद्धि हासिल की गयी। दरअसल शीर्ष अदालत छत्तीसगढ़ के एक व्यवसायी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे कोयला परिवहन पर अवैध लेवी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस पर पीठ ने इडी से कहा कि आपको अभियोजन पक्ष और साक्ष्य की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि सभी मामले जहां आप संतुष्ट हैं कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है, आपको उन मामलों को अदालत में साबित करने की आवश्यकता है।

# नौ राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव 3 सितंबर को




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही संवाददाता)। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि नौ राज्यों की खाली हुई 12 राज्यसभा सीटों के लिए तीन सितंबर को चुनाव होगा। इसके लिए 14 अगस्त को अधिसूचना जारी कर दी जायेगी। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 अगस्त होगी। भरे गये नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जायेगी। तीन सितंबर को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चुनाव होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से वोटों की गिनती शुरू कर परिणाम घोषित कर दिया जायेगा। आयोग ने बताया कि नौ राज्यों में से 10 राज्यसभा सदस्यों की सीट उनके लोकसभा चुनाव जीतने के बाद खाली हो गयी, जबकि तेलंगाना से डॉ के केशव राव द्वारा बीआरएस छोड़कर कांग्रेस में जाने और ओड़िशा से ममता मोहंता के बीजेडी छोड़कर भाजपा में जाने के बाद दोनों ने इस्तीफा दे दिया था। सात राज्यों से 10 सदस्यों के लोकसभा चुनाव लड़ने से राज्यसभा सीट खाली हो गयी थी। ये 10 सदस्य लोकसभा चुनाव जीत गये थे। इनमें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत मौजूदा सदस्यों के लोकसभा सदस्य बनने के बाद राज्यसभा की 10 सीट खाली हो गयी थी।

# आज लोकसभा में आयेगा वक्फ बोर्ड संशोधन बिल, रिजिजू करेंगे पेश




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही संवाददाता)। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर सियासत काफी गरमा गयी है। इस बिल को गुरुवार को मोदी सरकार लोकसभा में पेश करने वाली है। इस बिल को सदन में सुबह 11 बजे अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू पेश करने वाले हैं। एक तरफ एनडीए इस बिल को पास करवाने की कोशिश करेगा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष इसका पुरजोर विरोध करेगा। बता दें कि वक्फ बोर्ड अधिनियम संशोधन बिल 2024 के जरिये सरकार 44वां संशोधन करने जा रही है। केंद्र सरकार ने कहा कि यह बिल लाने का मकसद वक्फ की संपत्तियों को सुचारू संचालन करना और उसकी देखरेख करना है। वक्फ कानून 1950 के सेक्शन 40 को हटाया जा रहा है। इसके तहत वक्फ को किसी भी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने का अधिकार था।

# छत्तीसगढ़ में बिजली के झटके से तीन साल में 21 हाथियों की मौत

रायपुर (आजाद सिपाही संवाददाता)। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन सालों में बिजली के झटके से 21 हाथियों की मौत हो गयी है। इस पर छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन- चाहे वह मनुष्य का हो या जानवर का, अनमोल है। दरअसल, छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट में बिजली के झटकों से हुई हाथियों की मौत पर एक पीआइएल डाली गयी थी। इसी पर हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि क्या ऐसी मौतें अनियंत्रित रहेंगी? क्या हो रहा है, क्या उपाय किये जा रहे हैं? यदि आप वन्यजीवों को नहीं बचा सकते, तो हम बर्बाद हो जाएंगे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# गढ़वा इलाके के हर क्षेत्र में विकास झलकता है : मंत्री

**दो करोड़ की लागत से होगा दो सड़कों का निर्माण, मिली स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से दो सड़कों का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली इन सड़कों की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।



जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड में दरमी कब्रिस्तान से निसार खां के घर तक 99 लाख 87 हजार रुपये की लागत से 1.2 किलोमीटर तथा मेराल प्रखंड में गढ़वा-मझिआंव पीडब्लयूडी मुख्य पथ हारणदुबे से तरके पीएमजीएसवाई पथ तक 99 लाख 90 हजार 900 रुपये की लागत से लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जायेगा। इसकी स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये दोनों सड़कें अतिमहत्वपूर्ण हैं। इन सड़कों के निर्माण से आधा दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि इन सड़कों की स्थिति काफी जर्जर थी। ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस क्षेत्र के ग्रामीण बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। लंबे समय से क्षेत्र के लोग इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि उन्होंने ग्रामीणों से इसका निर्माण कार्य कराने का वादा किया था, वह अब पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि पूरे गढ़वा में कोई भी गांव व टोला बेहतर कनेक्टिविटी से वंचित नहीं है। उन्होंने अपने वादा के मुताबिक सभी गावों को बेहतर सड़कों से जोड़ दिया है। गढ़वा के अधिसंख्य जर्जर सड़कें अब बेहतर बन गयी है। शेष बचे सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र ही कराया जायेगा। अभी बहुत सारी योजनाएं पाईपलाइन में हैं। मंत्री ने कहा कि सभी मूलभुत सुविधाओं के साथ-साथ बेहतर सड़कों का निर्माण विकास का आईना होता है। आज गढ़वा में जहां भी कदम रखें हर क्षेत्र में विकास झलकता है।

## 1200 कांवरियों को आज रवाना करेंगे मंत्री मिथिलेश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर 1200 कांवरियों को आज गुरुवार को बोल बम के लिए रवाना करेंगे। गढ़वा के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों से बोल बम जाने वले कांवरियों के लिए मंत्री श्री ठाकुर की ओर से 25 बसों की व्यवस्था की गयी है। गुरुवार को सभी कांवरिया नया समाहरणा के बगल में स्थित द शिवा रिसॉर्ट में जमा होंगे। यहां से सभी को भोजन के बाद मंत्री श्री ठाकुर कांवरियों के साथ पैदल मार्च करते हुए मां काली मंदिर पहुंचे। मां काली मंदिर और मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सभी बस स्टैंड पहुचेंगे। यहां से मंत्री श्री ठाकुर सभी कांवरियों को बोल बम के लिए रवाना करेंगे। सभी कांवरियों के लिए रास्ते का जलपान और भोजन की भी व्यवस्था की गयी है।

## एनसीसी में नामांकन के लिए 31 कैडेट चयनित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आज एसपीडी कॉलेज गढ़वा में एनसीसी में नामांकन के लिए भर्ती जांच प्रक्रिया पुरि किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के एएनओ धीरज कुमार मिश्रा, हवलदार पवन कुमार तथा सूबेदार डी के साहनी के नेतृत्व में नामंकन का जांच प्रक्रिया पूरा किया गया। इस दौरान 1600 मीटर दौड़ सीटअप पुष्पआप के साथ-साथ लिखित परीक्षा भी आयोजित की गयी। जांच प्रक्रिया पूरा करने के बाद नामांकन के लिए जांच प्रक्रिया में शामिल 50 विद्यार्थियों में से 31 कैडटों को नामांकन के लिए चयनित कर लिया गया।

## सैनिक के घर से नकदी समेत 50 लाख की संपत्ति की चोरी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के रिहायशी इलाका पीपरा खुर्द में चोरों ने सैनिक के घर से लगभग पचास लाख रुपये की चोरी की है। जिसमें सोना, चांदी के गहने और नगदी सहित अन्य कई सामान की चोरी की गयी है। बताते चलें कि इस घर में पिता सेवानिवृत सैनिक हैं। जबकि उनके दोनों बेटे फिलवक्त आर्मी में पोस्टेड हैं। घर मालिक सेवानिवृत सैनिक पीड़ित ललन सिंह ने बताया कि जिस समय घर में चोरी हुई उस वक्त घर में मै और मेरी बीमार पत्नी और एक छोटा पोता था। इस घटना के पूर्व भी संभवतः इसी गिरोह द्वारा दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस चोरी की वारदात के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, शहर थाना प्रभारी बृज कुमार और पुलिस बल के साथ चोरी वाले घर में पहुंच जांच करने के साथ साथ पीड़ित ललन सिंह से पूरी जानकारी ली। उधर एफसीएल की टीम भी जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि गढ़वा जिला पुलिस टीम पूरी तरह सशक्त है। हर छोटे बड़े मामलों का त्वरित अनुसंधान करते हुए उसका खुलासा किया जा रहा है। चोरी की इस घटना की जांच के साथ-साथ चोरों की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी भी शुरू कर दी गयी है। जल्द ही चोर गिरफ्त में होंगे।

## महिला ने आपसी विवाद में कुंआ में कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर के केतार दासीपूर गांव में एक महिला आपसी विवाद में कुंआ में कूद कर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसमें महिला को गंभीर रूप घायल हो गयी। ग्रामीणों के सहयोग से महिला को कुंआ से बाहर निकाला गया। घायल महिला को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया। इस घटना में महिला को कमर और माथा में गंभीर चोट लगी है। घायल सरमिला देवी पति आशीष गुप्ता के ससुर सुगा साह ने बताया कि 15 दिनों से मेरी बहु अपने मैके गयी थी। इधर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पेंशन फॉर्म भरने के लिए आशीष दासीपुर घर बुलाया था। आधार कार्ड खोजबीन के मामले में दोनों पति पत्नी के बीच विवाद होने के कारण गुस्सा में सरमीला देवी घर के बगल के कुंवा में कूद गयी। गनीमत था की उसके गोद से बच्चे को छीन लिया गया था, वरना इस घटना में दोनों की जान जा सकती थी।

# चोरी की दो बाइक के साथ गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने पिछले कुछ महीनों से गढ़वा शहर में लगातार घट रही बाइक चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बाइक चोर गिरोह के सदस्यों से पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चार मास्टर चाबी तथा एक मोबाइल बरामद किया है।



इस संबध में जानकारी देते हुए एसडडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि पिछले कुछ महीनो से लगातार चोरी की घटना घट रही थी। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा एसआईटी का गठन किया गया था। एस एसआईसीटी के सदस्यों द्वारा शहर के सदर अस्पताल कचहरी और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सादे लिवास में पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगायी गयी। इसी क्रम में मंगलवार को शाम को संदेह के आधार पर पुलिस के द्वारा पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के उमैनी गांव निवासी विकास यादव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान विकास ने बतलाया कि उसके दो अन्य साथी गढ़वा बस स्टैंड पर बाइक चोरी के फिराक में है। पूछताछ के दौरान चोर गिरोह के सदस्य ने बताया कि वे लोग मास्टर चाबी से बाइक को खोलकर चोरी कर फरार हो जाते थे।

## विश्रामपुर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे मंत्री

गढ़वा (आजाद सिपाही)। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आगामी नौ अगस्त को रंका प्रखंड के विश्रामपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के तत्वावधान में संत जोसेफ उच्च विद्यालय विश्रामपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की। जानकारी देते हुए बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

# ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपनी कर किया प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत के वार्ड संख्या 13 बबुराहा टोले पर मझिगावां पंचायत सचिवालय से होते हुए जो नवका बांध से आगे मध्य विद्यालय और अकड़हवा टोले पर जाने वाली एक किमी लंबी कच्ची सड़क का बारीश होने के बाद ग्रामीणों का आना-जाना काफी मुश्किल हो जाता है। पंचायत सचिवालय पर पंचायत के ग्रामीण, मुखिया सहित पंचायत कर्मियों का आना जाना भी लगा रहता है। ग्रामीणों में वार्ड सदस्य टिंकू चौबे, उपेंद्र पासवान, सोनू यादव, संजय यादव, आलोक यादव, रामनाथ यादव, गिरवर राम, प्रिंस यादव, लल्लू यादव, नरेश रजवार आदि ने इस कच्ची सड़क पर धान का रोपाई कर काफी विरोध जताया है। ग्रामीण ने यह भी कहा कि वर्षों पहले थोड़ा बहुत मोरममिट्टी डाल कर सड़क बनाया गया था। जिससे सरकारी राशि का दूरूपयोग भी किया गया, सड़क जैसा का तैसा है। पंचायत के मुखिया रीता देवी ने बताया कि सिंचाई विभाग गढ़वा के द्वारा नहर पक्कीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिससे नहर के मिट्टी को निकाल कर सड़क पर डाल दिया गया है। इस वजह से ग्रामीणों सहित सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है।

## धुरकी थाना प्रभारी ने जेसीबी से सड़क के पानी को निकलवाया

धुरकी (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को कई दिनों से प्रखंड अंतर्गत टाटीदीरी बजार के समीप मुख्य सड़क पर वर्षो से सड़क पर जल जमाव से स्थानीय ग्रामीणों तथा राहगीरों के परेशानी को लेकर ग्रामीणों द्वारा सूचना मिल रही थी। इसी बाबत पुनः डॉक्टर यासीन के माध्यम से सूचना मिली की टाटीदिरी बाजार के मुख्य सड़क में काफी पानी का जमाव हो गया है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। इसके बाद थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए अंचलाधिकारी धुरकी जुल्फिकार अंसारी को सूचित किया, जिसके बाद अंचलाधिकारी धुरकी भी वहां पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों, अंचलाधिकारी धुरकी, डॉक्टर यासीन, अखिलेश पासवान के सहयोग से जेसीबी मशीन से पानी को निकलवाया, तथा सड़क पर जलजमाव से गंदगी को सफाई कराते हुए सड़क के बगल किये गये अतिक्रमण से मुक्त कराया।

# मंईयां सम्मान योजना शिविर में कर्मियों के नहीं पहुंचने से नाराज झामुमो के लोगों ने की तालाबंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर में कर्मियों के नहीं पहुंचने से नाराज झामुमो के लोगों ने बुधवार को गरबांध पंचायत सचिवालय में तालाबंदी कर दी। तालाबंदी की सूचना पर पहुंची बीडीओ अदिती गुप्ता ने लोगों को काफी समझाने और गुरुवार से व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने का आश्वासन देने के कई घंटे बाद ताला खुलवाया।



गरबांध पंचायत के ग्रामीणों ने झामुमो के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय को सूचना दिया की पंचायत सचिवालय पर आवेदन भरने के लिये बड़ी संख्या महिलाएं पहुंची हैं। लेकिन शिविर में कोई कर्मियों के नहीं पहुंचने के कारण कार्य ठप्प है। उन्होंने इसकी सूचना मोबाईल पर पदाधिकारियों को दी। लेकिन सकारात्मक जबाब नहीं मिलने से नाराज झामुमो कार्यकर्ताओं ने मुक्तेश्वर पांडेय के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय में ताला बंद कर दिया तथा पदाधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

### बीजेपी के इशारों पर काम कर रहे हैं पदाधिकारी: पांडेय

तालाबंदी के दौरान मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुये मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को सशक्त बनाने और सम्मान देने के लिये मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। प्राथमिकता के आधार पर इस योजना को पूरा करने के लिये गांव-गांव में शिविर लगाकर महिलाओं से आवेदन लेने का निर्देश सरकार ने दिया है।

महिला खेती बाड़ी छोड़कर इस योजना का लाभ लेने के लिये आवेदन देने आती हैं। लेकिन यहां कोई कर्मी नहीं हैं, जिसके कारण काम नहीं हो रहा है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जायेगी।

उधर इस संबंध में बीडीओ अदिती गुप्ता ने तालाबंदी की सूचना पर पंचायत सचिवालय पहुंची। बीडीओ ने झामुमो नेताओं और महिलाओं को आश्वस्त किया कि गुरुवार से व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर दिया जायेगा। जिसके बाद पंचायत सचिवालय का बंद ताला खोला गया। उधर गरबांध पंचायत सचिवालय में कर्मियों के नहीं पहुंचने की खबर मिलने पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मन्नू बाबा भी गरबांध पहुंचे।

पदाधिकारियों को इसे दूर करना होगा। इस मौके पर झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, पूर्व मुखिया सोहन उरांव, मुखिया सेबिस्तियानी केरकेटा, पारसनाथ यादव, नवीन प्रताप देव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/gmsp.jbvnl@rediffmail.com

**Notice inviting tender for procurement through rate contract**

JBVNL invites online e-tender from reputed, technically experienced and financially sound manufacturers/ authorized supplier only for supply of following Material through rate contract :-

| Sr | NIT/Tender notice No. and description of item | Tender fee | Date of publication of tender on website | Document download start date & time | Online Bid Submission start date | Online Bid Submission end date | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 63/PR/JBVNL/2024-25 BDV Oil Testing instrument | Rs 10000/- + GST | 07/08/2024 from 13:00 Hrs. | 07/08/2024 from 13:10 Hrs. | 07/08/2024 from 13:20 Hrs. | 28/08/2024 upto 18:00 Hrs. | 29/08/2024 at 18: 00 Hrs. |

NOTE:- (i) Only e-tenders will be accepted. Further details can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 9431135523/ 9430348596, NIC helpline No. 0651-2400178
(ii) Tender fee & EMD must be paid through online mode.
(iii) Tender fee is non-refundable.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (S&P)

PR 331965 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/gmsp.jbvnl@rediffmail.com

**Notice inviting tender for procurement through rate contract**

JBVNL invites online e-tender from reputed, technically experienced and financially sound manufacturers/ authorized supplier only for supply of following Material through rate contract :-

| Sr | NIT/Tender notice No. and description of item | Tender fee | Date of publication of tender on website | Document download start date & time | Online Bid Submission start date | Online Bid Submission end date | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 62/PR/JBVNL/2024-25 Electrical & Mechanical Tools, Electrical safety equipment, chain pulley, Grinder, Welding machine, Fire extinguisher etc. for MRT/TRW/Store of JBVNL. | Rs 10000/- + GST | 07/08/2024 from 13:00 Hrs. | 07/08/2024 from 13:10 Hrs. | 07/08/2024 from 13:20 Hrs. | 28/08/2024 upto 18:00 Hrs. | 29/08/2024 at 18: 00 Hrs. |

NOTE:- (I) Only e-tenders will be accepted. Further details can be seen on website http:jharkhand tenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 9431135523/ 9430348596, NIC helpline No. 0651-2400178
(ii) Tender fee & EMD must be paid through online mode.
(iii) Tender fee is non-refundable.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (S&P)

PR.NO.331958 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D



**Government of Jharkhand Directorate of Sports & Youth Affairs**
(Department of Tourism, Art-Couture, Sports & Youth Affairs)
Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi
**e-tender Notice**

NIT No. – 05/2024-25 Dated 06.08.2024

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type works and having sound financial status:

| RFP No. | Name of the works | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- |
|---|---|---|---|
| 04/2024-25 | Establishment and Operation of High-Performance Sports Science Centre in Ranchi, Jharkhand | 50,00,000/- | 10,000/- |
| Date of Publication of e-Tender on Website | | 08.08.2024 at 11:00 AM | |
| Start Date of Submission of Bids | | 08.08.2024 at 02:00 PM | |
| Last date and time of Submission of Bid | | 29.08.2024 at 05.00 PM | |
| Pre-Bid Meeting | | 16.08.2024 at 04.00 PM | |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | | 30.08.2024 at 11.30 AM | |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | | Will be intimated in due course | |
| Tendering Officer and address for communication | | Directorate of Sports & Youth Affairs, Birsa Munda Football Stadium, Gate No: 28/29, Morabadi, Ranchi, Jharkhand – 834 008 | |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in.
2. Cost of bidding document for a non-refundable fee & Bid Security (EMD) shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in.
3. Any Changes or any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in.

Sd./-
Director Directorate of Sports & Youth Affairs.

PR 331954 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-13/2024-25(2nd Call) दिनांक – 07.08.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 08.08.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.08.2024 ( अपराह्न 05:00 बजे तक )
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.08.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ओकबा नाला में चेकडैम निर्माण कार्य। | बसिया | 6897000.00 | 138000.00 | 10000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 332154 Minor Irrigation(24-25).D



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा**

राष्ट्रीय लोक अदालत, 2024 सह
मासिक लोक अदालत, 2024
दिनांक – 28 सितम्बर, 2024 शनिवार
स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा
समय– 10:30 बजे

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ,राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 28 सितम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत–सह–मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न प्रकार के मामलें का निष्पादन किया जाना है:–

1. बैकिंग सम्बंधी मामलें
2. धारा 138 एन आई एक्ट
3. मोटर दुर्घटना दावा वाद
4. श्रम विवाद सम्बंधी मामलें
5. पारिवारिक विवाद
6. भू–अर्जन
7. सेवा सम्बंधी मामलें
8. दिवानी मामले
9. राजस्व मामले
10. खनन सम्बंधी मामले
11. बिजली एवं पानी से सम्बंधित
12. दूरभाष सम्बंधी मामले ।

दिनांक 28 सितम्बर, 2024 को प्रात: 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्य व्यवहार न्यायालय सिमडेगा में अपराहन 04:00 बजे तक चलेगा।

अत: सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि उपरोक्त वादो से संबंधित मामलों को संबंधित विभाग से सर्म्पक कर अधिक से अधिक वादों का निपटारा कर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें तथा इसे सफल बनायें।

नोट: राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस के दिन व्यवहार न्यायालय के परिसर में स्थित जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा सचिव, जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा मो0 नं0 9263065799 से संपर्क कर सकते हैं।

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।
श्री सौरभ, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जि0 वि0 से0 प्रा0, सिमडेगा
श्री अजय कुमार सिंह, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष
श्री राजीव कुमार सिन्हा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष सह अध्यक्ष जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 332150 Simdega (24-25)_D

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर में काफी संख्या में पहुंच रही हैं महिलाएं

# सर्वर स्लो से ऑनलाइन एंट्री की रफ्तार धीमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय भवन में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर चल रहे शिविर में योजना का लाभ लेने के लिए काफी संख्या में महिलाएं पहुंच रही है। शिविर में पहुंच रही महिलाएं राज्य सरकार की योजना को लेकर काफी खुश है। लेकिन इस बीच सभी पंचायतों में सर्वर डाउन एक विकट समस्या बना हुआ है। ऐसे में घरेलू कामकाज छोड़कर शिविर में पहुंच रही महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सर्वर डाउन होने के कारण मंईयां सम्मान योजना के आवेदनों के ऑनलाइन इंट्री में काफी परेशानी हो रही है। जिसे तत्काल ठीक करने की आवश्यकता है। हालांकि बुधवार को सर्वर स्लो रहा लेकिन कुछ महिलाओं के जमा आवेदन की इंट्री हो पायी। वहीं तुमांग पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली ने कहा कि यह योजना बीते 3 अगस्त से शुरू होकर आगामी 10 अगस्त तक निर्धारित था। लेकिन सर्वर डाउन की समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा 5 दिन का समय अवधी बढ़ाया दिया गया है। साथ ही ऑफ लाइन आवेदन जमा करने की भी व्यवस्था की गयी है।



खलारी के तुमांग पंचायत सचिवालय भवन शिविर में उपस्थित महिलाएं।

## खलारी प्रखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अब तक 527 आवेदनों की हुई एंट्री

खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रहे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर में लाभुक महिलाओं के द्वारा आवेदन जमा करना जारी है। पुरे प्रखंड में अब तक कुल 527 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री हो चुकि है। वहीं बुधवार को सभी पंचायत भवन में आयोजित शिविर में पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं शिविर के दौरान सर्वर डाउन रहने के कारण जमा आवेदन की एंट्री काफी स्लो रही। पूरे प्रखंड में बुधवार को कुल 813 आवेदन जमा हुए। वहीं 405 आवेदनों का आनलाइन एंट्री किया जा सका है।

# सांसद कालीचरण मुंडा ने राहुल गांधी से मुलाकात की



आजाद सिपाही सवांददाता

**नयी दिल्ली/तमाड़।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने बुधवार को संसद भवन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल गांधी ने कालीचरण मुंडा को केंद्रीय मंत्री के खिलाफ चुनाव लड़कर शानदार जीत हासिल करने पर बधाई दी। इस दौरान दोनो नेताओं के बीच लगभग दस मिनट तक बातें हुईं। जिसमें राहुल गांधी ने झारखंड में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी ली और विधानसभा चुनाव की तैयारियों व स्थिति पर भी बातचीत की।

राहुल गांधी ने कालीचरण मुंडा से झारखंड की समस्याओं खासकर झारखंड में आदिवासियों की स्थिति से संबंधित जानकारी ली। कालीचरण मुंडा ने राहुल गांधी से एक बार फिर खूंटी आने का अनुरोध किया।

## खलारी जामा मस्जिद कमेटी के सदर और सेक्रेटरी पद के लिए हुआ चुनाव

# गुलाम और फैय्याजुद्दीन सिद्दीकी सेक्रेटरी चुने गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी जामा मस्जिद कमेटी के सदर और सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान कमेटी के 63 सदस्यो ने सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक अपने वोट डाले। जिसके बाद वोटों की गिनती की गयी। जिसमें 40 वोट प्राप्त कर गुलाम रसूल सदर पद के लिए चुने गये और 48 वोट प्राप्त कर फैय्याजुद्दीन सिद्दीकी जामा मस्जिद खलारी के सेक्रेटरी बने। दोनों के निर्वाचित होने पर जामा मस्जिद खलारी कमेटी के लोगों ने खुशी प्रकट करते हुए दोनों को बधाई दी। बधाई देने वालों में मोहम्मद शाहनवाज आलम, गुलाम सरवर, जहीर अंसारी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहमद, असलम अंसारी, शाहिद अंसारी, मो अल्ताफ, नसीम अंसारी, नसीम अहमद, मोहम्मद चांद, अशरफ खान, मोहम्मद तबारक, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद सरताज, मोहम्मद वारिस, सब्बा कैसर सहित अन्य शामिल है।



# डकरा स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में जिप सदस्य की अनुशंसा पर बनेगा चार कमरा

आजाद सिपाही सवांददाता

**खलारी।** जिप सदस्य शाल्या परवीन की अनुशंसा पर खलारी प्रखंड के डकरा स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में चार कमरा बनवाया जायेगा। इसे लेकर जिला परिषद रांची के कनीय अभियंता संजीत कुमार बुधवार को खलारी पहुंचे। ज्ञात हो कि अभी हाल ही में जिप सदस्य शाल्या परवीन ने जिला परिषद में इस समस्या को रखकर यहां पर भवन बनाने की मांग की जिसके बाद बुधवार को कनीय अभियंता संजीत कुमार विद्यालय आकर भवन बनाने के लिये मापी की। इसके अलावे बमने मे बजरंगबली मंदिर से मनातू तक डेढ़ किलोमीटर कालीकरण रोड तथा केडीएच भुइयां टोली मे विवाह मण्डप का निर्माण का भी मापी जिप सदस्य के अनुशंसा पर किया गया। इस मौके पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, राजू पासवान, मनोज बैठा, चैता महतो, फिरोज अंसारी शामिल थे।



## मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेलवे ट्रैक के बिजली प्रवाहित तार पर पेड़ गिरा



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज रेलवे स्टेशन के धुर्वा मोड़ गेट संख्या 08/ए/टी के निकट मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे एक पेड़ 25 हजार वोल्ट बिजली प्रवाहित पोल संख्या 0/6 के पोल व तार पर गिर गया। जिससे मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल खंड पर मालवाहक ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। ज्ञात हो कि रेलवे द्वारा उक्त ट्रैक का उपयोग राजधर साईडिंग से सिर्फ कोयला ढुलाई के लिए किया जाता है। ड्यूटी पर तैनात गेट मैन फोन पर इसकी सूचना स्टेशन मैनेजर को दिया। तत्पश्चात मौके पर पहुंच कर रेल कर्मचारियों ने पेड़ को काटकर टावर वैगन की सहायता से तार को दुरुस्त कराया। इसके बाद पिपरवार मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन पर सुबह के लगभग 9:40 बजे आवागमन बहाल हो सका। इस संबंध में मैकलुस्कीगंज रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर अरुण भगत ने बताया कि सुबह में सूचना मिली कि धुर्वा मोड़ रेलवे फाटक से करीब 100 मीटर आगे एक पेड़ रेलवे ट्रैक के किनारे 25 हजार वोल्ट के विद्युत प्रवाहित पोल व तार पर गिर गया। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर रेलवे कर्मचारियों ने पेड़ काट तार को दूरुस्त कर आवागमन बहाल कर दिया गया।

## वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाएं घायल

तमाड़ (आजाद सिपाही)।। तमाड़ में धान रोपाई कर रही दो महिलाएं बज्रपात की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। मिलीं जानकारी के अनुसार तमाड़ मछुआ टोली की महिला सुमन देवी 20 वर्ष पति मुकेश मछुआ व राधा देवी 28 वर्ष पति दीपक मछुआ धान रोपाई करने सियारखेदा बाद गयी थी की अचानक लगभग साढ़े चार बजे बज्रपात की चपेट में आ गयी। खेत में ही बेहोश हो कर गिर गयी आनन-फानन में लोगों के सहयोग से तमाड़ अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

## सरकारी सेवा आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



सोनाहातु (आजाद सिपाही)। सोनाहातु प्रखंड के गलऊ पंचायत भवन में बुधवार को डाक चौपाल सरकारी सेवा आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डाक विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। तथा कार्यक्रम स्थल पर ही सुकन्या योजना बचत योजना आदि का खाता खोला गया। इस कार्यक्रम में रमेश चंद्र ठाकुर डाक अधिदर्शक तमाड़ लाइन लालो प्रसाद, डाक अधिदर्शक बुंडू लाइन अमर वर्मा सहायक डाक अधीक्षक दक्षिणी अनुमंडल रांची एवं गलऊ पंचायत के मुखिया सहित बुंडू तमाड़ सोनाहातु के डाक कर्मियों के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आने से सूरज मुंडा की मौत

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के लितिगडीह निवासी सूरज मुंडा उम्र 25 वर्ष का रांची टाटा मार्ग के बासिदा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज मुंडा सुबह काम के लिए बाहर गया हुआ था रात में वह अपने घर लौट रहा था जहां देर रात लगभग 9:00 बजे एक अज्ञात गाड़ी के चपेट में आ गया घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## डॉ लखींद्र मुंडा ने ऑनलाइन गड़बड़ी को लेकर अंचल अधिकारी से सुधार का आग्रह किया



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुधवार को झारखंड भाषा सांस्कृति रक्षा मंच के संरक्षक, शिक्षाविद सह समाजसेवी डॉ लखींद्र मुंडा ने अंचल अधिकारी बुंडू से मिल कर बारूहातु पंचायत, गभडेया पंचायत, चुरगी पंचायत और तैमारा पंचायत में खातियान में ऑनलाइन गड़बड़ी जो मुंडा के जगह स्वांसी हुआ है इस विषय में सुधार को लेकर अंचल अधिकारी से आग्रह किया। साथ ही पीपी के कॉलेज बुंडू का जमीन चिन्हित कर सीमांकन को लेकर भी बात रखी अंचल अधिकारी ने जल्द ही ऑनलाइन सुधार और कॉलेज की जमीन का मापी कर चिन्हित करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर क्रांति मुंडा, पांडु मुंडा, राजेंद्र लोहरा, गुरुवा मुंडा, समेत कोई मौजूद थे।

# कोयला मजदूरों की समस्या को लेकर जनता मजदूर संघ करेगा आंदोलन : रविंद्रनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में व्याप्त कोयला मजदूरों की समस्या और बुनियादी सुविधाओं को लेकर जनता मजदूर संघ के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जायेगा। क्षेत्र की बुनियादी सुविधा एवं मजदूरों की समस्या को लेकर जल्द ही यूनियन का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह से मुलाकात करेगा, उक्त बातें जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में हुई बारिश के कारण कई जगहों पर नुकसान होने की सूचना है। पुल पुलिया टुटकर क्षतिग्रस्त हो चुकी है, वही सड़के भयावह हो चुकी है। मजदुरो की आवास की स्थिति काफी जर्जर हैं, जबकि कई जगहो पर बिजली के पोल एंव तार टुटकर गिर गया है। लेकिन अभी तक सीसीएल प्रबधंन के द्वारा कोई पहल नही की गयी है। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा मानसून से निपटने के लिए किसी भी प्रकार की तैयारी नहीं की गयी जिसके कारण क्षेत्र के कई जगहों पर भारी नुकसान भी हुआ है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति विधुत और यांत्रिक विभाग मे है। बचरा चार नंबर सब्जी मंडी से लेकर झुला पुल तक सड़के अंधेरे मे है। बारिश एवं आंधी के कारण इस मार्ग पर बिजली के तार टूटकर गिर जाने से यहां स्ट्रीट लाइट बंद है, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बावजूद विद्युत और यांत्रिक विभाग के द्वारा अभी तक इसे ठीक नहीं किया गया है। जिसके कारण रात में इस मार्ग पर दुर्घटना की आशंका बढ़ गयी है। प्रबंधन के द्वारा मानसून से निपटने के लिए पूर्व में तैयारी की जाती थी लेकिन इस बार किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि इन सभी मामलों को लेकर 15 अगस्त के बाद यूनियन के द्वारा एक बैठक की जायेगी, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी। साथ ही सीसीएल सीएमडी से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया जायेगा और समस्या का समाधान नहीं होने पर जनता मजदूर संघ के द्वारा पिपरवार क्षेत्र में जोरदार आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने पिपरवार क्षेत्र के सभी श्रमिक प्रतिनिधियों से भी इस गंभीर समस्या पर एकजुट होने की अपील की है।

# झारखंड का अपेक्षित विकास नहीं हुआ : अमर कुमार महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड राज्य अलग होने के 24 वर्ष बाद भी झारखंड का विकाश नहीं हुआ है। राज्य मे अब तक भाजपा, कांग्रेस और झामुमो ने सरकार चलाया है, लेकिन झारखंडियों के हित में कोई काम नही हुआ है अब झारखंड मे जयराम महतो की लहर चल रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव मे झारखंड में जयराम महतो का परचम लहरायेगा, उक्त बाते झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के चतरा जिला प्रवक्ता अमर कुमार महतो ने कही है। उन्होंने कहा कि जब से टाइगर जयराम महतो का भाषा आंदोलन चालू हुआ तब से पार्टी से जुड़ा रहा और जयराम महतो के पार्टी और इनके विचारधारा के कारण से पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य करता रहा। इसके परिणाम स्वरूप केंद्रीय समिति के द्वारा उन्हे चतरा जिला का प्रवक्ता बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे, साथ ही जयराम महतो के उद्देश्य एवं सिद्धांत को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी झारखंडियों को उनका हक और अधिकार नहीं मिला है।लोग आज भी अपने अधिकारों से वंचित है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का भरपूर समर्थन जयराम महतो को मिल रहा है। झारखंड के झारखंडियों के हक और अधिकार के लिए जयराम महतो इस बार चुनाव मैदान में है। उन्होंने राज्य की जनता से जयराम महतो के नीति और उद्देश्य का समर्थन करते हुए पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की है।

# दिव्यांग जांच शिविर में 46 बच्चों की हुई जांच, 35 बच्चों को मिला उपकरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित बीआरसी परिसर में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांगता जांच सह सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के सरकारी विद्यालय के बच्चे शामिल हुए। जिसमें 3 से 18 वर्ष के बच्चों की दिव्यांगता जांच और सहायक उपकरण वितरण किया गया। 46 बच्चों के जांच के बाद 35 दिव्यांगो के बीच उपकरण का वितरण किया। शिविर में 12 बच्चों को उपकरण, और 23 बच्चों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख सविता देवी, राय मनी देवी, बीनापानी देवी सुषेण प्रमाणिक, बेला लिंडा, दीनानाथ महतो, इंद्रजीत बैठा, रामनाथ महतो, मनोज सिंह मुंडा, सरस्वती देवी, प्रतिमा कुमारी, प्रेमानंद सिंह मुंडा, धरम सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

# सोनाहातू प्रखंड के सभी गांवों में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में परिवार नियोजन के विषय में जागरूकता कार्यक्रम को लेकर सोनाहातू प्रखंड के सभी गांव में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सोनाहातू प्रखंड के बाजार में लोगों को जनसंख्या स्थिरता लाने तथा परिवार को खुशहाल बनाने में परिवार नियोजन की महत्व और विधि को अपनाने के विषय में लोगों को जागरूकता किया गया। अभियान में कलाकार द्रोपती देवी, मुकेश लोहरा, रवि गुप्ता, रिया कुमारी, सविता कुमारी, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किये। भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची के कलाकार भी जागरूकता अभियान में शामिल रहे।

# 30 से 40 रुपये में बेचा जा रहा मंईयां सम्मान योजना का फार्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** सरकार द्वारा चलाई जा रही मंईयां सम्मान योजना में फार्म बेचने वाले और ऑनलाइन करने वालों की हो गयी है चांदी बुंडू प्रखंड में इन दिनों मंईयां सम्मान योजना फॉर्म दुकानों में 30 से 40 रुपये में बेची जा रही है जबकि सरकार द्वारा फॉर्म निशुल्क दिया जा रहा है लेकिन लाभुकों को फॉर्म नहीं मिलने पर दुकानों से महिलाएं 30 रुपये में खरीद रही है वहीं फॉर्म के साथ अन्य फोटो कॉपी में 30 से 40 रुपये लग रही है। इधर प्रखंड के कुछ जगहों पर ऑनलाइन एंट्री करने के नाम पर 50 से 100 रुपये लिया जा रहा है। यह ऑनलाइन कैंप में ना जाकर अपने निजी स्थान से किया जा रहा है।

# आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ्य पर्यावरण और सुरक्षित पृथ्वी रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : खगेन महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** विधानसभा के समाजसेवी खगेन महतो ने चांडिल प्रखंड क्षेत्र के उच्च विद्यालय सिदडीह स्कूल में बुधवार को विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं के उपस्थित में पौधा का रोपण किया। वही समाजसेवी खगेन महतो ने कहा कि वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती है। जिसका नतीजा पृथ्वी में रह रहे जीव जंतु, मानव आदि को प्राकर्तिक आपदाओं का सामना करके भुगतना ही पड़ रहा है। उन्होंने आम जनताओं से अपील करते हुए कहा कि आने वाले भविष्य के लिए एक पेड़ जीवन में अवश्य लगायें।

मौके पर मुख्य रूप से स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापिका रीता हांसदा, गीता कुमारी, सुप्रीति गौराई, उषा रानी महतो, कविता गौराई, राजेश गोप, दिलीप प्रसाद गुप्ता, अर्जुन महतो, अजय महतो, प्रदीप नायक आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय नेहरू कप पर तमाड़ का कब्जा



आजाद सिपाही संवाददता

**तमाड़।** जिला स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता अंडर 17 बालक वर्ग में संत एग्नाइसिस हाई स्कूल विजयगिरी तमाड की टीम प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान में जनता हाई स्कूल बेडो की टीम रहे। इस खेल में मुख्य अतिथि के रूप जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची विनय कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कौशल कुमार और विनय बंधु कश्यप उपस्थित हुए। बधाई देने वालों में फादर अनिल, सुरेश कुमार, गोराई, साथ में जिला प्रभारी बिंदेश्वर महतो आदि मौजूद रहे।

**जायजा : मांडर विधायक ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर का निरीक्षण किया**

# आर्थिक-सामाजिक रूप से क्रांतिकारी बदलाव लायेगी 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में 'मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना' से क्रांतिकारी बदलाव आयेगा। विधायक ने कहा कि सरकार की दूरदर्शिता पूर्ण सोच के तहत इस योजना को जमीनी स्तर पर लागू किया गया है। क्योंकि इससे एक ओर महिलाओं एवं बालिकाओं का सशक्तिकरण होगा। वहीं दूसरी ओर पूरे झारखंड में एक ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार होगा जहां ग्रामीणों की क्रय शक्ति बढ़ाने के साथ ही उनमें उद्यमिता की भावना का भी संचार होगा। शिल्पी नेहा तिर्की बुधवार को मांडर विधानसभा अंतर्गत चान्हो प्रखण्ड के ताला, पतरातू एवं सोंस पंचायत में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत आयोजित मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना शिविर का निरीक्षण करने पहुंची थी। उक्त शिविर में 21 से 50 वर्ष तक की युवतियों-महिलाओं को लाभान्वित करने के लिये शिविर आयोजित हुआ है। विधायक ने महिलाओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया और इस योजना में अपना आवेदन देने को कहा। उन्होंने शिविर के प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी बातचीत की और मुस्तैदी से कार्य करने का निर्देश दिया।



महिलाओं से मुलाकात कर योजनाओं की जानकारी देती मांडर विधायक।

## विधायक की पहल पर विद्यार्थियों के लिए बहाल होगी बस सेवा

**मांडर (आजाद सिपाही)।** विरगोड़ा नदी पर बने डायवर्सन के बह जाने के कारण छात्र-छात्राओं को ट्रेन से आना जाना पड़ रहा था। इससे छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का कामना करना पड़ रहा था। इसकी जानकारी होने पर विधायक द्वारा समस्या को दूर करने को छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू होने जा रहा है। गुरुवार की सुबह सात बजे ग्राम पचपदा चम्पा उरांव के घर के पास से और नरकोपी स्टेशन के पास से सुबह 7.30 बजे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा हरी झंडी दिखाकर की जोगी। गौरतलब हो कि लगातार भारी बारिश के चलते पुल के डाइवर्सन बह जाने से विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही थी। इसी समस्या का समाधान करते हुए विधायक ने कहा कि पढाई बाधित ना हो इसके लिए त्वरित कार्रवाई की गई। डाइवर्सन को भी जल्द बना लिया जाएगा।

## विंध्याचल महतो बनाये गये भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी निवासी विंध्याचल महतो को झारखंड प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। गौरतलब हो कि विंध्याचल महतो पिछले 25 साल से नगडी के ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा की नीति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचने में अपनी अहम भूमिका निभाई। वहीं, कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर विंध्याचल महतो ने पार्टी के वरीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने की हर संभव कोशिश करूंगा। बतातें चलें कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने जमीनी कार्यकर्ता विंध्याचल महतो को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया है। उधर, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची सांसद व केंद्रीय संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शशि भूषण भगत, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पंकज शाहदेव, अजय तिवारी, केदार महतो, दौलत राम केसरी,राकेश केशरी, चुडामणि महतो, कुणाल शाहदेव, संजीव तिवारी, दीपक केशरी, बिजू महतो, अनिल गोप, जयप्रकाश साहू, हेमंत केसरी अरविंद केसरी, मनीष केसरी, जयकिशन महतो, गिरधारी यादव बलराम साहू, रामदीप ठाकुर आदि ने विंध्याचल महतो को नयी पारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## ओरमांझी थाना के सामने से महिलाओं से 50 हजार की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** जागृति महिला समिति की अध्यक्ष प्रियंका देवी और सचिव चांदनी देवी बैंक ऑफ इंडिया के ओरमांझी शाखा से पैसा निकालकर पैदल ही अपने घर चांदनी चौक जा रही थी। तभी थाना मोड़ के पास पहुंचते ही बाइक से पीछे से आ रहे दो युवकों ने उनके हाथों से पैसा वाला थैला छीन लिया और रांची की ओर फरार हो गए। महिलाओं ने बताया कि दोनों बैंक में भी थी थे। बाइक चला रहा युवक काले रंग का धारीदार शर्ट और पीछे बैठा युवक सफेद धारीदार शर्ट पहने हुए था। घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद ओरमांझी पुलिस बैंक के साथ ही अन्य जगहों का भी लगे सीसीटीवी खंगाल कर चोरों को गिरफ्तार करने के लिए प्रयास में जुट गयी है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की समीक्षा, दिये कई दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक अंजनी कुमार मिश्र मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की समीक्षा के लिए बुधवार को बेड़ो पहुंचे थे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा मतदाताओं से प्राप्त प्रपत्र 6, 7 व 8 की विस्तृत समीक्षा की। निर्देश दिया कि सभी फार्म में आवेदक व आवेदिका का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। उनके मंतव्य के बिना फार्म भरना उचित नहीं है। इसलिए उनके हस्ताक्षर संबंधित जगह पर होना अनिवार्य है। साथ ही मतदाता पहचान पत्र से संबंधित व अन्य त्रुटियों को दूर करते हुए पुनरीक्षण कार्यक्रम को सावधानी पूर्वक करें, ताकि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित ना हो। उन्होंने दिव्यांगजनों को मतदान के समय आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इसके पूर्व उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय बेडो बालक में तीन मतदान केंद्रों 231, 232 एवं 233 का भौतिक निरीक्षण भी किया। वहीं, 18 वर्ष की उम्र के योग्य मतदाताओं को जोड़ने, मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश दिया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 66 मांडर सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, रांची जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, बीडीओ राहुल उरांव, सुपरवाइजर राजेश नायक और बीएलओ सरस्वती देवी उपस्थित थीं।




बेड़ो राजकीय मध्य विद्यालय बालक में उपस्थित पदाधिकारी।

## बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के प्रतिवाद में जनजाति सुरक्षा मंच का प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिन्दु समाज पर हो रहे अत्याचार को लेकर बुधवार को जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से चतरा विनोद बिहारी चौक पर प्रर्दशन किया गया। मंच के जिला सह संयोजक उमेश बड़ाईक के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रर्दशन में कहा गया कि बांग्लादेश में तख्ता पलट की आड़ में अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा और धार्मिक स्थलों में तोड़ा जा रहा है। भारत सरकार से मांग की जाती है कि वह बांग्लादेश सरकार को तलब करे। इस मौके पर अजय सिंह भोगता, प्रभुदयाल बड़ाईक, रामप्रवेश नायक, रूसु महतो, राजेश मिश्रा, सुरेन्द्र शर्मा, संतोष महतो आदि शामिल थे।

## भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने का लिया संकल्प



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा रांची ग्रामीण की कार्यसमिति बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो की अध्यक्षता में महिलौंग स्थित सरला बिरला स्कूल सभागार में आयोजित हुई। मंच का संचालन जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार एवं समापन टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे अस्तित्व और स्वाभिमान का प्रतीक है। संगठन के अपेक्षानुसार युवा मोर्चा के नेतृत्व में हर घर में तिरंगा झंडा लगाया जायेगा। बैठक को जिलाध्यक्ष के अलावे कार्यक्रम प्रभारी विनय जायसवाल, जिला प्रभारी बिनोद सिंह, मनोज कुमार महतो, डॉ जीतूचरण राम, रामकुमार पाहन ने भी संबोधित करते हुए कार्यकताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने का अह्वान किया। बैठक में रणधीर चौधरी, जैलेंद्र कुमार, मनोज चौधरी, रामअवतार केरकेट्टा, राजेंद्र साही मनकी, प्रभुदयाल बड़ाइक, प्रीतम साहू, लक्ष्मण सिंह मुंडा, सुधाकर चोबे, कुणाल सहादेव, अजय तिवारी, मुन्नी मुंडा, नेहा सिंह, सुरेंद्र चंद्रवंशी, माधुरी, रेखा, सन्नी टोप्पो, चुनामणि, केदार, राजेंद्र, अजय, परमेश्वर आदि उपस्थित थे।

# झारखंड विस चुनाव में जेएलकेएम अकेले सभी सीटों पर लड़ेगी चुनावः आलोव उरांव

**अनगड़ा में जेएलकेएम की जिला स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती का निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेएलकेएम) की जिला स्तरीय बैठक बुधवार को हेसल रिंग रोड स्थित फलिन्द्र करमाली के सभागार में आयोजित हुई। इससे पहले जेएलकेएम के नवनियुक्त जिला कमेटी के पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें पौधा देकर सम्मानित किया गया। बैठक में विभिन्न मुद्धों पर चर्चा करते हुए संगठन को धार देने और पूरे दमखम के साथ विधानसभा चुनाव 24 में उतरने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष आलोक उरांव एवं रांची नगर अध्यक्ष संजय महतो ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस जोश और जज्बे के साथ आप एकजुट होकर खड़े रहे। इसी तेवर को आगामी विधानसभा चुनाव में भी बरकरार रखना है। कहा कि संगठन की मजबूती के लिए पूरे रांची जिला के 18 प्रखंडों व प्रत्येक वार्ड पार्षद में बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी अकेले पूरे प्रदेश में चुनाव लड़ेगी। पार्टी के केंद्रीय संगठन मंत्री फलिंद्र करमाली, वरीय जिला उपाध्यक्ष लखिंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष हेमंत कुमार, युवा अध्यक्ष शिवराज सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष पावर्ती महतो आदि ने कहा कि रांची जिला अंतर्गत खिजरी, सिल्ली, तमाड़, कांके, हटिया आदि विधानसभा क्षेत्रों में घोषित होने वाले उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार हैं। बैठक में विमल महतो, प्रवीण महतो, दीपक महतो, रविंद्र कुमार, फुलेश्वर बैठा, उपेंद्र महतो, राजेंद्र महतो, प्रदीप, शंकर, निवारण, प्रभाकर उपाध्याय, दीपक, राजदेव, पुरणचंद्र, नीतिश, कुलदीप, अनिता, किरण आदि मौजूद थे।



## डाक चौपाल का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के हेसल्पीरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को डाक विभाग की ओर से डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाक बिभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में रांची उत्तरी अनुमंडल की डाक निरीक्षक पूजा पांडेय ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डाक विभाग की ओर से चलायी जा रही ग्रामीण डाक जीवन बीमा, बचत खाता, अवर्ति खाता, सुकन्या समृद्धि योजना समेत आईपीपीबी खाता के बारे में जानकारी देते हुए आज के समय में होनेवाले धोखाघड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया। मौके पर परसनाथ तिवारी, अरुण तिवारी, बिनोद मिश्रा, डाक अधिदर्शक यसवंत शहदेव, जगदीश लकड़ा, रजनीकांत मौर्य, सर्जुन सिंह, मुखिया कुशेंद्र पाहन व पंसस गौरव महतो आदि थे।

## याक्ष्मा मुक्त पंचायत के लिए मुखिया दीपक बड़ाइक को किया सम्मानित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** याक्ष्मा मुक्त पंचायत के लिए मुखिया दीपक बड़ाइक को नामकुम के आईपीएच सभागार में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत राज्य स्तरीय वयस्क बीसीजी टीकाकरण सह टीबी मुक्त पंचायत सम्मान से सम्मानित किया गया। इस पर मुखिया ने कहा कि यह सम्मान पूरे पंचायत के एक-एक नागरिक का है। हम सभई के लिए गर्व का क्षण है। सम्मान स्वास्थ्य सहिया के साथ स्वास्थ्य विभाग का सहयोग से ही संभव हो पाया है।

## भाजपा के मृत नेता के परिजन से मिले सन्नी टोप्पो



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** मंडल के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष आशिक अंसारी के निधन की खबर पाकर बुधवार को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उनके परिजन से मिलने पहुंचे। आशिक अंसारी का निधन बीमारी के चलते हुई है। उनके गांव पंडरी पहुंचकर सन्नी टोप्पो ने कहा कि भाजपा ने एक सच्चा सेवक खो दिया। मौके पर चान्हो मंडल के अध्यक्ष विजय महतो, बिजूपाड़ा मंडल के अध्यक्ष सदानंद सिंह, सतीश साह, विशेश्वर महतो, दीपक साहू आदि मौजूद थे।

## प्रखंड प्रमुख ने किया अबुआ आवास का निरीक्षण

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख संगीता देवी ने बुधवार को अबुआ आवास को लेकर हुरहुरी पंचायत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुखिया कमल खलखो, जन सेवक कमलाकांत किंडो, हुरहुरी पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य मौजूद थे। अबुआ आवास के लाभुकों ने प्रमुख संगीता देवी से शिकायत की कि मकान बनाने के बाद भी आवास की दूसरी किस्त नहीं मिल रही है। औचक निरीक्षण करने पर पता चला कि अधिकतर लोग थोड़े से काम करने के बावजूद दूसरी किस्त के लिए दबाव बना रहे थे। वहीं, किसी ने तो पहला किस्त लेने के बाद भी अभी तक नींव भी नहीं खोदा है और राशि की मांग की। निरीक्षण के बाद प्रमुख ने लाभुकों को जल्द से जल्द मकान बनाने का निर्देश दिया। वहीं, वैसे लाभुक जिन्होंने पहला किस्त लेने के बावजूद अभी तक काम शुरू नहीं किया है उन्हें फटकार लगाते हुए समय पर काम पूरा करने का निर्देश दिया।

## नरकोपी में कीचड़ भरे रास्ते पर चलने को मजबूर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरकोपी गांव स्थित नरकोपी मुख्य पथ से हाई स्कूल होते हुए मीडिल स्कूल तक कीचड़ भरे रास्ते व जल जमाव होने के कारण स्कूली बच्चों समेत ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। वहीं, छोटे-छोटे बच्चे कभी-कभी फिसल कर गिर जा रहे हैं। इधर, ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से लगभग 600 फीट कीचड़ भरी सड़क को अविलंब पीसीसी पथ बनाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क स्कूल आने जाने का मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग से ग्रामीण भी आते जाते हैं। लेकिन इस सड़क के प्रति जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है। बरसात में यहां आवागमन करना काफी मुश्किल हो जाता है। इस सड़क को बनाने की मांग कई बार उठाई गई है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से यथाशीघ्र पीसीसी निर्माण किये जाने की मांग की है।

**केंद्रीय तसर अनुसंधान और रांची प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया राष्ट्रीय हथकरघा दिवस**

# तसर उद्योग में हथकरघा एक प्रमुख कड़ीः डॉ एनबी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय तसर अनुसंधान और रांची प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड सह केंद्रीय तसर अनुसंधान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी और रांची प्रशिक्षण संस्थान ने संस्थान व अधीनस्थ केंद्रों के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ एनबी चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस बुधवार को 'हथकरघा उत्पाद के तरफ व्यापक ध्यान आकर्षित करने के लिए' प्रमोशनल कार्यक्रम आयोजित करें। क्योंकि तसर उद्योग में हथकरघा एक प्रमुख अवयव है। डॉ एनबी चौधरी ने कहा की प्रति वर्ष 7 अगस्त को देशभर में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद हैंडलूम उत्पाद और इन्हें बनाने वाले कारीगरों को बढ़ावा देना है। जानकारी के अनुसार साल 1905 में लॉर्ड कर्जन ने पश्चिम बंगाल के विभाजन की घोषणा की थी। इसी दिन कोलकाता के टाउनहॉल में एक महा जनसभा से स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत हुई थी। इसी घटना की याद में प्रति वर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है। 7 अगस्त, 2015 को प्रधानमंत्री ने इस दिन की शुरूआत की थी। तब से हर साल इस दिन को मनाया जाता है। इसी क्रम में 7 अगस्त 2024 को 10वां हैंडलूम-डे मनाया गया। यह हैंडलूम क्षेत्र के आर्थिक महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरूआत हथकरघा बुनकरों और शिल्पकारों को पहचानने और रोजगार देने की एक परियोजना के रूप में हुई। वहीं, वैज्ञानिक आंशु कुमार ने तसर रेशम उद्योग के विभिन्न पहलुओं में हथकरघा की सम्यकता के बारे में प्रकाश डाला।



तसर संस्थान में धागाकरण व बुनाई के संबंध में युवा वैज्ञानिकों को जानकारी देते वरिष्ठ वैज्ञानिक।

**Govt. of Jharkhand**
**Office of the Director**
**Ranchi Institute of Neuro-Psychiatry & Allied Sciences**
**Kanke, Ranchi - 834006 (Ph.:2450303, 2450813, 2450188)**
www.rinpas.nic.in, Director-rinpas@jharkhandmail.gov.in & Directorrinpas@gmail.com

Providing manpower services at Ranchi Institute of Neuro-Psychiatry & Allied Sciences (RINPAS) Government of Jharkhand, India. E-bidding document No. **Tender Document No:- DIR/08/08/2024-2025/Recruitment (Nursing staff, Paramedical staff & Other technical staff including driver)** are invited in two bid system (Technical & Price Bid) through e-tendring process only, from competent and eligibel agencies, for a period of minimum one year.

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| A | E-bidding document Fee (Non-Refundable) | Rs.5,000/- (Rupees five thousand) should be deposited through online mode (www.jharkhandtenders.gov.in) before uploading the bid in the e-procurement portal of tender inviting authority. |
| B | Bid security/ Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.25,00,000/- (Rupees twenty five lakhs) should be deposited through online mode (www.jharkhandtenders.gov.in) before uploading the bid in the e-procurement portal of the tender inviting authority. |
| C | Date of Publication on Website | 08/08/2024, 11.30 A.M. |
| D | Date of start of Online Bid Submission | 08/08/2024, 11.30 A.M. |
| E | Pre-Bid Conference | 12/08/2024, 12.30 P.M. in the office of the tender inviting authority |
| F | Last Date and time for submission of Bids | 22/08/2024, 06.00 P.M. |
| G | Opening of Technical Bid-PART A | 23/08/2024 at 12.30 P.M. in the office of the tender inviting authority |

**Note:- For further details, please visit website** http://jharkhandtenders.gov.in

**RINPAS Letter no. 2032, date-06/08/2024**

PR 331994 (RINPAS) 24-25 (D)

**Sd/-**
**Director,**
RINPAS, Kanke, Ranchi

## सिलाई मशीन पाकर आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं: अविनाश वर्मा

# झारखंड सरकार महिलाओं को बरगला रही: डॉ शशिभूषण मेहता

**कहा- मां-बहनों का आशीर्वाद मिला तो अगली बार घर-घर शिलाई मशीन देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** जेएसएलपीएस महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े पांकी विधानसभा क्षेत्र की सभी दीदियों को अगली बार सिलाई मशीन देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। ताकि यहां की महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बना सके। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहीं। वे नीलांबर पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) स्थित मौर्य फार्म हाउस में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी मां-बहनों के बीच आयोजित सिलाई मशीन वितरण के पांचवें दिन बुधवार को बोल रहे थे। विधायक ने पांकी प्रखंड के पंचायत नवडीहा 1, पंचायत होटाई, पंचायत पांकी पूर्वी, पंचायत पांकी पश्चिम सभी चार पंचायत के समूह से जुड़े सखी मंडल के बहनों को सिलाई मशीन वितरण कर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किये। इससे पहले भाजपा नेता अविनाश वर्मा, विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के साथ ही सखी मंडल की बहनों ने संयुक्त रूप से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि पूर्व के विधायक ने विधायक मद की राशि को लूटा है। लेकिन जब मैं विधायक बना तो महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए सिलाई मशीन का वितरण हो रहा है। कहा कि क्षेत्र की मां बहनों और जनता का आशीर्वाद मिला तो अगली बार समूह के सभी दीदियों को सिलाई मशीन देखकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमारी बहनों को बरगलाने में जुटी है। चुनाव का समय नजदीक आया तो, सरकार ने मंईयां सम्मान योजना लाया। पर उससे लाभाविंत होने के बजाय महिलाएं परेशान ही हो रही हैं। वहीं, अविनाश वर्मा ने कहा कि पांकी विधायक महिलाओं के बीच सिलाई मशीन वितरण कर एक ऐतिहासिक काम कर रहे हैं। जिससे महिलाएं आत्म निर्भर बनेगी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, संजय चंद्रवंशी, तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी एवं पूर्व मुखिया अजय पासवान, महेंद्र कुशवाहा, समाजसेवी कमेश यादव, रंजय ठाकुर, कार्तिक सिंह, प्रसिद्ध सिंह, सुधीर तिवारी आदि उपस्थित थे।


विधायक डॉ शशिभूषण मेहता का स्वागत करते अविनाश देव व अन्य।

# केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले पलामू व चतरा सांसद, मंडल डैम को पूर्ण कराने का अनुरोध

## 2019 में प्रधानमंत्री ने पलामू में राखी थी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और चतरा सांसद काली चरण सिंह ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की। उनसे उत्तरी कोयल जलाशय मंडल डैम परियोजना के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की और कार्य को पूर्ण कराने का अनुरोध किया। सांसद वीडी राम ने कहा कि झारखंड के लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय मंडल डैम परियोजना स्थित है। जिसका निर्माण कार्य वर्ष 1972 में आरंभ हुआ था और 1993 तक कार्य जारी रहा। इसी वर्ष वन एवं पर्यावरण विभाग बिहार सरकार की ओर से बेतला राष्ट्रीय पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व के खतरे को देखते हुए मंडल डैम के बांध में जल जमाव की आशंका के साथ गेट लगाने पर आपत्ति दर्ज की गयी थी। इसके साथ ही टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 1007 हेक्टेयर वन भूमि के जल मग्न होने के संबंध में भूमि की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी थी, जिस कारण उक्त परियोजना अधर में लटक गयी।



इस परियोजना के निर्माण से झारखंड के पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया व औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर पलामू, चतरा, औरंगाबाद एवं गया संसदीय क्षेत्र सांसदों ने उनसे (प्रधानमंत्री) से मुलाकात कर उक्त परियोजना निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिसके बाद केंद्र सरकार ने 1622.27 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना के निर्माण की स्वीकृति दी. परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला। प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने पांच जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में जाकर रखी। पर डूब क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा मुआवजे और पुनर्वास की मांग को किये गये आंदोलन एवं राज्य सरकार की उदासीनता के कारण लगभग 6 महीने कार्य रूका रहा और निर्माण कार्य पर व्यापक असर पड़ा। तब से अब तक उक्त कंपनी द्वारा निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। विदित हो कि डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे, पुनर्वास और शेष कार्यो के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संशोधित लागत राशि के प्रस्ताव को कैबिनेट से 4 अक्टूबर 2023 को स्वीकृति की गयी थी। उक्त राशि राज्य सरकार को मिल भी चुकी है। पर राज्य सरकार ने उक्त राशि को डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास के लिए नहीं दिये। जिस कारण परियोजना का निर्माण कार्य लंबित है। उक्त परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने की कृपा की जाय ताकि पलामू प्रमंडल की वर्षों की मांग पूर्ण हो सके। सांसद ने बताया कि उपरोक्त परियोजना के निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए केंद्रीय मंत्री ने बहुत जल्द खुद मंत्रालय की एक टीम के साथ झारखंड जाएंगे और कार्य को पूर्ण करने में जो भी अड़चनें है उसे दूर कर निर्माण कार्य को पूर्ण करायेंगें।

## भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता बने बबन बैठा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रदेश भाजयुमो के नवनियुक्त संगठन में हुसैनाबाद के ग्राम बेनी कला सिंढा निवासी बबन बैठा को पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस पर क्षेत्र के वरीय भाजपा नेताओं समेत छात्र संगठन अभाविप के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बतातें चलें कि बबन बैठा पूर्व में अभाविप के प्रशिक्षित स्वयंसेवक के रूप में बेहतर योगदान दिये हैं। अभाविप में वर्ष 2008 से सक्रिय कार्यकर्ता रहे है। वहीं, बधाइ देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, श्वेतांक गर्ग, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडेय, प्रिंस पांडेय आदि थे।**

# भारी मात्रा में शराब के साथ चार गिरफ्तार

**पीपरा पुलिस ने जांच के दौरान 1008 बोतल देशी शराब, कार और एक बाइक की जब्त**

आजाद सिपाही संवाददात

**हरिहरगंज/पलामू।** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में मंगलवार की शाम पीपरा थाना क्षेत्र के कुड़वा गांव के समीप चेकिंग अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर बिहार में अवैध शराब की विक्री करने जा रहे चार कारोबारियों को पुलिस ने धर दबोचा। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की जे एच 01 ई एक्स 3239 ऑल्टो कार में रखा टनाका कंपनी के 21 कार्टून से 1008 बोतल अवैध देशी शराब बरामद किया गया। अवैध शराब कारोबार में उपयुक्त ऑल्टो कार और एक पल्सर बाइक बी आर 26 क्यू 5098 को भी जब्त किया गया है। जबकि अवैध शराब के कारोबारी औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना अंतर्गत सिमरी जेयतिया निवासी शैलेश सिंह के पुत्र युवराज सिंह, थाना क्षेत्र के ही चिरैली निवासी बालस्वरूप यादव के पुत्र विकाश कुमार,टंडवा थाना क्षेत्र के मुंगिया निवासी स्व. जयनारायण चंद्रवंशी के पुत्र धीरज कुमार और पीपरा थाना क्षेत्र के बरदाग निवासी विनोद यादव के पुत्र दीपक कुमार यादव को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त अभियुक्तों पर पिपरा थाना कांड संख्या 33/24 दर्ज करते हुए उत्पाद अधिनियम की धारा और भारतीय न्याय संहिता के तहत चारों को जेल भेजा गया है।



## वांछित गिरफ्तार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विभिन्न आपराधिक मामलों में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान जारी है। इस दौरान बुधवार को सरसोत पंचायत के बरवाडीह गांव निवासी वकील यादव को हरिहरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायायिक हिरासत में भेजा। उक्त जानकारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने दी।

# विश्रामपुर पहुंचा ओबीसी एकता अधिकार न्याय रथ, जनसभा आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में राजधानी रांची से चलकर ओबीसी एकता अधिकार न्याय रथ यात्रा पलामू जिला के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचा। जहां गोसांग, खुटहेरिया, कुसहा, गरदाहा एवं बेलोपाति जैसे विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ओबीसी एकता अधिकार मंच के सदस्यों ने ओबीसी समाज की एकता, हक-अधिकार की पूर्ति के लिए गुरुवार को होने वासी जनसभा के लिए लोगों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर संगठन के केंद्रीय सचिव धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है। फिर भी सामाजिक-आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14 प्रतिशत आरक्षण ही मिल रहे हैं, जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठाना जरूरी है। हर सरकार को पिछड़ा वर्ग के लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा। वहीं, केंद्रीय सदस्य संजय गुप्ता ने कहा कि सरकारी-गैरसरकारी संस्थाओं में 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था देनी होगी। साथ ही सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी छात्रावास की व्यवस्था हर जिले में की जाए। चंदन चंद्रवंशी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील, सामाजिक और राजनीतिक लोग है फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए गुणवत्ताहीन तरीके से उपयोग कर रहे हैं। हम सबको एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार ओबीसी की जमीन जायदाद बिना मतलब के विवादों में डालकर लूटी जा रही है। जिसका जल्द से जल्द निपटारा कर लुटेरों के खिलाफ सख्त कानून कार्रवाई की जाए। एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना कर व्यवसायों की लिए उचित न्याय करें। मौके पर अंकुर चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, यश कुमार, उपेंद्र गुप्ता, विजेंद्र चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।



# डायन कुप्रथा व नशा अभिशाप, इसके खात्मे में सभी का सहयोग अपेक्षित: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समाज कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को टाउन हॉल में डायन कुप्रथा, नशा मुक्ति अभियान व स्तनपान सप्ताह विषयक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पलामू डीसी शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी व जिला परिषद के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर डीसी ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि डायन कुप्रथा व नशा एक अभिशाप है। यह अभिशाप बिन आप लोगों के सहयोग के खत्म नहीं किया जा सकता है। इसलिये यह जरूरी है कि इन दोनों कुरीतियों को समाप्त करने में प्रशासन का हर संभव मदद करें। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में उपरोक्त दोनों कुरीतियों का कोई स्थान नहीं है। वहीं, डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि आज जिन तीन विषयों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गयी है वे तीनों महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी मुखियाओं व सेविकाओं से कहा कि आप सभी ग्राउंड जीरो पर कार्य करते हैं। ऐसे में इन कुरीतियों को रोकने में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है। डायन कुप्रथा अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली चीजें हैं। वहीं, नशा को लेकर कहा कि यह किसी भी रूप में सही नहीं है। दूसरी ओर, सिविल सर्जन डॉ अनिल ने स्तनपान की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला में मासूम आर्ट ग्रुप के तरफ से नशा ही नाश है व डायन विषयक पर नाटक का आयोजन भी किया गया। इसके बाद सभी ने हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विभिन्न जिला परिषद सदस्य, मुखिया व सेविकाएं आदि मौजूद थे।



# अलौकिक शक्तियों को दर्शाना ही जादू है: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्रावण एक पवित्र महीना है। इसमें नदी किनारे डिज्नीलैंड और जादूगर शंकर सम्राट का शो वर्षों से चले आ रहा है। पूरे प्रमंडल के अलग-अलग हिस्से से लोग आकर परिवार के साथ समय बीताते और आनंद लेते हैं। इसी कड़ी में जादूगर शंकर सम्राट के शो का उद्घाटन किया गया। विधायक आलोक चौरसिया, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, दुर्गा जौहरी, ट्विंकल गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि विभिन्न तकनीकों की सहायता से अलौकिक शक्तियों को प्रदर्शित करना ही जादू है। देखते ही देखते नजर के सामने अलग-अलग क्रियाकलाप में फेर बदल संभव होता है। निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रम से सामूहिक रूप से लोग खुद को बौद्धिक और मानसिक रूप से मजबूत करते है। इस लोकप्रिय कार्यक्रम का लोग बड़े बेसब्री से इंतजार करते हैं।



## आजाद सिपाही में लगातार छपी खबर का असर

# प्रबंधन ने आदिवासी गांव को तुरंत खाली करने का दिया नोटिस


अवैध खनन से दो दर्जन आदिवासी परिवार प्रभावित, डर के साये में जीने को मज

भाटडीह में भू-धंसान से पांच घरों में दरार, 50 मीटर तक फटी सड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बीसीसीएल प्रबंधन ने अंततः मुरलीडीह 13 नंबर को कभी भी जमिंदोज होने की सूचना देते हुए सभी आदिवासियों को घर खाली करने को कहा। इस बाबत दिवारों पर नोटिस भी तमिला कर दिया हैं। बतातें चलें कि प्रबंधन ने पिछले दिनों गांव के समीप हुए लगातार भू-घंसान की खबर आजाद सिपाही में प्रकाशित होने के बाद मामले को लेकर गंभीरता दिखाते हुए ग्रामिणों के कभी भी जमिंदोज होने की आशंका पर उन्हें अतिशीघ्र स्थान से हटने का सार्वजनिक सूचना दे दिया है। प्रबंधन ने बुधवार को ग्रामिणों को वाशरी समीप पुराने सीआईएसएफ कैंप के बगल में खाली पड़ी जमीन पर तत्काल अस्थायी आवास का निर्माण कर शिफ्ट करने का निर्देश दे दिया है। प्रबंधन द्वारा गांव में नोटिस चिपकाने के साथ ही ग्रमिणो में बैचैनी बढ़ गयी है। वहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि प्रबंधन द्वारा बिना कोई तात्कालिक पूनर्वास के वो अपने बाल-बच्चों के साथ खाली पड़ी पड़ती जमीन पर जीवन यापन कैसे करे? ऐसी परिस्थिति में वो कभी प्रबंधन, जिला प्रशासन तो कभी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सरीखे रहनुमा को निहार रहे है।

## स्पोर्ट्स

## श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत से वनडे सीरीज जीती

# श्रीलंका ने भारत को तीसरे वन डे में 110 रनों से हराया, बेल्लालागा ने लिए 5 विकेट

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका ने इतिहास पलटते हुए भारत को 27 साल बाद वनडे सीरीज हरा दी है। टीम ने कोलंबो में तीसरा वनडे 110 रन से जीता। बुधवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और सात विकेट खोकर 248 रन बना दिए। भारत 26.1 ओवर में 138 रन पर ही सिमट गया। श्रीलंका से अविष्का फर्नांडो ने 96, कुसल मेंडिस ने 59 और पाथुम निसांका ने 45 रन बनाए। भारत से डेब्यू कर रहे रियान पराग ने 3 विकेट लिए। बैटिंग में भारत से रोहित शर्मा ने 35, वॉशिंगटन सुंदर ने 30, विराट कोहली ने 20 और रियान पराग ने 15 रन बनाए। श्रीलंका से दुनिथ वेल्लालागे ने 5 विकेट लिए। जेफरी वांडरसे और महीश तीक्षणा को 2-2 विकेट मिले।



### श्रीलंका ने 2-0 से जीती सीरीज

श्रीलंका ने 1997 में भारत को आखिरी बार वनडे सीरीज हराई थी। तब 4 वनडे की सीरीज टीम ने 3-0 से जीती थी। इसके बाद दोनों ने 2 से ज्यादा मैचों की 11 वनडे सीरीज खेलीं, सभी में भारत को जीत मिली थी। श्रीलंका ने अब जाकर 3 वनडे की सीरीज 2-0 से जीती। पहला वनडे टाई रहा, बाकी दो मैचों में टीम को जीत मिली है।

## पथरा मध्य विद्यालय में नेत्र जांच शिविर आयोजित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत पथरा राजकीय कृत मध्य विद्यालय में राज्यव्यापी 'नेत्र जांच कार्यक्रम' के तहत पांच से 14 वर्ष तक के स्कूली बच्चों के आंखों की जांच की गयी। डॉ कोमल राम व डॉ दयानंद कुमार ने बच्चों के निकट दृष्टि दोष, दीर्घ दृष्टि दोष, आंख से पानी आना, आखों में खुजलाहट, लालिमा, सिरदर्द, नेत्र गोलक तिरछापन आदि की जांच की। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज पासवान व प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलनाथ वर्मा ने मेडिकल टीम को पूरा सहयोग किया।**

# महिला व दिव्यांग डिब्बे में अनधिकृत सफर करने वाले नौ लोग पकड़े गये

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रेलवे सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में जपला रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों व प्लेटफार्म पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे एक्ट का उल्लंघन कर महिला व दिव्यांग डिब्बे में सफर कर रहे 9 लोगों को पकडा गया। सभी को डाल्टनगंज रेल न्यायालय भेज दिया गया है। डेहरी ऑनसोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर पैसेंजर, बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर समेत कई अन्य ट्रेनों में टिकट जांच की गयी। आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि इस विशेष जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाना है। साथ ही यात्रियों के बीच जागरूकता पैदा करना है, ताकि वह वैध टिकट के साथ यात्रा करें। उक्त जांच अभियान में बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा, सीबीएस राजीव रंजन सिंह, सीएस प्रशांत कुमार, टीटीई आशीष कुमार, रविंद्र कुमार आरपीएफ के उप निरीक्षक जयप्रकाश प्रसाद, जेपी यादव और अरुण कुमार आदि शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# धनबाद में अपराध पर अंकुश लगाने को एसएसपी ने टाइगर मोबाइल को दी सख्त हिदायत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले में लूट, चोरी व छिनतई की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसएसपी एचपी जनार्दन के नेतृत्व में जिले में तैनात टाइगर मोबाईल के जवानों की बुधवार को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान वैसे टाइगर जवान जिनकी वर्दी के साथ नेम प्लेट नहीं लगा था उन्हें एसएसपी ने फटकार लगाई और निंदन की सजा सुनाई। इसके अलावा जिन लोगों ने अपने बेहतर कार्य किया उन्हें इनाम दिया। एसएसपी ने पत्रकारों से बातें करते हुए बताया कि शहर के वैसे स्थान पर जहां पर पेट्रोलिंग की बड़ी गाड़ियां नहीं जा सकती है वहां के लिए टाइगर मोबाइल की व्यवस्था की गई है। कुछ वाहनों में जीपीएस खराब है। उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। बाइक सवार जवानों की ओर से संकरी गलियों में लगातार पेट्रोलिंग की जाती है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की समस्या होने पर 112 पर डायल कर पुलिस की मदद लें। उन्होंने बताया कि टाइगर मोबाइलों को सख्त हिदायत दी गई है कि उनके क्षेत्र में अगर किसी तरह की कोई अपराध होता है तो उन पर कार्रवाई होगी। साथ ही एसएसपी ने टाईगर जवानों के साथ खुद बाइक पर सवार होकर शहर का भ्रमण किया ।

# बोकारो में करंट लगने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

## महिला को बचाने के चक्कर में एक के बाद एक चपेट में आये

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** माराफारी थाना क्षेत्र के कैंप वन में बुधवार को शौचालय में टुल्लू पंप से पानी निकालने के दौरान करंट लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। इनमें मां-बेटी और भांजा शामिल है। तीनों को बोकारो जनरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सुलेखा देवी (मां), 16 वर्षीय करिश्मा (बेटी) और 22 वर्षीय सौरभ कुमार (भांजा) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक करंट की चपेट में सबसे पहले सुलेखा देवी आई थी। मां को करंट लगा देख उसे बचाने आगे आई बेटी करिश्मा की संपर्क में आ गई। इसके बाद दोनों को बचाने गया भांजा भी करंट की चपेट में आ गया। स्थानीय युवक ने जब उनकी चीख सुनी तो वे घर के अंदर गये। तब देखा कि तीनों करंट की चपेट में आ गए हैं। उसने किसी तरह लाइन को काटा और सभी को छुड़ाया। सभी को बिजली के तार से अलग करने के बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। खबर पाते ही बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस घटना को दुखद बताया। कहा कि एक ही परिवार के तीन लोगों का निधन होना किसी बड़े से सदमे से कम नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन से मदद की अपील की है।



करंट की चपेट में आने से मारी गयी सुलेखा देवी और करिश्मा की फाइल फोटो।

# कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला, फटा कान का पर्दा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता व बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह पर मंगलवार की शाम विश्वविद्यालय से लौटने के क्रम में बाबूडीह खटाल के समीप तीन युवकों द्वारा उनका रास्ता रोकर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें उनकी कमर व सिर पर गंभीर चोट लगी है। वहीं, बाएं कान का पर्दा भी फट गया है। राहगीरों की मदद से उन्हें बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टर ने प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, पूरे मामले की लिखित शिकायत धनबाद थाने में की गयी है। कांग्रेस नेता प्रोफेसर डीके सिंह ने बताया कि वे तीनों हमलावरों को नहीं जानते हैं। उन्होंने तीनों हमलावरों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj) Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Due to some unavoidable circumstances and reasons, Tender invited vide **e-NIT No. 24/PR/JUSNL/2024-25** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
PR No. 326118 Transmission Zone-IV, Medininagar
PR 332164 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D


# झूठ की बुनियाद पर टिकी है झारखंड सरकार : अमर बाउरी

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर सरकार का मौन होना दुखद : बिरंची नारायण

**महिला विरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने तक जारी रहेगा भाजपा का आंदोलन : आरती**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के निर्देश पर भाजपा का सभी जिला मुख्यालयों के समक्ष प्रदर्शन शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में बुधवार को बोकारो डीसी कार्यालय के समक्ष जिला महिला मोर्चा की ओर से प्रदर्शन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह और कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश मंत्री रमा सिन्हा उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गिरजा देवी ने की। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा से पैदल चलते हुए झारखंड की गठबंधन सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि 2019 में जबसे झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी है पूरे राज्य की स्थिति बदहाल हो गयी है। प्रतिदिन अखबारों में लूट, हत्या, बलात्कार और महिला उत्पीड़न की घटनाएं प्रकाशित होती रहती है। महिला उत्पीड़न के मामले में प्रति वर्ष रिकॉर्ड स्थापित हो रहे हैं। आदिवासी, एससी-एसटी की महिलाओं पर अत्याचार के मामले में काफी बढ़ोतरी हुई है। राज्य में महिलाएं खुद को असहाय महसूस कर रही। कई थानों में आज भी अपराधियों को पकड़ने में पुलिस प्रशासन विफल रही है, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। कहा कि महिलाओं के उत्थान की बात करने वाली राज्य की गठबंधन सरकार ने महिलाओं के नाम से एक रुपए में होने वालाी रजिस्ट्री को बंद करवा दिया। सरकार झूठ की बुनियाद पर टिकी है। वहीं, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर सरकार मौन हैं यह दुर्भाग्य है। एक तरफ सरकार महिलाओ को लुभाने के लिए झूठी योजनाओं का पिटारा खोल रही, ताकि चुनाव में महिलाओ का वोट मिल सके। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साधी है। कहा कि झारखंड की कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। हर वर्ग राज्य सरकार की नीतियों से त्रस्त है। आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की महिलाए इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। वहीं, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि महिला विरोधी इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए यह आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। जब से यह सरकार बनी है राज्य में भ्रष्टाचार, बलात्कार, अपहरण, यौन शोषण और महिला उत्पीड़न के मामले चरम पर है। कहा कि भाजपा की महिला मोर्चा तब तक चुप नहीं बैठेगी जब तक झारखंड की आदिवासी, दलित और सामान्य वर्ग की सभी बहनों को न्याय नहीं मिल जाता है। कहा कि आदिवासी बहन-बेटियों को फुसला कर उनके साथ घुसपैठी लोग शादी कर रहे हैं। उनकी जमीन हड़प रहे और धर्म परिवर्तन करवा रहे। पर सरकार को यह सब नजर नहीं आ रहा है। इस मौके पर योगेश्वर महतो, जिला अध्यक्ष भाजपा बोकारो जयदेव राय, संजय त्यागी, अनिल स्वर्णकार, आरती राणा, श्यामलिका दुबे, प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह, महेंद्र राय, बबीता देवी, प्रीति गुप्ता, सरिता बरनवाल, परिंदा सिंह, सरोजिनी दूबे, अनीता देवी, पुष्पा मंडल, सुधा सिंह, ममता गोस्वामी, नीलम कुमारी, बिलम स्वर्णकार आदि उपस्थित रहे।

# बोकारो स्टील में सामूहिक दुर्घटना बीमा का नवीकरण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील सामूहीक दुर्घटना बीमा वर्ष 2024-25 के बीमा व्याप्ति के लिए निविदा प्रक्रिया अपनाई गयी थी जिसमें मेसर्स रिलायंस जेनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का दर सबसे कम होने से बीमा पॉलिसी के लिए करार किया गया। प्रत्येक कर्मचारी के लिए वार्षिक बीमा प्रीमियम रुपए 2390 रुपया है। इस संबंध में दिनांक 27 जुलाई को ही समिति द्वारा सर्कुलर जारी कर दिया गया है। बीमा अवधि के बीच कंपनी में नियुक्त नये कर्मचारीयों एवं अन्य इस्पात संयंत्र से स्थानान्तरित कर्मचारियों से यथानुपात बीमा राशि की कटौती के बाद वे सामूहिक दुर्घटना बीमा की सदस्यता के पात्र होंगे। बोकारो इस्पात संयंत्र सहित बीएसएल के अधीन माइंस एवं कोलयरीज में कार्यरत (ऑन रोल) कर्मचारी एवं अधिकारी इस योजना का लाभ ले सकते है। जिन कर्मचारियों द्वारा गत वर्षों में इस योजना से ऑप्ट आउट का आवेदन दिया गया था, वह आवेदन इस वर्ष के योजना के लिये मान्य नहीं होगा। यदि कोई कर्मचारी/ सदस्य इस योजना का लाभ नहीं लेना चाहते है, तो 10 अगस्त तक आवेदन समिति द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार दे सकते है।


**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची (अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**
संख्या –09 / 2024–2025

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 16.08.2024 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 17.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 17.08.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | प्रखण्ड / शहरी क्षेत्र | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Ratu | Ratu | एतवार बाजार में भीम गुप्ता के घर से समपत सिंह के घर तक 1200 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 44,97,400.00 | 90,000.00 | 5000.00 | तीन माह |

नोट : 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिषद, रॉंची** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 332121 Panchayati Raj (24-25)_D


# हेमंत सरकार की विकास योजनाएं देख चुनाव के लिए बेचैन हुई भाजपा: संतोष सिंह

आजा दसिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 'एक मुलाकात अपनो के साथ' कार्यक्रम के तहत धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह बुधवार को गोपीनाथडीह पंचायत पहुंचें। जहां मुखिया संघ के अध्यक्ष बिजेंद्र पासवान के नेतृत्व में उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। इसके बाद पंचायत भवन में संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें महीलाओं और ग्रामीणों को झारखंड सरकार की अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना सहित अन्य लाभदायक योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा रहे हैं। पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही संगठन को मजबूत बनाते है। धनबाद में होने वाली विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत नींव तैयार करने का लक्ष्य दिया गया। हमें चुनाव के लिए तैयार रहना है। भाजपा घबराहट में है। समय से पहले चुनाव करवाने के लिए चुनाव आयोग पर दवाब बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारा लक्ष्य 'ऐसा कोई गांव नहीं जहां कांग्रेस के पांव नहीं' है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-झामुमो गठबंधन जिले की सभी सीटों से चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। धनबाद जिले में महागठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी। कहा वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार व झारखंड आंदोलन के सेनानियों से भी मुलाकात करेंगें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को दिलाने का आह्वान किया। आरोप लगाया कि भाजपा झारखंड सरकार की इस योजना से घबरा गयी है। हेमंत सोरेन के जेल से रिहा होने और फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपाई विधानसभा चुनाव के लिए बेचैन है। इस लिए चुनाव आयोग पर तारीखों की घोषणा करने का दबाव भी बना रही है। मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव सिन्हा, धनबाद जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष क्यूम खान, मुखिया बिजेंद्र पासवान, प्रीतम रवानी आदि थे।


**कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

जिला कार्यक्रम प्रबंधक की संविदा आधारित विज्ञापन संख्या – 01/DPM/AYUSH/LOH साक्षात्कार हेतु सूची:–

साक्षात्कार दिनांक : 17.08.2024, पूर्वाहन् 11 बजे स्थान समाहरणालय कैम्पस के उपायुक्त के सभाकार कक्ष में:–

| Sl.No. | Name | Address |
|---|---|---|
| 1. | Md. Shahid Akhtar | Jannat nagar Khunti Pin 835210 |
| 2. | Utpal Kumar | B.H.N.D/7Bandhu Nagar Birsa Chowk,Ranchi Jhardhand Pin 834002 |
| 3. | Mozaffar Alam | Islam Nagar Post/Thana Lohardaga Pin 835302 |
| 4. | Md.Aslam Ali | Raj Kmpaundar Gous Nagar ManiTola Doranda Ranchi Pin 834002 |
| 5. | Abhishek Kumar | Sadar Hospital Conples Jaspur Road Gumla Pin 835207 |
| 6. | Rahul Kumar | Shivpuri Colony Chas Bokaro Jharkhand Pin 827013 |
| 7. | Jyoti Kant | Krishna Vihar, Kathal More Post Gutawa P.S Nagri Distic Ranchi Jharkhand Pin 835303 |
| 8. | Dr. Sujeet Kumar Chauhan | Ch State Malaria Office RCH Campas NHM Namkum Ranchi |
| 9. | Dr. Sonima Agrwal7 | Qtr- 2c/75 Cmpdil colony kanke Road Ranchi |

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 332063 Lohardaga (24-25)_D


# बड़े हादसे को आमंत्रित करता जिला उद्योग केंद्र का जर्जर भवन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला उद्योग केंद्र कार्यालय का भवन काफी जर्जर हालत में हैं। जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। बरसात के मौसम में भवन की छत से पानी टपकता है। यहां के कर्मी डर के साये में काम करने को मजबूर हैं। कई बार जर्जर भवन का मलबा भी टूट कर नीचे गिर जाता है। वहीं, बरसात में छत से पानी टपकने के कारण सरकारी रिकॉर्ड भी खराब होने का डर बना रहता है। इस संबंध में जिला उद्योग केंद्र के प्रधान लिपिक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण छत से पानी टपकता है। सरकारी दस्तावेजों को बचाने के लिए उसे प्लास्टिक से ढंक कर रखते हैं। बरसात में काम करने में काफी कठिनाई हो रही है। कहा कि कभी भी काम के दौरान बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, कार्यालय पहुंचे वकील जुबेर आलम ने सरकार से इस बिल्डिंग को भी एक नया रूप देने की मांग से की है।

## डीसी ने किया टुंडी के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

# कोयले पर खाना पकाता देख कर हुई नाराज, एक सप्ताह में गैस सिलिंडर लगाने का दिया निर्देश

**किचन में साफ-सफाई रखने व छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्र ने बुधवार को टुंडी प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं ने डीसी का स्वागत किया और खुद से बनाए पुष्पगुच्छ एवं पेंटिंग भेंट की। इस दौरान उन्होंने वार्डन से आवासीय विद्यालय में रह रही छात्राओं की जानकारी ली। डीसी ने विद्यालय के किचन व होस्टल के अन्य कमरों का भी निरीक्षण किया और वार्डन को किचन की साफ-सफाई रखने व बच्चियों को मेन्यू के अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण खाना परोसने का निर्देश दिया। इसके बाद अकाउंटेंट को विद्यालय में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित कराने की बात कही। शौचालय की नियमित साफ-सफाई कराने पर भी बल दिया। इस दौरान डीसी ने शिक्षिकाओं से शिक्षा व अन्य सुविधाओं से संबंधित सवाल किया। डीसी ने छात्राओं से भी बात की और उनके पठन-पाठन और विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के संदर्भ में जानकारियां ली। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, सीसीटीवी आदि बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया। कहा कि किसी भी परिस्थिति में बाहरी लोगों का कैंपस परिसर में आना-जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार से पुरुष हॉस्टल में प्रवेश नहीं करेंगे। सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रखना हमारी जिम्मेदारी है और इसका पालन सुनिश्चित करना प्राथमिकता। वहीं किचन में कोयला पर खाना पकता देख डीसी ने नाराजगी जाहिर करते हुए एक हफ्ते के अंदर गैस सिलेंडर लगवाने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया, टुंडी सीओ जितेंद्र प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।**

**वेदव्यास आवास निर्माण, 2024–25 हेतु आवदेन–पत्र आमंत्रण सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 22 दिनांक 26.07.2024 से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में जिले में वित्तीय वर्ष 2024–25 में वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत लघु शीर्ष 101 में 15 एवं लघु शीर्ष 789 में 03 कुल 18 आवास निर्माण का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वेदव्यास आवास निर्माण हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत आवदेकों का चयन हेतु अर्हत्ताएँ निम्न प्रकार है।

1. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक / मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन / मत्स्य बीज उत्पादन / प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ / मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. घर हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वालों को भी कंडिका 1 एवं 2 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है।
4. प्रति आवास देय राशि मो0 191200 / रू0 मात्र है।
5. एक परिवार से एक ही लाभुक को आवास देय होगा।
6. भू स्वामित्व प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. पूर्व से किसी अन्य सरकारी योजना से आवास का लाभ न मिला हो। (प्रखण्ड विकास पदा0 के स्तर से सत्यापन कराना अनिवार्य है।)
8. बैंक खाता तथा आधार कार्ड / वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
9. दिव्यांग आवेदकों के लिए दिव्यांगता संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

नोट :– 1. आवेदक के पूर्व के घर का जिस पर वेदव्यास आवास निर्माण होना है का GPS फोटो (लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से भरना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थानों पर संबंधित पदाधिकारी का अनुशंसा आवश्यक है।
3. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा अथवा सिंगल विंडो सिस्टम में आधार कार्ड अथवा कोई अन्य पहचान पत्र दिखाकर प्राप्त किया जा सकता है।
4. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात एवं अधूरा आवेदन भी स्वीकार नहीं होगा।

**कार्यालय से आवेदन प्राप्ति एवं जमा की अंतिम तिथि :– 20.08.2024**

जिला मत्स्य पदाधिकारी
कोडरमा।

PR 332091 (Fish) 24-25 (D)

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## मथुरा में मुख्तार का शूटर एनकाउंटर में ढेर

मथुरा (आजाद सिपाही)। मथुरा में एसटीएफ ने पुलिसकर्मी की हत्या के आरोपी बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। बदमाश का नाम पंकज यादव था। वह मुख्तार और शाहबुद्दीन गैंग का शॉर्प शूटर था। पंकज पर एक लाख का इनाम था। काफी वक्त से फरार था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया कि एनकाउंटर बुधवार सुबह 4 बजे मथुरा-आगरा हाइवे पर फरहा थाना क्षेत्र में हुआ। मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंकज अपने एक साथी के साथ बाइक से आगरा की तरफ जा रहा है। एसटीएफ ने घेराबंदी की तो वह गांव की तरफ भागने लगा और फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें पकंज को तीन गोलियां लगीं। एक गोली उसके पैर में, दूसरी कमर पर और तीसरी गोली सिर पर लगी है। वहीं, उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# अशांत बांग्लादेश, घुसपैठियों पर केंद्र और राज्य की नजर





- जलमार्ग से घुसपैठ का खतरा ज्यादा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर**। बांग्लादेश में संरक्षण को लेकर आग सुलग रही है और ऐसे समय में जलमार्ग से घुसपैठ का खतरा भी बढ़ गया है। केंद्रापड़ा में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। विभिन्न घाटों और तटों पर मछली पकड़ने जाने वाले मछुआरों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। समुद्र में मछली पकड़ने कौन गया, नाव में कितने लोग जा रहे हैं। कितने लोग आ रहे हैं, उनकी गिनती की जा रही है।

राज्य के सभी सामुद्रिक थाना भी अलर्ट पर हैं। कोणार्क के पास चंद्रभागा सामुद्रिक थाना क्षेत्र के केलूणी मुहान से वेलेश्वर तक 30 किमी के क्षेत्र में पेट्रोलिंग तेज कर दी गयी है। लेकिन चंद्रभागा समुद्री थाना पर न तो आवश्यक नावें हैं और न ही पुलिसकर्मी हैं। समुद्र के रास्ते घुसपैठ का खतरा होने पर इस पर ध्यान देना जरूरी है। उधर, रामचंडी थाना पुलिस भी अलर्ट पर है।

बांग्लादेश की अशांत स्थिति को लेकर केंद्र और ओडिशा सरकार दोनों चिंतित हैं। हालांकि भारत के बांग्लादेश के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन ओडिशा में बांग्लादेशी घुसपैठियों का आना कोई नयी बात नहीं है। हालांकि, हजारों बांग्लादेशियों के समुद्री मार्ग से ओडिशा में प्रवेश करने की संभावना है, क्योंकि वहां स्थिति ठीक नहीं है। इसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि राज्य और केंद्र सरकारें जलमार्ग और जमीन दोनों मार्गों से सावधानी बरत रही हैं। राज्य के आवास और शहरी विकास मंत्री कृष्णचंद्र महापात्र ने कहा, 'सभी प्रवेश मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।'

## 16 अगस्त को गठबंधन की आधिकारिक घोषणा होगी, कॉमन मेनिफेस्टो बन रहा

- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एमवीए की बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई**। मुंबई में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की बैठक के बाद महाराष्ट्र के एलओपी और कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया कि बैठक में तीनों पार्टियों यानी कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) के नेता मौजूद थे। बैठक में कॉमन मैनिफेस्टो, फॉर्मूले और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 16 अगस्त को षणमुखानंद हॉल, मुंबई में एक रैली या बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। उसी दिन महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन का आधिकारिक घोषणा होगी। बता दें, राज्य में अक्टूबर महीने में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

विजय ने यह भी बताया कि पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण की अगुवाई में कॉमन मैनिफेस्टो पर काम चल रहा है। हम इस महीने के अंत तक एक-दो बैठकें और करेंगे। इससे पहले 4 अगस्त को विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मुंबई कांग्रेस और महाराष्ट्र कांग्रेस की मीटिंग हुई थी।

मुंबई में एमवीए की बैठक के बाद कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने मीटिंग में हुए निर्णयों की जानकारी दी। उधर, दिल्ली में उद्धव ठाकरे ने एनसीपी (शरद गुट) के मुखिया शरद पवार से मुलाकात की।

## एमसीएल दिव्यांग लोगों के जीवन को सशक्त बनाने के लिए करेगा सहयोग

- एमसीएल ने 'सक्षम' के लिए 7.5 करोड़ रुपये देने का वादा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर/संबलपुर**। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय में सचिव अमृत लाल मीना ने बुधवार को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की आवधिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, एमसीएल के सीएमडी उदय अनंत काओले और कंपनी के अन्य कार्यात्मक निदेशकों के साथ उपस्थित थे।

श्री काओले ने एमसीएल के प्रदर्शन पर व्यापक अपडेट प्रदान किया और भविष्य की परिचालन चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की। श्री मीना ने उनकी उपलब्धियों के लिए टीम एमसीएल की सराहना की और उन्हें अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सतत विकास के लिए लक्ष्य हासिल करने और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक और विभिन्न विभागों के प्रमुख वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

श्री मीना की गरिमामय उपस्थिति में, एमसीएल ने ओडिशा सरकार के सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग के साथ 'सक्षम' परियोजना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किये। इस सीएसआर पहल के तहत, एमसीएल ओडिशा के जरूरतमंद दिव्यांग लोगों को 500 ई-रिक्शा प्रदान करने, उनके जीवन को सशक्त बनाने और उन्हें समुदाय के भीतर सम्मान के साथ अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाने के लिए 7.5 करोड़ रुपये का वित्त पोषण करने जा रहा है।

यह परियोजना समावेशी समाज का समर्थन करने के लिए गतिशीलता और आजीविका बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति एमसीएल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

## पुरी में उच्च गुणवत्ता वाले रोगी-केंद्रित एकीकृत मॉडल विकसित किया जायेगा

- एम्स भुवनेश्वर, आईसीएमआर, और राज्य सरकार ओडिशा में परियोजना को लागू करना
- आईसीएमआर भारत के पांच जिलों में राष्ट्रीय प्राथमिकता परियोजना लागू करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर**। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने उन्नत आपातकालीन देखभाल प्रणाली विकसित करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान प्राथमिकता परियोजना शुरू की है। यह परियोजना, जिसमें ओडिशा का पुरी जिला शामिल है, पांच जिलों में आपातकालीन देखभाल प्रणालियों के लिए एक उच्च गुणवत्ता वाले रोगी-केंद्रित एकीकृत मॉडल स्थापित करना चाहता है: पुरी (ओडिशा), लुधियाना (पंजाब), विदिशा (मध्य प्रदेश), वडोदरा (गुजरात), और पांडिचेरी, एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास ने कहा।

यह पहल लॉजिस्टिक्स में सुधार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता दक्षताओं को बढ़ावा देने, सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों को एकीकृत करने और मैपिंग सुविधाओं द्वारा आपातकालीन देखभाल को बढ़ाएगी। परियोजना के प्रमुख घटकों में एंबुलेंस सेवाओं में सुधार, सामुदायिक मांग में वृद्धि और प्रथम-स्तरीय उत्तरदाताओं को प्रशिक्षण देना शामिल है। डॉ. बिस्वास ने कहा कि परियोजना सात महत्वपूर्ण आपात स्थितियों को संबोधित करेगी: दिल का दौरा, मस्तिष्क स्ट्रोक, आघात, सांप का काटना, जहर, श्वसन आपात स्थिति, और नवजात और मातृ आपात स्थिति।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास ने एम्स भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परामर्श सह समीक्षा बैठक के दौरान पहल की सहयोगात्मक प्रकृति पर जोर दिया। 'सहयोगात्मक कार्रवाई: भारत में आपातकालीन देखभाल को मजबूत करने की रणनीतियां' विषय पर आयोजित बैठक में प्रमुख हितधारकों ने आपातकालीन देखभाल बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की। राज्य सरकार के सहयोग से इस मॉडल को विकसित करने और लागू करने के लिए एम्स भुवनेश्वर के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक शोध दल का गठन किया गया है। प्रमुख उपस्थित लोगों में डॉ. मीनाक्षी शर्मा (आईसीएमआर, नयी दिल्ली), डॉ. विश्वजीत कुमार (सीईएल, लखनऊ), डॉ. जयराज डी पांडियन (सीएमसी लुधियाना), डॉ. सितांशु शेखर कर (जेआईपीएमईआर, पुडुचेरी), डॉ. प्रशांत आर शामिल थे। महापात्रा, डॉ. सोनू हंगमा सुब्बा, डॉ. भागीरथी द्विबेदी, डॉ. बिनोद कुमार पात्रो, एम्स भुवनेश्वर से डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. मनु अय्यन (खक्ढटएफ़ पुडुचेरी), डॉ. हेमंत कुमार पटाडिया (पारुल विवि), और प्राचार्य और पांच परियोजना स्थलों से सह-प्रधान जांचकर्ता। ओडिशा सरकार के गणमान्य व्यक्तियों में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. बिजय कुमार महापात्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डॉ. नीलकंठ मिश्रा, डीएमईटी डॉ. संतोष कुमार मिश्रा और एसजेएमसीएच के अधीक्षक डॉ. कौशिक मिश्रा शामिल थे। अन्य राज्यों से प्रदेश पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े। इंडिया ईएमएस और क्षेत्रीय संस्थान, एम्स भुवनेश्वर के प्रोजेक्ट टीम के सदस्यों ने भी भाग लिया।

## पूर्व तट रेलवे सभी भवनों और समपार फाटकों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगा

- 149 स्टेशन भवनों में सौर ऊर्जा स्थापित करने की योजना
- 248 सेवा भवनों और 6924 आवासीय भवनों में भी सौर ऊर्जा स्थापित की जायेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर**। पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर), भारतीय रेलवे की नीति के अनुरूप, अपने अधिकार क्षेत्र में स्टेशन और सेवा भवनों और अन्य प्रतिष्ठानों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करके अधिक हरित ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है।

पूर्व तट रेलवे ने 21826 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित करने की योजना बनायी है जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा बिल से लगभग 14 करोड़ रुपये और कार्बन क्रेडिट से 91.41 लाख रुपये की बचत होगी।

इस परियोजना के तहत, पूर्व तट रेलवे अपने अधिकार क्षेत्र में 149 स्टेशन भवनों, 248 सेवा भवनों, 6924 आवासीय भवनों और 366 लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेटों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगा।

उपरोक्त परियोजना के संबंध में, पूर्व तट रेलवे ने विभिन्न क्षमताओं के छत के विशिष्ट ग्रिड संयंत्रों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों/नवीकरणीय सौर ऊर्जा स्रोतों की स्थापना के लिए 83.79 करोड़ रुपये का टैंडर विज्ञप्ति जारी किया है। ये स्थान नीचे दिये गये हैं।

• ब्रह्मपुर-पलासा रेल खंड पर सौर ऊर्जा की स्थापना के लिए लगभग 09.13 करोड़ रुपये का व्यय। • भुवनेश्वर-कटक-पारादीप-भद्रक रेलवे खंड के लिए 8.86 करोड़ रुपये। • अंगुल रेल खंड के लिए 9.48 करोड़ रुपये • भुवनेश्वर मुख्यालय सहित निकटवर्ती रेलवे क्षेत्र के लिए 9.10 करोड़ रुपये। • खुर्दा रोड-पुरी रेल खंड के लिए 8.74 करोड़ रुपये। • पारादीप-केंदुझारगढ़ रेलवे खंड के लिए 8.10 करोड़ रुपये। • विशाखापत्तनम क्षेत्र के लिए 7.25 करोड़ रुपये। विशाखापत्तनम इलेक्ट्रिक लोको शेड क्षेत्र के लिए 7.10 करोड़ रुपये। • दुवाडा-पलासा मुख्य लाइन/ नौपड़ा-गुगुपुर/ विजयनगरम-रायगड़ा क्षेत्र के लिए 8.78 करोड़ रुपये।• कोटावलसा-किरंदुल रेलवे लाइन के लिए 7.53 करोड रुपये।

रेलवे मुख्यालय भवन, रेलवे सदन जैसे अन्य सेवा भवनों में भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं। चंद्रशेखरपुर में रेलवे सदन की छत पर स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र/नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन क्षमता लगभग 6790 किलोवाट प्रति वर्ष है। इसी प्रकार, पूर्वी तट रेलवे सीमा के अधिकांश समपार फाटकों पर भी सौर/नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालिया स्थापित की गयी हैं।

पूर्व तट रेलवे अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे स्टेशनों और अन्य सेवा भवनों की रोजमर्रा की बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। पर्यावरण के अनुकूल होने के अलावा, इससे रेलवे के कीमती खर्च में भी बचत होती है।

## अवैध घुसपैठ पर आधारित है 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल'

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई**। लगभग एक दर्जन घुसपैठिए रोहंगिया मुस्लमान धड़धड़ाते हुए एक छोटे से कस्बे के निवासी ब्राह्मण अमीरचंद के मकान में घुस जाते हैं। रात स्याह हो चुकी थी। घुसपैठिये अमीरचंद की बड़ी बेटी को पकड़ लेते हैं, और बुरी तरह नोचने खसोटने के साथ ही शुरू होता है बलात्कार का नंगा नाच।

बेटी को एक दर्जन लोगों के चंगुल में फंसा देख मां चीखती है और चिल्लाती है। जघन्य और क्रूरता से किए जा रहे बलात्कार के दौरान बेटी की चीखें और मां का विलाप देख आंखे नम हो जाती हैं। बलात्कार से लहू लुहान हुई बेटी पूर्णिमा कुछ ही देर बाद तड़प तड़प के दम तोड़ देती है। यह क्लाइमेक्स सीन है 30 अगस्त को रिलीज हो सिनेमा घरों में आ रही हिंदी फिल्म 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' का। फिल्म के प्रमोशन के लिए मुंबई शहर के अंधेरी स्थित कंट्री क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म के राइटर और डायरेक्टर सनोज मिश्रा, प्रोड्यूसर जितेंद्र नारायण सिंह उर्फ वसीम रिजवी सहित सभी कलाकारों से बातचीत हुई।











| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक** : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक** : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**